सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 23 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 53, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्कों में की गई बढ़ोतरी के कारण शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। } 14

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से विश्व के नेता प्रभावित हुए: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह शिखर सम्मेलन एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। } 16

## पाक की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 19 की मौत

### भड़के अफगानी, माकूल जवाब देने की दी चेतावनी




एजेंसी

काबुल। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि इन हमलों का सही समय पर माकूल जवाब दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि हमारी सीमाएं और लोगों की सुरक्षा हमारा पवित्र राष्ट्रीय कर्तव्य है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमाई तनाव एक बार फिर गहरा गया है।पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमला किया, जिसमें 19 लोग मारे गए हैं।इसके जवाब में काबुल ने कड़ी चेतावनी दी है।अफगान सरकार ने कहा कि इस हमले का सही समय पर माकूल जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया कि इस बात के पक्के सबूत हैं कि इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद, बाजौर और बन्नू में हुए आतंकी हमले अफगानिस्तान में बैठे आतंकियों के कहने पर किए गए थे। मंत्रालय ने कहा कि इन हमलों की जिम्मेदारी अफगानिस्तान स्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) ने ली है। बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने अफगान तालिबान सरकार से कई बार अपील की थी। उसने कहा था कि अफगान जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए न होने दिया जाए।लेकिन, तालिबान सरकार ने आतंकियों के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर पॉक्सो के तहत एफआईआर दर्ज

### लटकी गिरफ्तारी की तलवार, मुकुंदानंद समेत दो-तीन अज्ञात लोगों पर भी केस



एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग समेत दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी शनिवार देर रात दर्ज की गयी। इससे पहले प्रयागराज की पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे।जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने स्वामी विमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिकारियों के अनुसार, बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद के अलावा दो-तीन अज्ञात लोगों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, वादी आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने दावा किया कि हाल में प्रयागराज में संपन्न माघ मेले में उनके ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान एक नाबालिग लड़के समेत दो लोग आए और उन्होंने माघ मेले समेत धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान तथा एक गुरुकुल में उनके यौन शोषण के आरोप लगाए। इसमें आरोप लगाया गया है कि ये कृत्य गुरु सेवा की आड़ में और धार्मिक प्रभाव का दुरुपयोग करके किए गए थे।शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि उन्होंने पहले झूंसी पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित अभ्यावेदन सौंपे थे, लेकिन कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, जिसके कारण उन्हें अदालत का रुख करना पड़ा।अदालत के निर्देश के बाद झूंसी पुलिस थाने ने शनिवार देर रात प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस की ओर से तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद प्रयागराज के माघ मेला 2026 में मेला प्रशासन से टकराव को लेकर सुर्खियों में बने रहे।उन्होंने मेला प्रशासन पर मौनी अमावस्या का स्नान नहीं करने देने का आरोप लगाया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अदालत द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश के बाद शनिवार को वाराणसी में कहा था कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है और वह न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पत्रकारों से कहा था कि यह सही और उचित है। क्योंकि मामला दर्ज होने पर ही आगे की जांच पूरी हो सकती है।तभी हमारे खिलाफ दर्ज झूठे मामले की सच्चाई सामने आएगी और इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी। हम अदालत से निवेदन करते हैं कि इस प्रक्रिया में देरी न करें और तेजी से कार्रवाई करें, क्योंकि बहुत से लोग इसे देख रहे हैं।

# यूपी अब देश का सबसे बड़ा उत्पादन हब : मोदी

### पीएम मोदी ने मेरठ को दी 12,930 करोड़ की सौगात, कहा- कांग्रेस ने एआई समिट को गंदी राजनीति का अखाड़ा बनाया

विशेष संवाददाता



लखनऊ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मेरठ में 12,930 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कहा कि भाजपा की कार्य-संस्कृति यह सुनिश्चित करती है कि परियोजनाओं की नींव रखे जाने के बाद वे समय पर पूरी हो जाएं।

मोदी ने मेरठ में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम भाजपा की डबलइंजन सरकार की कार्य-संस्कृति को भी दर्शाता है।हमारी कार्य-संस्कृति है कि जिस कार्य का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए।प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत बाबा औघड़नाथ को स्मरण करते हुए की।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश में सबसे बड़ा उत्पादन हब बन रहा है। वहीं एआई समिट में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की आलोचना करते हुएउन्होंने कहा कि कांग्रेसने एआई समिट को गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। उन्होंने कहा कि इस पावन धरती पर, मेरठ की क्रांति धरा पर, आज विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के लिए नयी क्रांति को ऊर्जा मिल रही है। आज पहली बार एक ही मंच से नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का एक ही दिन शुभारंभ हो रहा है। विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी होगी, यह उसकी शानदार झांकी है। शहर के लिए मेट्रो और क्लीन सिटी के विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन, मुझे संतोष है कि यह काम उत्तर प्रदेश में हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती-झटकती नहीं हैं, नमो भारत या मेट्रो सेवा का शिलान्यास का अवसर आप सबने मुझे दिया था और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नये और आधुनिक भारत के शिल्पी हैं पीएम मोदी : सीएम

जिलासंवाददाता

मेरठ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए व आधुनिक भारत का शिल्पी व निर्माता बताते हुए कहा कि उनके विकसित भारत विजन की वैश्विक नेता भी सराहना कर रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ ने मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अत्याधुनिक अवसरंचना के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ गरीब-वंचित, अन्नदाता किसान, महिला व युवा समेत समाज के हर तबके को मिलना सुनिश्चित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मेरठ में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इन सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश के विकास कार्यों की जितनी समीक्षा प्रधानमंत्री करते हैं, उतनी तो कोई मंत्री अपने विभागीय कार्यों की भी नहीं करता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा होली से ठीक पहले नमो भारत ट्रेन के साथ मेरठ मेट्रो का भी उपहार दिया जा रहा है। यह उपहार विकसित भारत की उस नींव को सुदृढ़ करने का नया माध्यम है, जिसमें अत्याधुनिक अवसंरचना के माध्यम से भारत की ताकत दिखती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले मेरठ से दिल्ली की दूरी एक चुनौती होती थी। इसे तय करने में चार से पांच घंटे तक मशक्कत करनी पड़ती थी।उन्होंने कहा कि दिल्ली दूर है, यह मानते हुए लोग थक-हार कर बैठ जाते थे और सोचते थे कि जाम में फंसना पड़ेगा। आज 12 लेन के एक्सप्रेसवे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योगी सिंगापुर रवाना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार से मंगलवार(24 फरवरी)तक सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर हैं।इस यात्रा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के बीच आर्थिक सहयोग, संस्थागत साझेदारी तथा विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्र विशेष सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करना है।यह दौरा भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी रोडमैप के अनुरूप है, जिसमें आर्थिक सहयोग, डिजिटलाइजेशन, कौशल विकास, सतत विकास, कनेक्टिविटी और उन्नत विनिर्माण को प्रमुख प्राथमिकताओं के रूप में चिन्हित किया गया है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के साथ-साथ तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में भी अग्रणी है। वर्ष 2024-25 में राज्य की सकल राज्य घरेलू उत्पाद 30.25 लाख करोड़ रुपये रही है, जो 2025-26 में लगभग 36 लाख करोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### शीर्ष नक्सली देवजी ने किया 'आत्मसमर्पण'

सुकमा। नक्सली संगठन के महासचिव टिप्पिरी तिरुपति, जिसे देवजी के नाम से भी जाना जाता है, ने तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, देवजी ने अपने साथी सीसीएम संग्राम के साथ हथियार डालकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। यह घटना माओवादी संगठन के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। नक्सली संगठन के महासचिव टिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण की खबर है। बताया जा रहा है कि देवजी ने अपने साथी सीसीएम संग्राम के साथ पुलिस के सामने हथियार डाले दिए हैं। सूत्रों से यह जानकारी मिली है।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटे की मौत

हाथरस।हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार मां-बेटे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आगरा के प्रकाश नगर रामबाग निवासी सोनू (30) लकवा से पीड़ित अपनी मां मुन्नी बेगम (55) को दवा दिलाने के लिए सासनी के गांव विधैपुर जा रहा था, तभी हतीसा पुल के निकट किसी वाहन ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक टक्कर लगने से मां-बेटा सड़क पर गिर पड़े। खून से लथपथ घायल मां-बेटे को एम्बुलेंस से जिला बागला अस्पाल ले जाया गया।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:14 | 5:02 | 6:04 | 5:12 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.

न्यूनतम : 14.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आय सीमा बढ़कर हुई ढाई लाख (पृष्ठ-02)
- कृषि विवि और विभागीय कार्यों के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति (पृष्ठ-02)
- रूस से कच्चे तेल का आयात घटा सऊदी से आपूर्ति बढ़ी (पृष्ठ-14)
- इजराइल को पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद (पृष्ठ-14)
- भूकंप जोखिम वाले स्थानों से दूर बनाया डेटा सेंटर (पृष्ठ-14)


## संस्कृत आज भी शोध, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्रों में प्रासंगिक : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्य सेवक सदन में आयोजित संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में भारतीय ज्ञान परंपरा और भाषाई विरासत को सशक्त बनाने का संदेश गूंजा। राज्यभर से आए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सीएम धामी ने संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और समकालीन उपयोग को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान का मूल आधार संस्कृत है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन की धारा चाहे वह वेद और उपनिषद हों, रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य हों या आयुर्वेद, गणित, खगोल और दर्शन के शास्त्र इन सभी का मूल स्त्रोत संस्कृत भाषा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत को केवल अतीत की स्मृति मानना इसकी शक्ति को सीमित करना होगा।

यह भाषा आज भी शोध, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि इसकी तार्किक संरचना और व्यवस्थित व्याकरण के कारण विश्व के अनेक विश्वविद्यालय संस्कृत पर गहन अध्ययन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय भाषाओं और संस्कृति को नई दिशा मिलने की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने मातृभाषाओं और संस्कृत को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा है। डिजिटल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप के नये टैरिफ विवाद के बीच अहम बैठक टली

### अंतरिम व्यापार करार पर भारत- अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की बैठक की तारीख नये सिरे से तय होगी

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए वाशिंगटन में अपने मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को नए सिरे से तय करने का फैसला किया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

भारतीय दल 23 फरवरी से तीन दिन की बैठक शुरू करने वाला था। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं।एक सूत्र ने कहा, भारत-अमेरिका व्यापार करार के लिए भारतीय वार्ताकारों की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में दोनों पक्षों का मानना है कि अब यह बैठक तब होनी चाहिए जबकि दोनों पक्ष ताजा घटनाक्रमों और उसके प्रभाव का आकलन कर लें। इसके लिए दोनों पक्षों को समय चाहिए। अब इस बैठक की तारीख दोनों पक्षों की सुविधा के हिसाब से नए सिरे से तय की जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पहले के बड़े शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण हो जाता है।ट्रंप ने शुक्रवार को भारत समेत सभी देशों पर 24 फरवरी से 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था। हालांकि, शनिवार को उन्होंने शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की घोषणा की। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनके आर्थिक एजेंडा को एक बड़ा झटका देते हुए अमेरिकी शीर्ष अदालत ने उनके द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए शुल्कों को गैरकानूनी करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक अधिकार कानून (आईईईपीए) का इस्तेमाल करके अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया है।अमेरिका ने अगस्त, 2025 में भारत पर 25 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था। बाद में, रूस से कच्चा तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया। इससे भारत पर कुल शुल्क दर 50 प्रतिशत हो गई थी। भारत और अमेरिका इस महीने की शुरुआत में एक अंतरिम व्यापार करार को अंतिम रूप देने के लिए रूपरेखा पर सहमत हुए। इसके तहत अमेरिका शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। साथ ही रूस से तेल खरीद के लिए लगाए गए 25 प्रतिशत के अतिरिक्त शुल्क को भी हटाएगा। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ट्रंप ने फिर से इन शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का ऐलान किया है। अगर यह शुल्क अधिसूचित होता है, तो यह अमेरिका में मौजूदा एमएफएन या आयात शुल्क के अलावा होगा।

विशेष खबर

### बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा: आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से जुड़े तार

# दिल्ली पुलिस ने पकड़े आठ संदिग्ध आतंकी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की पुलिस की स्पेशल सेल ने आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन संदिग्धों पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के समर्थन से एक बड़े आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। छह संदिग्धों को तमिलनाडु और दो को पश्चिम बंगाल से पकड़ा गया। इनपर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों के इशारे पर भारत में एक बड़ी आतंकी साजिश रचने का आरोप है। आरोपियों को दिल्ली लाया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। इन संदिग्धों के पास से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है।

खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने यह बड़ी कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये संदिग्ध भारत में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इन संदिग्धों के तार पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है, जो लंबे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादियों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के प्रारंभिक आकलन में पता चला है कि मृतकों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक कुख्यात कमांडर सैफुल्ला भी हो सकता है। खबरों के मुताबिक, सैफुल्ला ने लगभग पांच साल पहले जम्मू कश्मीर में घुसपैठ किया था और तब से इस क्षेत्र में सक्रिय था। उस पर सुरक्षा बलों पर कई घातक हमलों की साजिश रचने का आरोप है। इनमें जुलाई 2024 का हमला भी शामिल है, जिसमें एक कैप्टन समेत चार जवान शहीद हो गए थे। सैफुल्ला पहले भी कई मुठभेड़ों के दौरान बच निकला था। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने व्हाइट नाइट कोर के जवानों द्वारा तीन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए की गई तेज और सटीक कार्वाई की सराहना की। भारतीय सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सेना के कमांडर ने दुर्गम क्षेत्र में दृढ़ साहस दिखाने के लिए जमीनी स्तर पर तैनात कमांडरों और सैनिकों की सराहना की है। उत्तरी कमान आतंकवाद मुक्त जम्मू कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लखनऊ-अयोध्या समेत यूपी के 12 शहरों से गुजरेगी बुलेट ट्रेन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बुलेट ट्रेन लखनऊ-अयोध्या समेत यूपी के 12 शहरों से गुजरेगी। उसकी गति सीमा 250-350 किमी प्रति घंटे होगी। सबसे पहले दिल्ली-वाराणसी के बीच हाई स्पीड रेल कॉरिडोर तैयार होगा।

रेलवे बोर्ड ने नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को पत्र लिख पुराने डीपीआर को अपडेट करने का निर्देश दिया है। अभी साल 2021 में तैयार डीपीआर बोर्ड के पास है जिसके मुताबिक दिल्ली से वाराणसी के बीच उत्तर प्रदेश के 12 शहरों से होकर बुलेट ट्रेन गुजरेगी। बोर्ड के सूत्रों का कहना है कि नई डीपीआर आने से स्टेशनों में बदलाव की गुंजाइश कम है। इसका मतलब है कि यह ट्रेन दिल्ली (सराय काले खां) से नोएडा, जेवर (इंटरनेशनल एयरपोर्ट), मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, प्रयागराज और भदोही होते हुए वाराणसी पहुंचेगी। बोर्ड अधिकारियों का यहां तक कहना है कि अगर सब कुछ सही रहा तो अगले दो से तीन महीने में बुलेट ट्रेन के लिए कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई देना भी शुरू होगा। बोर्ड के सूत्रों का कहना है कि नई डीपीआर आने से स्टेशनों में बदलाव की गुंजाइश कम है। इसका मतलब है कि यह ट्रेन दिल्ली से नोएडा, जेवर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, प्रयागराज और भदोही होते हुए वाराणसी पहुंचेगी।

# यूपी में विकास की रफ्तार, 50 मिनट में दिल्ली से मेरठ

## योगी सरकार के विजन से मेरठ मेट्रो और नमो भारत ने बदली शहरी परिवहन की तस्वीर

जिला संवाददाता



**मेरठ/लखनऊ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश की धरती पर विकास की एक नई इबारत लिखी गई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ में हाई-स्पीड नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर 82 किलोमीटर लंबा दिल्ली-मेरठ संपूर्ण कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित किया। यह केवल एक परिवहन परियोजना का शुभारंभ नहीं, बल्कि डबल इंजन सरकार के उस संकल्प का साकार रूप है, जिसमें केंद्र और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मिलकर प्रदेश को तेज, सुरक्षित और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो और औद्योगिक कॉरिडोर के क्षेत्र में जो रफ्तार पकड़ी है, मेरठ मेट्रो और नमो भारत उसका नवीनतम उदाहरण हैं।

दिल्ली से मेरठ तक लगभग 82 किमी की दूरी अब सिर्फ 50 मिनट में तय होगी। कभी जाम और भीड़भाड़ से जूझने वाला यह मार्ग अब हाई-स्पीड कनेक्टिविटी का प्रतीक बन गया है। जहां पहले दिल्ली से मेरठ आने-जाने में 3 से साढ़े तीन घंटे तक लग जाते थे, वहीं अब आधुनिक रैपिड रेल प्रणाली ने समय को आधा नहीं, बल्कि लगभग एक तिहाई कर दिया है। 180 किमी प्रति घंटा तक की रफ्तार

- **ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति प्रदूषण में आएगी कमी**

से चलने वाली नमो भारत ट्रेन भारत के शहरी परिवहन इतिहास में नई ऊंचाई स्थापित कर रही है। इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत इसका एकीकृत मॉडल है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटीसी) की ओर से विकसित इस कॉरिडोर पर हाई-स्पीड नमो भारत और शहर के भीतर संचालित मेरठ मेट्रो, दोनों सेवाएं एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर ढांचे पर चल रही हैं। यह मॉडल लागत में बचत, संसाधनों के बेहतर उपयोग और तेज निर्माण का उदाहरण है। मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक शहर के प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ती मेरठ मेट्रो अब स्थानीय आवागमन को जाम मुक्त और सुगम बनाएगी। उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर साबित किया है कि जब गति मिलती है तो प्रगति अपने आप रास्ता बना लेती है। 2017 में योगी सरकार आने के बाद उत्तर प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकास का आधार बनाया गया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, नए एयरपोर्ट और मेट्रो परियोजनाओं की श्रृंखला ने प्रदेश को राष्ट्रीय मानचित्र पर अग्रणी बना दिया। मेरठ, जो कभी अपराध और अव्यवस्था की खबरों से जुड़ता था, आज हाई-स्पीड रेल, खेल विश्वविद्यालय, औद्योगिक निवेश और स्मार्ट शहरी परिवहन के कारण चर्चा में है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में बदली यह तस्वीर योगी सरकार की सुदृढ़ कानून व्यवस्था और विकासोन्मुखी नीतियों का परिणाम मानी जा रही है। कम समय में सुरक्षित यात्रा, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाएं, इन सबका समन्वय प्रदेश को निवेश और विकास के लिए और अधिक आकर्षक बनाता है।

### नमो भारत रेल में 80% है महिला स्टाफ

नमो भारत रेल में लगभग 80% स्टाफ महिलाओं का होना अपने आप में ऐतिहासिक है। यह पहल नारी सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संदेश देती है। उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों का यह जमीनी उदाहरण है, जहां महिलाएं देश की सबसे तेज रैपिड ट्रेन की कमान संभालेंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हाई-स्पीड ट्रेन के परिचालन में लोको पायलट (चालक) से लेकर स्टेशन मैनेजमेंट तक में महिलाओं की भागीदारी 80% से अधिक है, जो इसे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाला पहला रैपिड रेल प्रोजेक्ट बनाता है। रैपिड रेल और मेट्रो से सड़कों पर लगभग एक लाख निजी वाहनों की संख्या घटने का अनुमान है, जिससे करीब ढाई लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सकती है। तेज व सुगम परिवहन का विकल्प मौजूद होगा तो निजी वाहनों की निर्भरता घटेगी, ट्रैफिक जाम कम होंगे और इससे प्रदूषण में भी गिरावट आएगी। ग्रीन एनर्जी और क्लीन एयर के लक्ष्य को मजबूत करने की दिशा में यह परियोजना एक अहम मील का पत्थर है।

### दिल्ली-एनसीआर का विकल्प, युवाओं को मिलेंगे पंख

दिल्ली-एनसीआर में महंगी जमीन व किराये को देखते मेरठ अब एक व्यावहारिक विकल्प के रूप में उभरेगा। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण लोग मेरठ में रहकर दिल्ली में नौकरी या कारोबार कर सकेंगे। स्थानीय निर्यातकों के लिए भी दिल्ली एयरपोर्ट तक पहुंचना अपेक्षाकृत आसान होगा। दिल्ली और मेरठ के बीच हजारों छात्र प्रतिदिन शिक्षा के लिए यात्रा करते हैं। मेडिकल, तकनीकी और अन्य संस्थानों के छात्रों को अब तेज और सुरक्षित सफर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने भी उद्घाटन के दौरान छात्रों से संवाद कर यह संदेश दिया कि आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ही विकसित भारत 2047 की नींव है। मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत जैसे जिलों को भी इस परियोजना का अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी से पर्यटन, कृषि व्यापार और उद्योग को नई ऊर्जा मिलेगी।

# 63 को गोकुल व 49 को आज मिलेगा नंद बाबा पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

- **इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री करेंगे सम्मानित**
- **निराश्रित गोसंरक्षण में बेहतर कार्य करने वाली गोशालाएं भी होंगी सम्मानित**

**लखनऊ।** उप्र दुग्धशाला विकास विभाग की ओर से सोमवार को गोधन समागम का आयोजन किया जाएगा। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के गोकुल पुरस्कार के लिए 63 एवं नंद बाबा पुरस्कार के लिए चयनित 49 लाभार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही निराश्रित गोवंश के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गोशालाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में दुग्ध विकास, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह पुरस्कार प्रदान करेंगे।

दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के.जी. ने बताया कि गोधन समागम में गोकुल एवं नंद बाबा पुरस्कार के चयनित लाभार्थी तथा प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को गोपालन से संबंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वदेशी नस्ल के गोपालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गोपालन से सम्बन्धित विषयों पर विचार-विमर्श एवं जानकारी दी जायेगी। प्रथम सत्र में गोधन प्रदर्शनी, नंद बाबा व गोकुल पुरस्कार वितरण, दुग्ध उत्पादन की तकनीकों पर प्रस्तुतिकरण, उत्कृष्ट निराश्रित गोआश्रय स्थलों, गोशालाओं को सम्मानपत्र तथा डी०बी०टी० के जरिए पुरस्कार धनराशि का वितरण किया जाएगा। द्वितीय सत्र में गोआधारित अर्थव्यवस्था पर गोपालकों की संगोष्ठी, पशु आहार, हरे चारे, पशु पोषण पर चर्चा, गोवंश आश्रय स्थलों को उत्पादक व स्वावलंबी बनाने के लिए प्रस्तुतिकरण, स्वदेशी गौपालन पर चर्चा, गोपालन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से सुदृढ़ीकरण पर प्रस्तुतिकरण, नस्ल सुधार, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य व उचित देखभाल आदि पर प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, पशुधन, दुग्ध एवं मत्स्य विकास मुकेश मेश्राम, प्रबंध निदेशक पीसीडीएफ वैभव श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ, उद्यमी, किसान एवं पशुपालक भी प्रतिभाग करेंगे। समागम में सम्बन्धित विषय विशेषज्ञों की ओर से स्वदेशी नस्ल के गौ-पालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जाएंगी।

# वैश्विक बौद्ध आस्था का केंद्र बना यूपी, 82 लाख पर्यटक पहुंचे बुद्ध भूमि

## बौद्ध सर्किट ने रचा नया कीर्तिमान, 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए बौद्ध आस्था और विरासत के केंद्र के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2025 में प्रदेश ने बौद्ध सर्किट के जरिए दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हुए लगभग 82 लाख आगंतुकों का स्वागत किया, जिनमें 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। विशेष रूप से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन के प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आया, जहां विदेशी श्रद्धालुओं की सर्वाधिक आमद दर्ज की गई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश आज वैश्विक बौद्ध आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के बौद्ध धर्मावलंबी अपनी बोधि यात्रा की शुरूआत उत्तर प्रदेश से करने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे राज्य में इनबाउंड टूरिज्म में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। सारनाथ, कपिलवस्तु, श्रावस्ती, संकिसा, कौशांबी और कुशीनगर जैसे भगवान बुद्ध के जीवन और संदेश से जुड़े पवित्र स्थलों के भ्रमण को श्रद्धालु जीवन की पवित्र यात्रा मानते हैं।' पर्यटन मंत्री ने बताया कि 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के छह पवित्र बौद्ध स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वर्ष दर वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इन स्थलों पर लगभग 82 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ, जिनमें 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। वर्ष 2024 में कुल 61 लाख से अधिक पर्यटक राज्य के बौद्ध स्थलों पर पहुंचे, जिनमें 3.50 लाख से अधिक विदेशी आगंतुक थे। वहीं वर्ष 2023 में करीब 47 लाख पर्यटकों ने प्रदेश के बौद्ध सर्किट का भ्रमण किया, जिनमें 2.50 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। वर्ष 2022 में 22.40 लाख से अधिक पर्यटक बौद्ध स्थलों पर आए, जिनमें 48 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक थे।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट वैश्विक आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। वर्ष 2025 में 2.90 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन इस ऐतिहासिक स्थल पर दर्ज किया गया। साल 2024 में 2.51 लाख, 2023 में 2.14 लाख तथा 2022 में 41 हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों ने कुशीनगर की पवित्र धरती पर पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लिए सरकार का बड़ा प्लान

विशेष संवाददाता (vol)

- **यूरोपीय संघ से मुक्त व्यापार समझौते में यूपी का बड़ा लाभ चाहते हैं सीएम**
- **विभिन्न कंपनियों और उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे डिप्टी सीएम**



**लखनऊ।** सीएम योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में व्यापक विदेशी निवेश लाने की मुहिम जारी है। इसी क्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को जर्मनी पहुंचे हैं। यह यात्रा भारत व यूरोपीय संघ (एव) के बीच हाल में हुए मुफ्त व्यापार समझौते के बाद की जा रही है, जिसे दोनों पक्षों के लिए ऐतिहासिक आर्थिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस समझौते को जनवरी 2026 में अंतिम रूप दिया गया था, जिससे भारत-ईयू के बीच व्यापार और निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समझौते में उत्तर प्रदेश के लिए निवेश तथा ओडीओपी उत्पादों के निर्यात की असीम संभावनाएं देख रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री सोमवार को जर्मनी में विभिन्न कंपनियों, व्यापार समूहों और उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे तथा उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। इस दौरे के दौरान संभावित मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं, जो यूपी के निर्यात और औद्योगिक विस्तार को मजबूती देंगे। इस दौरे से संभावित निवेश के अलावा उत्तर प्रदेश के उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में पहुंचने के मार्ग आसान होने की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रेड डील के बाद यूपी के ब्रांडेड उत्पादों, टेक्सटाइल तथा फिनिश्ड गुड्स को यूरोपीय बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धी स्थिति मिल सकती है।

राज्य सरकार ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो और निवेश सम्मेलनों के माध्यम से ग्लोबल बायर्स और व्यापारियों को यूपी के उत्पादों से रूबरू कराया है, जिसमें विभिन्न देशों से खरीदारों और निवेश प्रस्तावों का उत्साहजनक जुड़ाव रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी में प्रदेश को भारत की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, विशाल उपभोक्ता बाजार और बेहतर कनेक्टिविटी वाले निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करेंगे। वह बताएंगे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स ने औद्योगिक माहौल को अनुकूल बनाया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ऑटो व ईवी, टेक्सटाइल, लेदर, फूड प्रोसेसिंग, डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर और ओडओपी में निवेश की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित करते हुए वह संदेश देंगे कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और यूरोपीय कंपनियों के लिए दीर्घकालिक साझेदारी का भरोसेमंद केंद्र बन सकता है।

# खाद्य प्रसंस्करण नीति से बढ़ा निवेश और निर्यात

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीतिझ्र2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग इस क्षेत्र मे सुदृढ़ नीति एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 3.50 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित एवं क्रियाशील हैं, जबकि संगठित क्षेत्र में 80,000 से अधिक इकाइयाँ कार्यरत हैं। इनमें से 3000 से अधिक इकाइयों का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। यह क्षेत्र लगभग 2.55 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करा रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जनपद में 1000 नई इकाइयाँ स्थापित कर 75,000 अतिरिक्त इकाइयों की स्थापना करना है, जिससे कुल संख्या को लगभग 1.40 लाख तक पहुंचाया जा सके। राज्य में 15 एग्रो-फूड प्रोसेसिंग पार्क भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में निजी निवेश के माध्यम से बड़ी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं। हल्दी, आम, आँवला, मिर्च, नमकीन एवं दुग्ध प्रसंस्करण पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का प्रमुख निर्यातक राज्य बनकर उभर रहा है। नीति के अंतर्गत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़ रुपये) अनुदान दिया जा रहा है। इकाइयों के विस्तार, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन हेतु 35 प्रतिशत (अधिकतम 1 करोड़ रुपये) का प्रावधान है।

मूल्य वर्धन एवं कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्लांट एवं मशीनरी पर 35 प्रतिशत तथा फ्रीजिंग सुविधा पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 करोड़ रुपये) तक अनुदान उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना पर महिला उद्यमियों को 90 प्रतिशत तथा पुरुष उद्यमियों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। निर्यात हेतु परिवहन लागत पर 25 प्रतिशत सब्सिडी, रेफर वैन/मोबाइल यूनिट के लिए 5 वर्ष तक ब्याज सब्सिडी (अधिकतम 50 लाख रुपये), कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर पर 35 प्रतिशत (अधिकतम 10 करोड़ रुपये) तथा फार्म गेट इंफ्रास्ट्रक्चर पर 35 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़ रुपये) की सहायता दी जा रही है। भूमि एवं शुल्क संबंधी प्रोत्साहनों में 12.5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि क्रय की अनुमति, भूमि उपयोग परिवर्तन (उछव) शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, बाह्य विकास शुल्क में 75 प्रतिशत छूट तथा स्टांप शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है। साथ ही एकल एकीकृत बाजार व्यवस्था के अंतर्गत मंडी शुल्क एवं उपकर में छूट प्रदान की जा रही है।

# कई दलों के नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष आज समाजवादी पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए भाजपा, राष्ट्रीय लोक दल और राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी छोड़कर आए नेताओं और दूसरे प्रमुख लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रवि बैंसला प्रधान कांशीराम, बागपत भाजपा छोडकर आये हैं। नवीन शर्मा प्रतियोगी परीक्षा चलाने वाले कोचिंग टीचर बुलन्दशहर, एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह गाजियाबाद राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए है।

मोटीवेशनल स्पीकर श्री अमर चौधरी और एडवोकेट महेश नागर गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आज समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले राहुल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष/पूर्व प्रत्याशी रालोद बिजनौर/पूर्व ब्लाक प्रमुख हल्दौर बिजनौर, भोपाल सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख बिजनौर, महेन्द्रपाल पूर्व डिप्टी एसपी बिजनौर, करणपाल सिंह भुइयार, सदस्य जिला पंचायत बिजनौर, अर्जुन सिंह पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर, दिलावर सिंह प्रधान पूर्व चेयरमैन डीसीएफ बिजनौर, बलजीत शास्त्री पूर्व जिला मुख्य महासचिव रालोद बिजनौर, सुरेन्द्र सिंह प्रधान एससी डायरेक्टर गन्ना समिति बिजनौर ने सदस्यता ग्रहण की। इनके अतिरिक्त सर्वश्री सूरज सिंह प्रधान, रविन्द सिंह पूर्व चेयरमैन, नितिन कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष छात्रसभा रालोद, रोहित कुमार ग्राम प्रधान, संजीव कुमार ग्राम प्रधान, धर्मेन्द्र कुमार ग्राम प्रधान, राम लाल बाल्मीकि जिलाध्यक्ष बाल्मीकि समाज, देवेश चौधरी महासचिव व्यापारी एकता परिषद, बलराम सिंह जिला उपाध्यक्ष रालोद, कामेन्द्र सिंह पूर्व जिला महासचिव रालोद, ठाकुर सतीश गहलौत वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रशान्त चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार पीपलसाना, मुनिदेव शर्मा, जाफर हुसैन, आकाश कुमार जिला महासचिव रालोद, सिन्टु कुमार पूर्व जिला सचिव रालोद, प्रशान्त विकास जिला महासचिव युवा बिजनौर शामिल हुए।

समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रवि बैंसला प्रधान कांशीराम, बागपत भाजपा छोडकर आये हैं। इनके साथ शिवदा पाण्डेय, जुनैद फरीदी चेयरमैन, सुख पाल सिंह गुर्जर, अजय भाटी, लीलू प्रमुख, विक्रम प्रधान, बेगराज, विजय पाल मास्टर, मुकेश प्रधान सतीश त्यागी आदि ने भी सदस्यता ग्रहण की है। नवीन शर्मा प्रतियोगी परीक्षा चलाने वाले कोचिंग टीचर बुलन्दशहर के साथ सर्वश्री अमर चौधरी, बिल्लू भाटी, जगपाल भाटी, सचिन खारी, सौरभ शर्मा, ऋतिक त्यागी, नामेत भाटी, वाशु शर्मा, बादल भाटी, गौरव शर्मा आदि ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह गाजियाबाद राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए है। जितेन्द्र प्रताप सिंह रालोद छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। मोटीवेशनल स्पीकर अमर चौधरी और एडवोकेट महेश नगर गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तथा चौधरी श्याम सिंह बाग ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इनके अतिरिक्त सतेन्द्र चौधरी, सुनील चौधरी, शेखर सैनी, सलीम अहमद, नितिन चौधरी, चौधरी दीपक कुमार, प्रशान्त मौय, चौधरी शुभम कुमार, चौधरी वरुण सिंह , मौ0 नवाजिस, प्रियम चौधरी, अनिरुद्ध आदि शामिल हुए। समाजवादी पार्टी के शामिल होने वालों में सर्वश्री त्रिभुवन दत्त विधायक आलापुर अम्बेडकरनगर, रामऔतार सिंह सैनी विधायक नूरपुर, जज मनोज कुमार पूर्व प्रत्याशी लोकसभा नगीना बिजनौर शामिल हैं। अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई है कि इन नये साथियों के आने से समाजवादी पार्टी मजबूत होगी और 2027 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की सरकार का सफाया होगा।

उन्होंने सभी के प्रति आभार और बहुत-बहुत धन्यवाद जताया। इस अवसर पर सांसद रुचि वीरा, नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल भी मौजूद रहे।

# प्रदेश में 50 प्रतिशत से अधिक नोटिस सुनवाई का कार्य पूर्ण

## 1.66 करोड़ से अधिक नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों के नोटिसों की सुनवाई पूर्ण

विशेष संवाददाता (vol)

- **70 प्रतिशत से अधिक नोटिस सुनवाई कर 11 जनपद अव्वल**
- **प्रदेशभर के बूथों पर विशेष अभियान सफलतापूर्वक संपन्न**



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत रविवार, 22 फरवरी 2026 को प्रदेश के समस्त 1.77 लाख मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान दिवस का उद्देश्य दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन करना रहा। इसके पूर्व 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी 2026 को भी तीन अभियान दिवसों का सफल आयोजन किया जा चुका है।

प्रदेशभर के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी निर्धारित समय अवधि में उपस्थित रहे और मतदाताओं से आवेदन प्राप्त किए। अभियान के दौरान मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था रही, जहाँ मतदाताओं को प्रपत्र 6 एवं 8 भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की गई और नागरिकों द्वारा अपने नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने एवं संशोधन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों का भी अभियान में सहयोग प्राप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 3.26 करोड़ मतदाताओं को नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित नोटिस जारी किए जाने के क्रम में अब तक 1.66 करोड़ से अधिक नोटिसों की सुनवाई की जा चुकी है।

नोटिस सुनवाई की कार्यवाही में प्रदेश की औसत प्रगति 50 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। उन्होंने नोटिस सुनवाई में 70 प्रतिशत से अधिक प्रगति प्राप्त कर चुके 11 जनपदों यथा औरैया, एटा, अम्बेडकरनगर, शामली, फिरोजाबाद, बदायूं, आजमगढ़, बस्ती, चित्रकूट, सहारनपुर और मथुरा की सराहना की। साथ ही उन्होंने बताया कि नोटिस सुनवाई में 40 प्रतिशत अथवा उससे कम प्रगति वाले 15 जनपदों यथा मऊ, बलरामपुर, ललितपुर, अमेठी, श्रावस्ती, सम्भल, गोण्डा, पीलीभीत, गाजियाबाद, कानपुर देहात, महराजगंज, देवरिया, बहराइच, रायबरेली एवं कौशाम्बी को योजनाबद्ध रूप से सुनवाई के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि दावा एवं आपत्ति अवधि की अंतिम तिथि 6 मार्च तक सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए आवेदन मोबाइल एप्लीकेशन तथा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी किया जा सकता है।

# डीप टेक में अग्रणी बनेगा यूपी : सीएम योगी

- **पीएम मोदी के विजनरी नेतृत्व में भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व प्रगति की है**
- **यूपी अब क्वांटम कंप्यूटिंग में भी मजबूत दावेदार**

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश डीप टेक, एआई व क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत और डीबीटी की सफलताओं का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में भारत समग्र और तकनीक आधारित विकास की दिशा में अग्रसर है। तकनीक के प्रभावी उपयोग से शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को लखनऊ में आईबीएम एआई गवटेक इनोवेशन सेंटरका उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा आईबीएम के बीच हुए एमओयू के लिए आईबीएम इंडिया के सीईओ डॉ. अरविंद कृष्ण और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के इस इनीशिएटिव को आगे बढ़ाने के लिए स्वयं यहां आकर इस अभियान को अपना सकारात्मक योगदान दिया है। डॉ. अरविंद कृष्ण ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश और भारत भूमि के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को भी इस मंच के माध्यम से हम सबके सामने प्रस्तुत किया। सीएम ने कहा कि गत वर्ष मुझे आईआईटी कानपुर में डीप टेक पर आधारित कॉन्फ्रेंस में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर से मेरी बात भी हुई। हम लोग मेडटेक पर मिलकर काम कर रहे हैं। यूपी के हालिया बजट में रोबोटिक्स में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है। इससे पहले ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए सरकार ने बजट में व्यवस्था की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश के अंदर प्रत्येक तबके को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जहां पर शुद्ध पेयजल नहीं है, खुले में शौच है, वहां बीमारी ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस अब पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। अब इंसेफेलाइटिस से कोई मौत नहीं होती। सीएम योगी ने दूसरा उदाहरण एजुकेशन में ड्रॉप आउट को लेकर दिया। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने लखनऊ को एआई सिटी के रूप में डेवलप करने का काम किया है। आईबीएम हमारे साथ इसमें सहयोग करेगी, तो हमें इसको तेजी से क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी। हमें क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए हमें काम करना है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश की दावेदारी मजबूत है। क्योंकि देश का पहला कंप्यूटर आईबीएम ने ही कानपुर आईआईटी में स्थापित करने में योगदान दिया था, और आज उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार इसमें इनीशिएटिव लेकर सहयोग करने को तैयार है आईबीएम तैयार है।

# शहर के विकास पर खर्च होंगे 46 अरब 92 करोड़, कोई नया टैक्स नहीं

## नगर निगम कार्यकारिणी ने पास किया बजट, कूड़ा प्रबंधन और सड़क निर्माण पर फोकस



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में रविवार को कार्यकारिणी ने चर्चा के बाद आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के मूल बजट 46 अरब 92 करोड़ 71 लाख 23 हजार रुपये को बिना किसी संशोधन के बाद पास कर दिया। प्रस्तावित बजट में 32 अरब 93 करोड़ 35 लाख रुपये की आय के मुकाबले 32 अरब 93 करोड़ 25 लाख रुपये के खर्च का प्राविधान किया गया है।

कार्यकारिणी ने इस बार भी कोई नया कर नहीं लगाया है। कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से पार्षद कोटा बढ़ाए जाने की मांग को खारिज कर दिया गया। पार्षद अपने वार्ड में वार्ड विकास प्राथमिकता निधि के तहत 2.10 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के कार्य करा सकेंगे। महापौर और नगर आयुक्त के कोटे में भी कोई बढ़ोतरी या कटौती नहीं की गई है। बजट में सड़क

### नगर निगम कार्यकारिणी ने पास किया बजट, कूड़ा प्रबंधन और सड़क निर्माण पर फोकस

निर्माण के लिए 271 करोड़ रुपये और सफाई तथा कूड़ा प्रबंधन के लिए 300 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी ने जलकल विभाग के बजट के साथ ही कई अन्य प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रेस कार्फ्रेंस में बजट की जानकारी देते हुए बताया कि बजट शहर के समग्र विकास, बेहतर सफाई व्यवस्था, मजबूत आधारभूत ढांचे और राजस्व वृद्धि को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कहा कि अगले वर्ष का बजट नए प्रस्तावित कार्यालय भवन में प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार बजट में किसी नए कर व करों में वृद्धि को पास नहीं किया गया है। नगर निगम सदन की बैठक 13 मार्च को बुलाई गई है। इस दौरान नगर निगम तथा जलकल दोनों का बजट मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

### बजट में खर्च की व्यवस्था

| | |
|---|---|
| मरम्मत व नवीनीकरण | 271 करोड़ |
| श्मसान घाट के मरम्मत | 6 करोड़ |
| मॉडल वेंडिंग जोन | 15 करोड़ |
| कान्हा उपवन में नए स्कूल का निर्माण | 10 करोड़ |
| कल्याण मण्डप | 4.40 करोड़ |
| 40 आगंनबाडी केंद्र का निर्माण | 50 करोड़ |
| पार्कों की बाउंड्री निर्माण, रंगाई-पुताई | 6 करोड़ |
| पार्कों के अनुरक्षण | 42 करोड़ |
| स्ट्रीट लाइट मरम्मत | 6 करोड़ |

### बजट में आय की व्यवस्था

| | |
|---|---|
| सामान्य गृहकर वसूली | 75000 लाख |
| कुत्तों एवं बिल्ली पर कर | 60 लाख |
| विज्ञापन शुल्क | 1600 लाख |
| पार्किंग ठेकों से | 1500 लाख |
| अनुज्ञप्ति शुल्क | 800 लाख |
| अहाना इन्क्लेव | 13000 लाख |
| खुली भूमि को किराए से | 600 लाख |

### सरकारी योजनाओं से मिलेगा बजट

| | |
|---|---|
| सीएम ग्रिड योजना | 30000 लाख |
| नए गौशालाओं का निर्माण | 3500 लाख |
| शूटिंग रेंज का निर्माण | 5000 लाख |
| 15वें वित्त आयोग | 50000 लाख |
| 16वें वित्त आयोग | 25000 लाख |

### उत्सव वाटिका और कल्याण मण्डप का होगा निर्माण

गोमती नगर में लूलू मॉल के पास हरीहरपुर में 6,190 स्क्वायर मीटर और हसनपुर खेवड़ी असंल के सेक्टर जे में रिक्त पड़ी करीब पांच हजार वर्ग मीटर भूमि पर उत्सव वाटिका का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। इसे वैवाहिक समारोह के लिए बुकिंग पर दिया जाएगा। महापौर ने बताया शहर में नगर निगम की जितनी भी खाली जमीनें हैं, उनका सर्वे कर सूची तैयार की जाए और उन्हें पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत विकसित करने की योजना बनाई जाए।

### मुख्यालय भवन निर्माण के लिए शासन से मिला 35 करोड़

गोमती नगर स्थित आर आर विभाग कार्यालय भूमि पर नगर निगम के नये मुख्यालय भवन का निर्माण शुरू हो गया है। शासन से इसके लिए 116 करोड़ मिलने हैं जिसमें से 35 करोड़ रुपये की पहली किस्त मिल चुकी है जबकि नगर निगम 25 प्रतिशत धनराशि अपने बजट से वहन करेगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया की नया भवन का वर्ष 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगा।

### मॉडल वेंडिंग जोन का किराया घटाया

■ मॉडल वेंडिंग जोन के निर्माण और संचालन का बजट 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वेंडिंग जोन का किराया 5,000 रुपये से घटाकर 3,000 रुपये किया गया है, जिससे छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी। कार्यकारिणी ने गोमती नगर में बने मॉडल वेंडिंग जोन का किराया 5000 से घटकर 3000 रुपए महीने कर दिया है। जैसे-जैसे शहर में मॉडल वेंडिंग जोन बनेंगे वहां भी अलग से किराया तय होगा। शहर के सभी 110 वार्डों में मॉडल वेंडिंग जोन विकसित करने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। महापौर ने निर्देश दिए कि 30 मार्च तक प्रत्येक वार्ड में वेंडिंग जोन के लिए उपयुक्त जमीन चिन्हित कर अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में इन वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएं और तीन महीने के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाए। इसका उद्देश्य रेहड़ी-पटरी कारोबारियों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना और सड़कों से अतिक्रमण कम करना है।

### देनदारी के लिए 405 करोड़

बजट में 405 करोड़ रुपये पुराने कार्यों के भुगतान के लिए रखे गए हैं। इससे ठेकेदारों और कार्यदायी संस्थाओं के लंबित भुगतान का निस्तारण किया जाएगा। कार्यदायी संस्थाओं के भुगतान के मद में पुनरीक्षित बजट में 130 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसे घटाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### बिना अनुमति बाजारों से लाइसेंस शुल्क वसूलेगा निगम

■ महापौर ने कहा कि शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों और मेलों से लाइसेंस शुल्क की नियमित और पारदर्शी वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां भी बिना अनुमति बाजार लग रहे हैं या लाइसेंस शुल्क की सही वसूली नहीं हो रही है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए। इसके लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें यह स्पष्ट होगा कि कितने बाजार पंजीकृत हैं, कितनी आय हो रही है और कहां सुधार की जरूरत है। महापौर ने कहा कि राजस्व बढ़ाने के लिए इस व्यवस्था को व्यवस्थित करना जरूरी है।

### कूड़ा प्रबंधन पर 300 करोड़

बजट में सबसे अधिक जोर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर दिया गया है। इस मद में करीब 300 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। नगर निगम का दावा है कि इससे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। हालांकि, बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से जूझने वाले इलाकों के लिए नालों की सफाई का बजट 15 करोड़ रुपये ही रखा गया है।

### अवैध होर्डिंग पर होगी सख्त कार्रवाई

महापौर ने शहर में लगे सभी अवैध होर्डिंग को एक सप्ताह के भीतर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध विज्ञापन न केवल राजस्व का नुकसान करते हैं, बल्कि शहर की सुंदरता और यातायात सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। ऐसी एजेंसी जिनपर यूनिपोल, बस शेल्टर या होर्डिंग की निविदा अग्रहित की गई है उन्हें दो दिन के अंदर बकाया फीस जमा कराने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### नगर निगम के स्कूलों का कायाकल्प

नगर निगम के 8 विद्यालयों का वृहद कायाकल्प करने के निर्देश दिए। इन स्कूलों में भवन मरम्मत, कक्षाओं का आधुनिकीकरण, फर्नीचर, स्वच्छ शौचालय और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा कान्हा उपवन में एक नए विद्यालय के निर्माण के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही शहर में 40 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा और पोषण सुविधाएं मिल सकें।

### आधुनिक पुस्तकालय और डिजिटल लाइब्रेरी

नगर निगम का एक आधुनिक पुस्तकालय और डिजिटल लाइब्रेरी बनेगा। अकबर नगर से खाली कराई गई जमीन पर यह लाइब्रेरी बनेगी। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं और विद्यार्थियों के लिए ई-लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### गृह कर और यूजर चार्ज पर 10 प्रतिशत छूट

नए वित्तीय वर्ष में गृह कर और एकमुश्त यूजर चार्ज जमा करने वालों को विशेष छूट दी जाएगी। महापौर ने नागरिकों से समय पर कर भुगतान कर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। वहीं एकमुश्त यूजर चार्ज जमा करने पर 10% छूट का लाभ लोगों को दिया जाएगा। इसके साथ ही जिन भवन स्वामियों ने अपने घरों पर सोलर ऊर्जा लगवा रखा है उन्हें भी 10 प्रतिशत छूट हाउस टैक्स में मिलेगी। मगर दोनों छूट में से एक लाभ ही मिल सकेगा।

| माह | ऑनलाइन भुगतान | ऑफलाइन भुगतान |
|---|---|---|
| 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक | 10% छूट | 8% छूट |
| 01 मई से 31 मई तक | 8% छूट | 6% छूट |
| 01 जून से 30 जून तक | 5% छूट | 4% छूट |

### विशिष्ट पदक और वीरता चक्र पाने वालों को भी अप्रैल से मिलेगी गृहकर में छूट

**लखनऊ।** नए साल के बजट नगर निगम ने एक बार फिर कच्चे व उन छोटे मकानों को गृहकर में रियायत दी है, जिनका वार्षिक किराया मूल्यांकन (एआरवी) 900 रुपए तक है। नगर निगम कार्यकारिणी ने रविवार को इसका प्रस्ताव पास कर दिया है। ऐसे भवनस्वामियों से नगर निगम पांच प्रतिशत कम हाउस टैक्स लेगा। इस प्रस्ताव के पास होने से 60 हजार से अधिक आबादी को होगा। इसके अलावा उन भूतपूर्व सैनिकों व उनकी विधवाओं व आश्रितों को भी गृहकर में छूट मिलेगी जिनको देश सेवा के लिए विशिष्ट चक्र से सम्मानित किया गया है। भारत रत्न वालों के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों व पत्रकारों को भी छूट दी जाएगी। नगर निगम में कार्यरत पालिका केंद्रीयत व अकेंद्रीयत सेवा के उन कर्मचारियों को गृहकर नहीं देना होगा जिनका शहर में एक ही मकान है और वह उसमें स्वयं रहते हैं। ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें परमवीर चक्र, अशोक चक्र तथा अन्य सैनिक अथवा असैनिक शौर्य चक्र से सम्मानित किया इसके साथ ही उनकी विधवाओं अथवा उनके आश्रितों (पति, पत्नी, नाबालिग बच्चे एवं अविवाहित पुत्री) को भी छूट दी जाएगी। बशर्ते भवन आवासीय हो और वह स्वयं उसमें निवास करते हों। भारत रत्न, राष्ट्रपति से शौर्य पदक प्राप्त पुलिस कर्मी या अधिकारी और अर्जुन पदक धारक गृहकर से मुक्त होंगे। राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार, वैज्ञानिक तथा खिलाड़ियों को गृहकर में आधी छूट दी जाएगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उनकी विधवाओं और उनके आश्रित (नाबालिग बच्चे तथा अविवाहित पुत्री) को भी गृहकर नहीं देना होगा। 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक दिव्यांगजन को शतप्रतिशत तथा 50 प्रतिशत से अधिक व 80 प्रतिशत से कम दिव्यांग को गृहकर में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## जलकल का 487.23 करोड़ रुपये का बजट पास

**लखनऊ।** शहर की जर्जर पानी की लाइनें अगले वित्तीय वर्ष से बदली जाएंगी। नगर निगम कार्यकारिणी ने रविवार को जलकल के बजट में इससे सम्बंधित मद की व्यवस्था की है। इसके लिए कुल 13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कार्यकारिणी ने जलकल का 487.23 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया है, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में जलकल का बजट 460.85 करोड़ रुपये था। इसमें करीब 27 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। गंदे पानी की समस्या से निजात के लिए अब शहर के तमाम इलाकों की जर्जर पानी की लाइन बदलने का फैसला किया गया है।

फिलहाल 13 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, लेकिन जरूरत पड़ने पर यह रकम और बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही जलकल विभाग जहां भी मरम्मत के लिए सड़क खोदेगा, बनाने की जिम्मेदारी भी उसी की रहेगी। सड़क निर्माण के लिए बजट में 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर दी गई है। कार्यकारिणी ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जल निगम राजधानी के तमाम इलाकों में पेयजल और सीवर की लाइन डाल रहा है, लेकिन यह कार्य मानक के अनुरूप नहीं है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया आलमबाग क्षेत्र में जल निगम ने पानी की लाइन के ऊपर सीवर की लाइन डाल दी है, जिससे गंदा पानी आ रहा है। शहर के तमाम इलाकों में जल निगम की वजह से स्थिति खराब हुई है। इसे देखते हुए अब कार्यकारिणी ने फैसला किया है कि जल निगम जो भी योजना तैयार करेगा, उसका एक उच्चस्तरीय कमेटी परीक्षण करेगी। इसके बाद ही योजना नगर निगम जलकल विभाग को हैंडओवर की जाएगी।




13 करोड़ में बदलेंगी जर्जर लाइनें, 5 करोड़ से रोड कटिंग की मरम्मत

### यहां खर्च करेगा जलकल

स्टोर सामग्री की खरीद पर 4 करोड़ पाइप पर 3.50 करोड़ मैनहोल कवर पर 1.60 करोड़ रसायनों की खरीद पर 17.59 करोड़ ब्लीचिंग पाउडर की खरीद पर 3.52 करोड़ नलकूपों की मरम्मत व अनुरक्षण पर 3.50 करोड़ जेट पंप मोटर हेतु 2 करोड़ जलकल के मेंटेनेंस पर 4 करोड़ सबमर्सिबल मोटर पंप रिपेयरिंग व रिबोरिंग पर 25 करोड़ हैंडपंप की मरम्मत पर 1 करोड़ मैनहोल मरम्मत व अनुरक्षण पर 4 करोड़ झील रॉ वाटर चैनलों की सफाई पर 12 करोड़ जल वाहनों के विस्तार पर 13 करोड़ नए पंपिंग स्टेशनों की स्थापना पर 19 करोड़ ट्यूबवेल के नए पंप सेट के लिए 7.50 करोड़

■ **पानी का दोहन कर रहे अवैध सर्विस सेंटर पर होगी कार्रवाई** : शहर में बिना अनुमति के भूगर्भ जल का दोहन करने वाले सर्विस सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई होगी। कार्यकारिणी में इसका भी फैसला किया गया। ये सेंटर पानी की बर्बादी कर रहे हैं। साथ ही प्रदूषण भी फैला रहे हैं।

■ **अब जलकल करेगा रोड कटिंग की मरम्मत** : रोड कटिंग के मामलों में जलकल विभाग स्वयं खर्च उठाएगा और सड़क भी खुद ही बनाएगा, ताकि दोबारा मरम्मत में देरी न हो। रोड कटिंग में लगने वाला शुल्क भी अब जलकल विभाग जमा करेगा।

# सरकारी ई-मेल आईडी पर न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी देना वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरकारी ई-मेल आईडी पर अलग अलग कुल पांच ई-मेल आई डी से जो अलग-अलग नाम से लिए गए मोबाईल नंबरों पर इंटरनेट प्रयोग कर एवं वीपीएन का पेड वर्जन के प्रयोग से आईपी प्रॉक्सी कर प्रोटॉन मेल पर ही मेल आईडी बनाकर जौनपुर न्यायालय परिसर एवं जौनपुर पुलिस लाईन गेट को उड़ाने की धमकी दी गयी थी। जिसमे पुलिस ने विशाल रंजन पुत्र हीरा लाल निवासी ग्राम बक्शपुर थाना निजामाबाद आजमगढ को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से बरामदगी 5 मोबाईल फोन व 1 अदद लैपटॉप 2 अदद मेमरी कार्ड 4 अदद सिम कार्ड व 21092 रुपए नगद बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि मेल में कुछ मोबाईल नंबर अंकित करते हुए, अंकित मोबाईल नंबरों पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से एक लाख रुपए भेजवाने एवं न भेजवाने पर जौनपुर न्यायालय परिसर एवं पुलिस लाईन गेट को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी। इसके बाद पुलिस ने धमकी भरी ई-मेल प्राप्त होने के उपरांत मु.अ.सं. 71/26 धारा 308 (5), 125,351 (3) भारतीय न्याय संहिता 2023, 7 अपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 व 66 आईटी एक्ट 2008 थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर में पंजीकृत किया गया था। धमकी भरे ई-मेल की जांच उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा की जा रही थी। धमकी से संबन्धी सभी ई-मेल आईडी व मेल में अंकित सभी मोबाईल नंबरों का इलेक्ट्रानिक एंव भौतिक संसाधनों का प्रयोग कर गहनता से जांच एवं मेल में अंकित सभी मोबाईल नंबरों के प्रयोग कताओं की सोशल मीडिया की गतिविधियों, वीपीएन, प्रॉक्सी मेल का गहनता से विश्लेषण कर और जानकारी से एक व्यक्ति विशाल रंजन पुत्र हीरालाल निवासी बक्शपुर थाना निजामाबाद, जनपद आजमगढ़ प्रकाश में आया। एटीएस टीम द्वारा विशाल रंजन के सिधारी आजमगढ रहने वाले किराए के मकान पर पहुंचकर जब पूछताछ एवं उसके कमरे की तलाशी ली गयी तो उसके पास से कुल पांच मोबाईल फोन एवं एक लैपटॉप बरामद हुआ। प्रोटॉन मेल, जीमेल, आउट लुक की लगभग 50 ई-मेल आईडी प्राप्त हुई एवं अलग अलग नामों से लगभग 20 फेसबुक आईडी मिली, तथा सोशल मीडिया से महिलाओं की तस्वीरें डाउनलोड कर अश्लील कंटेट भी तैयार किया हुआ प्राप्त हुआ, साथ ही आजमगढ रोडवेज को बम से उड़ाने सम्बन्धित मैसेज तैयार किया गया था, जिसमें जौनपुर कचहरी उड़ाने सम्बन्धित धमकी भरे प्राप्त मेल में अंकित मोबाईल नम्बरों को ही दर्ज किया गया था, यदि यह गिरफ्तार नही होता तो कुछ दिनों में ये मेल भी परिवहन निगम की ई-मेल पर भेजता। अभियुक्त विशाल रंजन से जब इन ई-मेल आईडी और धमकी से संबन्धित पूछताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया गया कि जिस लड़की से वह प्यार करता था उसकी शादी जौनपुर के एक लड़के से तय हो गयी थी, विशाल उपरोक्त यह नही चाहता था कि उस लड़की की कही भी शादी तय की जाए विशाल रंजन जिस लड़के से शादी तय हुई उसकी फर्जी आईडी बनाकर आपत्ति जनक पोस्ट कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्ष में पंचायत हुई और विशाल रंजन को उस पंचायत में माफी मांगनी पड़ी। बदले की भावना से अभियुक्त लड़के पक्ष से जितने लोग पंचायत में शामिल थे उनका मोबाईल नंबर पहले सोशल मीडिया पर सर्च किया तो उस गांव में आयोजित एक क्रिकेट टुनार्मेंट का पंपलेट मिल गया जिसमें उस गांव के कुछ युवकों के मोबाईल नंबर व नाम मिल गए जो पंचायत में शामिल थे, फिर उन युवकों के नाम के साथ-साथ अपनी प्रेमिका के मंगेतर के नाम से भी फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर व उनके मोबाईल नंबरों का प्रयोग कर जौनपुर न्यायालय परिसर एवं पुलिस लाईन गेट को बम से उड़ाने की धमकी दिया गया ताकि पुलिस उन सभी लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दे और इसका बदला पूरा हो सके।



# संजय दत्त का युवाओं को संदेश : पौधा लगाओ-पानी बचाओ, वोट दो-नशा मत करो

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फिल्म अभिनेता संजय दत्त रविवार को सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के बुलावे पर लखनऊ पहुंचे थे। वह सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बंगला बाजार में नेट जीरो सरोजनीनगर अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के साथ आयोजित रोड शो में 20,000 से अधिक नागरिकों, युवाओं, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए उन्होंने लगभग 1 किलोमीटर लंबा रोड शो किया, जिसमें हजारों लोग उनके साथ कदम से कदम मिलाते चले।

इस अवसर पर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा, मेरे लिए दो मुद्दे अत्यंत भावनात्मक हैं एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन और यूथ एम्पावरमेंट। सरोजनी नगर मेरा परिवार है और इसे मुझे मॉडल विधानसभा बनाना है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही यह अभियान जनआंदोलन बनेगा।



● नेट जीरो सरोजनीनगर अभियान में पर्यावरण संरक्षण और यूथ एम्पावरमेंट का संदेश




● डॉ राजेश्वर सिंह के साथ संजय दत्त के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

संजय दत्त ने अपने मुंबइया अंदाज में कहा ओए मामू, बात सुन। जित्ते भी मामू यहां खड़े ला हैं न? सब बात सुनने का। जिंदगी में तीन काम करने का। एक- पौधा लगाने का। दूसरा- पानी बचाने का, क्योंकि जल सोना है! तीसरा- वोटर बनो, वोट डालो। और एक बात और नशा मत करना। अगर ये नहीं किया तो.. नहीं किया तो खुद की वॉट लगाने का। उन्होंने स्वयं को परदे का स्टार बताते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को वास्तविक जीवन का सुपरस्टार बताया और कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले जनप्रतिनिधि ही सच्चे नायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान नेट जीरो सरोजनीनगर अभियान को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह अभियान छह प्रमुख आयामों नेट जीरो स्कूल्स एंड कॉलेजेस, नेट जीरो सोसाइटीज एंड आरडब्ल्यूएज, नेट जीरो टाउनशिप्स, नेट जीरो इंडस्ट्री, नेट जीरो विलेजेस एंड सरोवर्स तथा नेट जीरो न्यू पॉलिसी सजेशन एंड इम्प्लीमेंटेशन के माध्यम से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प है।

इस अवसर पर कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की 17 वर्षीय पुत्री राजलक्ष्मी सिंह रहीं। राजलक्ष्मी सिंह ने संजय दत्त का मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया तथा पर्यावरण विषय पर गहन चिंताओं को व्यक्त करते हुए प्रभावशाली भाषण दिया। अपने संबोधन में उन्होंने संदेश दिया कि एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन की दिशा में वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब हम पहले स्वयं में बदलाव लाएं।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सुनील चौधरी (प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स), डॉ उत्कर्ष शुक्ला (डिप्टी डायरेक्टर, लखनऊ जू) एवं डॉ पूजा सिंह (प्रेसिडेंट, आरडब्ल्यूए भगीरथी एन्क्लेव) को एनवायरनमेंट वॉरियर्स सम्मान प्रदान किया गया।

एनवायरनमेंटल अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से डेमोक्रेसी चैंपियंस की घोषणा की गई। कार्यक्रम ने सरोजनीनगर में पर्यावरण संरक्षण, युवा सहभागिता और लोकतांत्रिक चेतना के एक नए युग की शुरूआत का संदेश दिया।

## लोहिया नगर टाइगर्स की टीम को मिली शानदार जीत

**लखनऊ।** लोहिया नगर प्रखंड की ओर से दो टीमों का लोहिया नगर रॉयल्स और लोहिया नगर टाइगर्स के बीच क्रिकेट मैच 12-12 ओवर का मैच रविवार को शिया पीजी कॉलेज सीतापुर रोड में आयोजित किया गया। लोहिया नगर रॉयल्स टीम ने पहले बैटिंग चुनकर ओपनर अमर नाथ मिश्रा चीफ वार्डेन नागरिक सुरक्षा, लखनऊ और गुरप्रीत शेट्टी डिप्टी चीफ वार्डेन, सामना बॉलर सुनील कुमार तिवारी डिविजनल वार्डेन प्रखंड लोहिया नगर ने शुरू किया। विमल कुमार वर्मा घटना नियंत्रण अधिकारी ने 58 रन बनाते हुए अपनी टीम को 137 रन तक पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उसके बाद लोहिया नगर टाइगर्स के ओपनिंग में डॉ पंकज कुमार डिप्टी डिविजनल वार्डेन और अनुभव द्विवेदी ने अच्छी शुरूआत की। अनुभव द्विवेदी ने 30 गेंद में 68 रन बनाए। आशुतोष मिश्रा ने 1 ओवर में चार छक्के लगाकर 25 रन जोड़कर मैच को जीत के नजदीक पहुंचकर आउट हो गए। बाद में रितुराज रस्तोगी ने पहली बाल पर 4 रन मारकर शानदार जीत दिलाई। मनोज वर्मा ने अच्छी फील्डिंग करते हुए और टीम का हौसला बढ़ाते हुए मैच को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से विजय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। नागरिक सुरक्षा प्रखंड रेखा पांडे की ओर से विजेता टीम के कैप्टन नबी हसन को ट्राफी प्रदान की गई। उप विजेता कैप्टन आमिर अब्बास को ट्राफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच अनुभव द्विवेदी और बेस्ट बॉलर पंकज पंत को ट्राफी देखकर सम्मानित किया गया। डिविजनल वार्डेन सुनील कुमार तिवारी, डिप्टी डिविजनल वार्डेन डॉ पंकज कुमार, स्टाफ ऑफिसर कमलेश सिंह ने प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। एम्पायर के रूप में अनंत सिंह तोमर, मुनीम पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डिविजनल वार्डेन दिनेश माथुर राजाजीपुरम, नफीस अहमद गोमतीनार, मनीष चंद्र लाल, दीपक वर्मा मो शोएब जलाली, सनत कुमार सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सोने की खदान में निवेश के नाम पर 22 लाख ठगे




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अफ्रीका में सोने की खदान के कारोबार में निवेशक और छह माह में रुपयो दोगुना करने का झांसा देकर जालसाजों ने निधि गौतम से 22.15 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता फाइनेंस कंपनी की संचालक है। कोर्ट के आदेश पर महानगर पुलिस ने दंपति समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा के मुताबिक पीड़िता निधी गौतम निशातगंज सातवीं गली की रहने वाली है। एनके फाइनेंस कंपनी के नाम से उनकी फर्म है।

पीड़िता के मुताबिक 10 अप्रैल 2025 को कलीम हाशमी नाम के युवक से उनकी मुलाकात हुई। वह आफिस में क्रेडिट कार्ड बनवाने आया था। उसने बताया था कि वह मुंबई का रहने वाला है। उसने बताया कि अफ्रीका में उसकी सोने की खदान है। खदान का वह ठेका लेता है। उसने व्यवसाय में छह महीने में रुपये दोगुना करने का झांसा दिया। पीड़िता ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलकर 24 लाख रुपये जुटाए और खदान के कारोबार में लगा दिये। तय समय पर कलीम ने मुनाफे की रकम नहीं दी। टालमटोल करने लगा। दबाव बनाने पर एक बार उसने मुनाफे के नाम पर 1.85 लाख रुपये दिए। कुछ महीने पूर्व कलीम ने आलमबाग बुलाया। वह अपने घर ले गया। वहां रुपयों की मांग पर कलीम, पत्नी अंजुम, बेटे रेहान व दो अन्य ने कनपटी पर असला तान कर जान से मारने की धमकी दी। कलीम हाशमी महाराष्ट्र के पालघर में रहता है। उसकी पत्नी अंजुम गोंडा में और बेटा रेहान नटखेड़ा में रहता है।

## मृत युवक की आईडी से चैट कर युवती से ठगी

**नौकरी का झांसा देकर ऐंठे जेवर और नगदी**

**लखनऊ।** मृत युवक की इंस्टाग्राम आईडी का दुरुपयोग कर ठगों ने एक युवती से नौकरी दिलाने का झांसा देकर नगदी और सोने के जेवर ठग लिए। मामला सामने आने पर आरोपियों ने समझौते का दबाव बनाया और इनकार करने पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। फैजुल्लागंज निवासी पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी की इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती हुई थी। आरोपी ह्यलक्ष्यह्न नाम की आईडी से बातचीत करता था। बातचीत के दौरान उसने नौकरी का लालच देकर युवती से अलग-अलग बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद आरोपियों ने युवती को डराकर कैसरबाग से हरदोई जाने वाली बसों के जरिए सोने के तीन चेन, दो अंगूठियां, छह झुमके, एक टॉप और दो सोने के लॉकेट भी मंगवा लिए। जब पिता को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने जिन खातों में रुपये भेजे गए थे, उनकी जांच की।

इस दौरान उन्नाव निवासी कुंडली देवी के खाते में रकम ट्रांसफर होने की जानकारी मिली। संपर्क करने पर कुंडली देवी ने बताया कि वह संबंधित युवक को जानती है और मिलवा देंगी। पड़ताल में हरदोई के शाहाबाद रोड स्थित जुड़ा गांव निवासी राधा पासी से संपर्क हुआ। उसने बताया कि लक्ष्य नाम की इंस्टाग्राम आईडी वास्तव में संदीप पांडेय उर्फ संजीव पांडेय और सोनू सरदार चला रहे हैं। जिस युवक लक्ष्य के नाम से आईडी बनाई गई थी, उसकी पहले ही मृत्यु हो चुकी है। पीड़िता के पिता के अनुसार, 10 फरवरी 2026 को जब वह हरदोई पहुंचे तो उनको बेटी के इंस्टाग्राम पर समझौते का संदेश आया, जिसमें रुपये और जेवर लौटाने की बात कही गई। मना करने पर आरोपियों ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। डर के कारण युवती घर में रखे अन्य सोने के जेवर भी आरोपियों को देती रही। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

## चोरों ने घर को बनाया निशाना, जेवरात व नकदी लेकर फरार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाने के एक गांव में अज्ञात चोरों ने छत से घर में प्रवेश कर कमरे में रखे बक्से से ढाई लाख के जेवर व नकदी चोरी कर फरार हो गये। घर वालों को जागने पर चोरी का पता चला पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात सालेह नगर पंचायत के मजरे हरिहरपुर गांव माल लखनऊ क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाने के एक गांव में अज्ञात चोरों ने छत से घर में प्रवेश कर कमरे में रखे बक्से से ढाई लाख के जेवर व नकदी चोरी कर फरार हो गये। घर वालों को जागने पर चोरी का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार रात सालेह नगर पंचायत के मजरे हरिहरपुर गांव निवासी कृष्ण पाल यादव के घर अज्ञात चोर छत से घर के अंदर दाखिल हुये और कमरे का तोड़कर बक्से में रखी सोने की झुमकी, पांच नग नाक की कील और सोने का हार तथा तीन जोड़ी पायल, आठ जोड़ी बिछिया और पचान्नबे हजार(95000)की नकदी निकल कर फरार हो गये। घर वालों को चोरी होने की भनक रविवार सुबह जागने के बाद लगी। तब उन्होंने डायल112पर सूचना दी। इसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस का कहना है कि पीड़ित कृष्ण पाल की तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। कृष्ण पाल यादव के घर अज्ञात चोर छत से घर के अंदर दाखिल हुये और कमरे का तोड़कर बक्से में रखी सोने की झुमकी, पांच नग नाक की कील और सोने का हार तथा तीन जोड़ी पायल, आठ जोड़ी बिछिया और पचान्नबे हजार(95000)की नकदी निकल कर फरार हो गये। घर वालों को चोरी होने की भनक रविवार सुबह जागने के बाद लगी। तब उन्होंने डायल112पर दी। इसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित कृष्ण पाल की तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

## महिलाओं को हेल्प लाइन नंबरों की दी गयी जानकारी

**लखनऊ ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना बंथरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम पंचायत खसवारा में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला उपनिरीक्षक गुलाब कली एवं उपनिरीक्षक रमेश चंद्र ने उपस्थित महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, साइबर क्राइम और यूपी कॉप एप के संबंध में विस्तार से बताया गया।

पुलिस टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112, 181, 1930, 102, 108 आदि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। साइबर अपराधों से बचाव के लिए संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी साझा न करने और ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान महिलाओं को शक्ति का एहसास कराने के साथ-साथ सुरक्षित समाज की नींव मजबूत करने का प्रयास है। थाना स्तर पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्रों एवं मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से त्वरित सहायता और परामर्श पलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी ।

# मैजिक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** घर से खोवा बेचने के लिए निकले साइकिल सवार बुजुर्ग को तेज रफ्तार मैजिक गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी कि बुजुर्ग सिर के बल सड़क पर जा गिरे। हादसे को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर पहुंची महिगंवा थाने की पुलिस घायल बुजुर्ग को रामसागर मिश्र सौ सैय्या अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद भाग रहे वाहन चालक को भीड़ ने पकड़ लिया और पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया।

मूलरूप से बाराबंकी के ददेरा गांव निवासी राजाराम (60) खोवा बेचने का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि रविवार सुबह घर से राजाराम साइकिल से कुम्हरावा खोवा मंडी जा रहे थे। तभी महिगंवा रोड स्थित भवानीपुर मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार मैजिक गाड़ी ने राजाराम की साइकिल में टक्कर मार दी। वह उछलकर सड़क पर जा गिरे। घटना को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। इस बीच कसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर हादसे की जानकारी दी। सूचना पर महिगंवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बुजुर्ग को गंभीर हालत में रामसागर मिश्र सौ सैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।

वहीं हादसा कर भाग रहे वाहन चालक को भीड़ ने पकड़ लिया। पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को तलाशी के दौरान बुजुर्ग के पास से मिले आधार कार्ड से परिजनों से सपंर्क किया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। महिगंवा इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर मिलती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया, वाहन को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया।

**तेज रफ्तार डाला पानी टैंकर से भिड़ा, तीन घायल :** रविवार शाम रहीमाबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-731 पर तेज रफ्तार फल से भरा डाला पानी के टैंकर से टकरा गया। हादसे में डाला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो अन्य लोगों को भी चोटें आईं। टक्कर के बाद वाहन में लदे फल सड़क पर बिखर गए। जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम करीब 5:30 बजे ग्राम चिंहूंटा के पास हुई। एनएचआई के कर्मचारी डिवाइडर में लगे पौधों में ट्रैक्टर टैंकर से पानी डाल रहे थे।

इसी दौरान लखनऊ फल मंडी से फल खरीदकर संडीला जा रहा डाला पीछे से आकर टैंकर से भिड़ गया। बताया जा रहा है कि चालक विशाल भारत नगर, मड़ियावा, लखनऊ को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। हादसे में विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों ने तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डाला में सवार संडीला, हरदोई निवासी याकूब और इसरार को भी हल्की चोटें आईं। टक्कर से डाला में लदे फल सड़क पर बिखर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## ट्रेन की चपेट में आने से कैटरिंग कारीगर की गयी जान

**लखनऊ।** पारा के जलालपुर में शनिवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से कैटरिंग कारीगर की मौत हो गई। घटना को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे बेटे ने पहचान की। तालकटोरा के राजाजीपुरम ई ब्लॉक निवासी सुनील कुमार गुप्ता (54) कैटरिंग का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि देर रात सुनील बिना बताए घर से निकल गए। परिजनों को आशंका है कि रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल के पास ठेके पर शराब पीकर निकले। रास्ते में रेलवे ट्रैक पार करते वक्त वह ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे सुनील के दोनों पैर कट गए और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई। जिससे उनकी मौत हो गई। पारा पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। पहचान न होने से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात सुनील के घर न आने पर बेटे वरुण ने तलाश की।

## दबंगों ने युवक को पीटा, फोड़ा सिर



**लखनऊ।** मानक नगर थाना क्षेत्र मे रहने वाले युवक की दबंगो ने बीते शुक्रवार रात्रि पुरानी रंजिश के चलते जमकर पिटाई करने के साथ उसका सर फोड धमकी दे फरार हो गए। मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू श्रीनगर जय सिंह पुत्र शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया पुरानी रंजिश के चलते बीते शुक्रवार 20 फरवरी की रात्रि आलबाग के रहने वाले सनी अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर पहुंच उसके साथ गाली गलौज करने के साथ मारपीट करने लगा और उसके सिर पर किसी भारी चीज से हमला कर उसका सर फोड दिया लड़ाई झगड़ा सुनकर उसके घर के किरायेदार व मोहल्ले के लोगों ने बीचबचाव करने का प्रयास किया तो उक्त दबंग उन्हें भी जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये । जिसके पश्चात उसने अपना उपचार कराने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने मे उक्त दबंग युवक सहित दो अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर शनिवार को गाली गलौज, मारपीट, धमकी की धारा मे मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** रहीमाबाद पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामला 10 दिसंबर का है, जब हरदोई जनपद के संडीला थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने रहीमाबाद थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी को रहीमाबाद निवासी रोहित कुमार तिवारी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। साक्ष्यों के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को आरोपी रोहित कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ग्राम करोंदी, थाना रहीमाबाद का निवासी है। उसे ग्राम गहदो से अहिंडर के पास एक कच्चे रास्ते से पकड़ा गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## बाबा साहब की प्रतिमा से छेड़छाड, सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र के भदवाना गांव में बाबा साहब की प्रतिमा से छेड़छाड़ की सूचना पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकताओं ने रविवार को गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय भारती, सदस्य सौरभ सैनी, स्नेहल गौतम और नगर अध्यक्ष व विधानसभा महासचिव शैलेंद्र आजाद ने मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि भदवाना गांव में प्रतिमा से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मानसिक बीमार युवती लापता

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के अहिमामऊ में रहने वाली एक मानसिक तौर से बीमार युवती गेट तोड़कर कही चली गई। खोजबीन ने बाद न मिलने पर पीड़ित भाई ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई है। सुशान्त गोल्फ सिटी ने अहमामऊ निवासी संजीत कुमार ने बताया कि मेरी बहन सविता (25) मानसिक तौर से अस्वस्थ है। वह 19 फरवरी की रात करीब 10 बजे मुख्य द्वार तोड़कर चली गई है, जो खोजबीन से नही मिली। पुलिस ने युवती की गुमशुद्शी दर्ज कर खोजबीन में जुटी है।



## महिला का छूटा पर्स, कंडक्टर ने लौटाया

**लखनऊ।** परिवहन निगम की चारबाग डिपो की बस नंबर यूपी 78 जेएन-7556 शनिवार रात देहरादून से लखनऊ आ रही थी। बस में यात्रा कर रहे दंपति तुलसीराम की पत्नी का पर्स बस में छूट गया। पर्स में 5000 नगद और उनका मोबाइल था। यह पर्स बस कंडक्टर दिवाकर शुक्ला को मिला, उसने अपने इंचार्ज गुरमीत सिंह के सामने यात्री तुलसीराम को पर्स वापस कर दिया। लाल रंग के पर्स में नगद धनराशि और मोबाइल पाकर यात्री ने रोडवेज के अधिकारियों और कर्मियों के ईमानदारी की प्रशंसा की।

## रजिस्ट्री के बाद कब्जा न देने का आरोप रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थानाक्षेत्र के चिल्लावां निवासी युसूफ अली ने बिजनौर के रहीमाबाद निवासी शिवकुमार, कैलाश और हनुमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि इन लोगों ने जमीन बेची, लेकिन कब्जा नहीं दिया। कब्जा मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एसीपी कृष्णा नगर के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। युसूफ अली ने बताया कि उन्होंने 25 जुलाई 2025 को शिवकुमार, कैलाश और हनुमान से रहीमाबाद स्थित खसरा संख्या 961 की 3.5 बिसवा जमीन खरीदी थी। जिसकी कीमत 26.50 लाख रुपये हुई थी। पीड़ित ने आरटीजीएस और कुछ रुपये नकद दिए थे। जिसका प्रमाण उनके पास मौजूद है। पीड़ित का आरोप है कि रजिस्ट्री के करीब एक माह बीतने के बाद जब वह जमीन पर कब्जा लेने गए तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगा दी जान

**लखनऊ।** काकोरी में कर्ज से परेशान होकर एक युवक ने रविवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे में पिता को लटका देखा तो बेटा चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े। युवक के फांसी लगाने की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शिवरी गांव निवासी वीरेंद्र रावत (40) मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी सीमा, बेटी अनामिका और बेटा आदित्य है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी और बेटी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गई थी। घर पर वीरेंद्र और उसका बेटा आदित्य था। रविवार सुबह वीरेंद्र घर पर शराब पीकर आया और मकान की पहली मंजिल पर चला गया। काफी देर तक वीरेंद्र के नीचे न आने पर बेटा आदित्य उपर कमरे में गया तो वहां पिता को फंदे से लटका देखकर चीखने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। पड़ोसियों ने वहां देखा कि वीरेंद्र ने कमरे में पंखे के सहारे साड़ी से फांसी लगा ली। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

युवक के आत्महत्या की सूचना मिलते ही काकोरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। तबतक वीरेंद्र की सांसे थम चुकी थी। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र शराब का लती था। उस पर कर्ज था। जिससे लेकर वीरेंद्र अक्सर परेशान रहता था।

## बच्चों को अच्छे संस्कार की जरूरत

**लखनऊ।** बीकेटी के 51 शक्ति पीठ मंदिर में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर व्यास पीठ से कौशिक चैतन्य महाराज ने गोकर्ण और धुंधकारी के जन्म का प्रसंग सुनाया। कहा कि कलयुग में बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना बेहद जरूरी है। आप लोग बच्चों को कार नहीं, संस्कार दीजिए। बच्चे खुद महंगी से महंगी कार और अन्य सामान खरीद सकेंगे। बीकेटी के 51 शक्ति पीठ मंदिर में रविवार दोपहर शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पहले सीतापुर रोड पर दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आसपास के गांव की महिलाओं, बच्चों व पुरुषों ने हिस्सा लिया। धार्मिक अनुष्ठान में कथा यजमान पुष्पा दीक्षित, कथा संयोजक तृप्ति तिवारी व वरद तिवारी, कथा व्यवस्थापक स्तुति तिवारी, आचार्य धनंजय पांडेय, गीता पांडेय, महेश गिरि, समाजसेवी नागेंद्र बहादुर सिंह चौहान, नमन तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कौशिक महराज ने कथा में कहा कि मेरे भुवनमोहन कन्हैया का मन तो वैसे भी भावनाओं का असीमित आकाश है। परिस्थितियों की मांग पर प्रभुता की जिम्मेदारी निभाने के लिए भुवन मोहिनी बांसुरी को एक ओर रखकर चक्र भी उठा लेते हैं।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 8.60 लाख ठगे

**लखनऊ।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर जालसाज ने विकासनगर की एक युवती से 8.63 लाख रुपये ठग लिए। वहीं, साइबर जालसाजों ने तीन युवकों के खाते से 3.20 लाख रुपये पार कर दिए। जालसाज ने कहीं एपीके चालान फाइल भेजकर मोबाइल हैक किया तो कहीं सीमेंट कंपनी कर्मी और सोलर पैनल के नाम पर ठगी की। साइबर ठगी के यह सभी मामले गोमतीनगर, ठाकुरगंज और गुडंबा थानाक्षेत्र के हैं।

विकासनगर सेक्टर-आठ निवासी दीपाली शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले टेलीग्राम पर शेयर ट्रेडिंग में निवेश का मैसेज देखा। दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो जालसाज ने खुद को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का प्रतिनिधि बताया। निवेश पर कम समय में अधिक मुनाफे का लालच दिया। उसके बाद एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया। जाल में फंसाने के बाद एप इंस्टॉल कराकर डीमैट अकाउंट खोला। उसके बाद जालसाज ने कई बार में 8,63,352 रुपये निवेश के नाम पर ट्रांसफर करा लिए। अकाउंट पर मुनाफा देख दीपाली ने विड्राल करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने अकाउंट बंद कर लिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने विकासनगर थाने में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं गोमतीनगर के विनीतखंड निवासी सुधान ने बताया कि 17 फरवरी को गूगल से एक सीमेंट कंपनी की एजेंसी का नंबर हासिल कर कॉल की। जालसाज ने सीमेंट और लोहा डिलीवरी का झांसा देकर 25 हजार रुपये ऐंठ लिए।

इसके अलावा जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी दिलीप सिंह ने बताया कि सोलर प्लांट के लिए आवेदन किया था। कुछ दिन पहले जालसाज ने कॉल की। पांच किलोवॉट और सात किलोवॉट कनेक्शन के नाम पर 1,64,912 रुपये जमा करा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। ठाकुरगंज के सराय माली खां निवासी मयंक दीक्षित उर्फ बृज किशोर का खाता इंडसइंड बैंक में है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले आरटीओ चालान का मैसेज व्हाट्सएप पर आया। लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और उसके बाद खाते से 1.30 लाख रुपये निकल गए। साइबर सेल में शिकायत करने के बाद मयंक ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे भवन संख्या 1238ए रक्बा 3500 व 1236ए रक्बा 1600 वर्गफिट मे किसी प्रकार का वाद विवाद किसी व्यक्ति या संस्था स्तर पर विचाराधीन नही है। प्रार्थी जन अपनी स्वेच्छा से बैंक मे उक्त आराजी को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहते है। जिसको आपत्ति हो 3 दिवस मे करे।

प्रार्थीजन
रामेन्द्र बहादुर खरे
उपेन्द्र बहादुर खरे
निवासी मुंशीगज, बाराबंकी।

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
हंडेला-गोला रोड, अलीगंज - खीरी
सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
कालेज कोड 3053

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विज्ञान वर्ग के विषयों-में जन्तु विज्ञान के लिए 3 पद, - वनस्पति विज्ञान के 3-पद - रसायन विज्ञान के लिए 3 पद तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय में विषय में चित्रकला के लिए 4 पद पर सहायक आचार्य/ आचार्याओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्व विद्यालय के अनुसार वांछनीय हैं।

प्रबन्धक
पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय
हंडेला, गोला रोड,
अलीगंज - लखीमपुर खीरी
मो.-9452016953, 9450175793

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार चोटिल, शिकायत पर केस दर्ज

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली महिला ने एक बाइक सवार पर लापरवाही से गाडी चला उनके पति की स्कूटी मे टक्कर मार फरार हो जाने का आरोप लगा गाड़ी नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित लोकबन्धु हास्पिटल कैम्पस में रहने वाली नीलम वर्मा पत्नी अनिल वर्मा के अनुसार बीते डेढ माह पूर्व 25 जनवरी की दोपहर अपनी स्कूटी से स्काई हिल्टन होटल की तरफ से अपने घर कैम्पस को वापस आ रहे थे।

आरोप है कि उस दौरान एक बाइक संख्या यूपी 32 एल एम 1615 ने तेज रफ्तार लापरवाही से चलाते हुए शौचालय के सामने उसके पति की स्कूटी संख्या यूपी 32 एच डी 8530 में पीछे से टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया । वही पीडित के पत्नी नीलम वर्मा का कहना था उक्त बाइक की टक्कर से उसके पति गंभीर रूप से चोटिल हो गए। जिन्हे इलाज के लिये नजदीकी लोकबन्धु अस्पताल ले जाया गया। वही पीडित की पत्नी नीलम का कहना था उक्त बाइक की टक्कर से उसके पति के सिर व दाये कंधे में अत्याधिक गंभीर चोटे आई है। वही पीडिता ने अपने पति का इलाज कराने के बाद गाड़ी नम्बर के आधार पर आरोपित बाइक सवार के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की पत्नी की शिकायत पर शनिवार को केस दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# गांवों तक पहुंच रही योजनाओं से महिलाओं की बढ़ रही आय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को लेकर योगी सरकार की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन इस मामले में गेम चेंजर साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। अभी तक प्रदेश में करीब एक करोड़ पांच लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपना व्यवसाय संभाल रहीं हैं।

ग्राम स्तर तक पहुंची योजनाओं के चलते महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है और बड़ी संख्या में वे उद्यमिता की राह पर आगे बढ़ रहीं हैं। मिशन के तहत लखपति दीदी अभियान को भी तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में महिलाएं अब किसी पर आश्रित नहीं, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन से सफलता की नई कहानी गढ़ रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत करीब साढ़े 18 लाख लखपति दीदी का पंजीकरण किया जा चुका है।

सरकार का लक्ष्य है कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्थायी आय के स्रोत से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाए। इसके लिए महिलाओं को कौशल आधारित जिम्मेदारियां देकर उन्हें आय के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब गांव-गांव लखपति दीदी सफलता के साथ अपना काम संभाल रही हैं। एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी योजना के तहत प्रदेश की 57,000 ग्राम पंचायतों में बीसी सखियों की तैनाती का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 50,225 बीसी सखियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके अंतर्गत 40 हजार महिलाओं ने अब तक करीब 40,000 करोड़ रुपये का लेन-देन किया है। यह मॉडल ग्रामीण बैंकिंग सेवाओं को घर-घर पहुंचाने में अहम साबित हो रहा है। ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार, डिजिटल बैंकिंग, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़कर बहुआयामी अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल परिवारों की आय बढ़ रही है बल्कि गांवों में आर्थिक गतिविधियां भी तेज हुई हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आजीविका मिशन के जरिए महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बीसी सखी ग्रामीण बैंकिंग के लिए बड़ी उपयोगी साबित हो रही हैं। पहले जहां गांव के लोग बैंक जाने से हिचकते थे, अब वे घर के पास ही जमा-निकासी, पेंशन वितरण और डिजिटल भुगतान जैसी सेवाएं पा रहे हैं। इस पहल ने महिलाओं को न केवल रोजगार दिया, बल्कि उन्हें आर्थिक निर्णयों में सहभागी भी बनाया। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लघु उद्योग और स्वरोजगार शुरू करने के लिए आसान, ब्याज मुक्त और चरणबद्ध पूंजी उपलब्ध कराया जाता है।

# होलिका दहन पर भद्रा व चंद्रग्रहण का साया, चार को खेली जायेगी होली




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस बार होलिका दहन और रंगोत्सव में एक दिन का अंतर आ रहा है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस बार होलिका दहन पर भद्रा और चंद्र ग्रहण का साया रहेगा। इसलिए होलिका दहन दो मार्च को होगा, जबकि भद्रा और चंद्रग्रहण लगने वजह से तीन मार्च को होली नहीं खेली जाएगी। चार मार्च हो होली खेलना ही शुभ माना जा रहा है। ज्योतिर्विद डॉ. पं. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि, होलिका दहन के लिए उत्तम मानी जाती है। यदि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा का अभाव हो परंतु भद्रा मध्य रात्रि से पहले ही समाप्त हो जाए तो प्रदोष के बाद जब भद्रा समाप्त हो, शास्त्रों के अनुसार तब होलिका दहन करना चाहिए। यदि भद्रा मध्य रात्रि तक व्याप्त हो तो ऐसी परिस्थिति में भद्रा पुच्छ के दौरान होलिका दहन किया जा सकता है। परंतु भद्रा मुख में होलिका दहन करना उचित नहीं माना जाता है। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त दो मार्च की देर रात ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस साल होलिका दहन दो और तीन मार्च को लेकर असमंजस की स्थिति है। पर, काशी के ऋषिकेष पंचांग अनुसार दो मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 05:18 बजे से शुरू होकर तीन मार्च की शाम 04:33 बजे तक रहेगी। वहीं, भद्रा दो मार्च की शाम 05:18 बजे से सुबह 4:56 बजे तक रहेगी। होलिका दहन दो मार्च को भद्रा पुच्छ में रात 12:50 से रात 02:02 बजे तक या भद्रा समाप्त होने के बाद सुबह 4:56 बजे के बाद (यानी तीन मार्च की भोर में) भद्रारहित काल में भी होलिका दहन करना श्रेष्ठ है। रंग भरी होली चार मार्च को खेली जाएगी। तीन मार्च को लगेगा चंद्रग्रहण आचार्य पं. आनंद दुबे ने बताया कि स्नान दान के लिए पूर्णिमा तिथि तीन मार्च है। इस साल का पहला चंद्रग्रहण भी तीन मार्च को ही पड़ रहा है। यह एक ग्रस्तोदय चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखेगा। ग्रहण दोपहर 03:21 बजे से शाम 06:46 बजे तक रहेगा। तीन मार्च को सूतक सुबह 09:20 बजे से शाम 06:46 बजे तक करीब नौ घंटे तक का रहेगा। ग्रहण की वजह से होली से जुड़ा शुभकार्य नहीं हो सकेगा। ज्योतिषाचार्य पं. रवि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन द्रिक पंचांग अनुसार पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ दो मार्च की शाम 05:55 बजे से होगा, जो कि तीन मार्च की शाम 05:07 बजे पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी। होलिका दहन तीन मार्च मंगलवार को प्रदोष के दौरान शाम 06:46 बजे से रात 08:36 बजे भी कर सकते है।ोली चार मार्च को ही खेली जाएगी।

## चंद्र ग्रहण लगने से सभी राशियों पर पड़ेगा प्रभाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इस साल 3 मार्च 2026 को चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। ये साल का पहला और सबसे लंबा चंद्र ग्रहण बताया जा रहा है। हिंदू पंचांग के मुताबिक, ग्रहण दोपहर से शाम तक रहेगा। उसी दिन रात में होलिका दहन होगा और अगले दिन 4 मार्च को रंगों वाली होली खेली जाएगी। ये ग्रहण पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि में पड़ रहा है। चूंकि ग्रहण भारत के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा।

**चंद्र ग्रहण का समय:** भारतीय समय के अनुसार, ग्रहण शुरूः दोपहर 3:20 बजे, ग्रहण खत्मः शाम 6:47 बजे, कुल अवधि करीब 3 घंटे 27 मिनट की रहेगी।

**सूतक काल कब से लगेगा:** चंद्र ग्रहण में सूतक काल 9 घंटे पहले से शुरू माना जाता है। इस हिसाब से, सूतक काल की शुरूआतः सुबह 6:20 बजे से होगी।

**भारत में कहां दिखेगा चंद्र ग्रहण:** ये चंद्र ग्रहण भारत के कुछ इलाकों में दिखाई देगा। खास तौर पर पूर्वोत्तर राज्य- असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर में चंद्र ग्रहण नजर आ सकता है। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से- दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र और राजस्थान में आंशिक रूप से नजर आ सकता है। इसके अलावा ये ग्रहण भारत के बाहर भी कई देशों में दिखेगा, जैसे पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, लगभग पूरा एशिया, साथ ही ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, रूस, उत्तर और दक्षिण अमेरिका वगैरह।

**चंद्र ग्रहण का 12 राशियों पर क्या असर पड़ेगा:मेष राशि-** इस दौरान भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्चे कंट्रोल करना मुश्किल होगा। काम की टेंशन रहेगी और मन थोड़ा बेचैन रह सकता है। बड़े फैसले टालना बेहतर रहेगा।

**वृषभ राशि-** घर-परिवार से जुड़ी बातों में उलझन हो सकती है। पैसों को लेकर चिंता रहेगी। किसी पुराने मुद्दे पर बहस बढ़ सकती है, इसलिए शब्द सोच-समझकर बोलें।

**मिथुन राशि-** कामकाज में देरी हो सकती है। छोटी बातों पर मूड खराब हो सकता है। यात्रा या मीटिंग से जुड़ी प्लानिंग में बदलाव देखने को मिल सकता है।

**कर्क राशि-** आर्थिक दबाव महसूस हो सकता है। आमदनी धीमी लगेगी और खर्च बढ़ सकते हैं। घर के माहौल में भी थोड़ी खटपट बन सकती है।

**सिंह राशि-** ग्रहण सिंह राशि में पड़ रहा है, इसलिए असर ज्यादा दिख सकता है। सेहत का ध्यान रखें। थकान, चोट या अचानक परेशानी का योग बन सकता है। पैतृक मामलों में टेंशन हो सकती है।

**कन्या राशि-** मन भारी रह सकता है। बिना वजह चिंता बढ़ सकती है। काम में मन कम लगेगा और किसी भरोसेमंद इंसान से दूरी महसूस हो सकती है।

**तुला राशि-** दोस्तों या टीम के साथ गलतफहमी हो सकती है। किसी प्लान में रुकावट आएगी। सोशल सर्कल में किसी बात पर बहस से बचें।

**वृश्चिक राशि-** करियर को लेकर दबाव बढ़ सकता है। ऑफिस में जिम्मेदारी ज्यादा महसूस होगी। सेहत और नींद पर असर पड़ सकता है, खुद पर ध्यान रखें।

**धनु राशि-** यात्रा या पढ़ाई से जुड़े काम अटक सकते हैं। किसी बात को लेकर मन में कन्फ्यूजन रहेगा। जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें।

**मकर राशि-** पैसों से जुड़े मामलों में सतर्क रहें। उधार, कर्ज या निवेश को लेकर टेंशन बन सकती है। किसी पुराने झगड़े की बात फिर सामने आ सकती है।

**कुंभ राशि-** रिश्तों में गलतफहमी हो सकती है। पार्टनर या करीबी लोगों से बात करते समय शांत रहें। बेवजह की बहस रिश्तों में दूरी ला सकती है।

**मीन राशि-** कामकाज में अड़चन आ सकती है। घर की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। मन थोड़ा भारी रहेगा और किसी बात पर निराशा हो सकती है।

# साहित्य, खेल व शिक्षा् की विभूतियों को मिला सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बी.एम.एन सेवा संस्थान की ओर से उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में सम्मान समारोह हुआ, जिसमें विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, हरियाणा आदि राज्यों के चयनित लोगों को भी सम्मानित किया गया। वीरकेश्वर मल्ल सम्मान ओलंपियन संजीव सिंह, प्रभुनाथ राय और बंश बहादुर मल्ल साहित्य श्री सम्मान 2025 डा सुधाकर अदीब, डा विजयानंद (प्रयाग) को, बंश बहादुर मल्ल कला श्री सम्मान 2025 से सुशील कुमार सिंह, लखनऊ और डा राजीव कुमार शुक्ल को मिला। इसी क्रम में मल्ल संगीत श्री सम्मान 2025, डा मधुमिता भट्टाचार्य, वाराणसी, संजय सिंह नोएडा को, मल्ल नृत्य कला श्री सम्मान स्वीकृति, मल्ल कला श्री सम्मान से गोरखपुर मंडल की रीना जायसवाल को, मल्ल साहित्य श्री सम्मान 2025 से बालेंदु द्विवेदी, लखनऊ, डा चारूशीला सिंह, गोरखपुर, डा अंगद कुमार सिंह गोरखपुर को दिया गया। इसके साथ ही पार्वती मल्ल साहित्य श्री सम्मान 2025 जनपद देवरिया के प्रोफेसर यशवंत कुमार विरोदय, लखनऊ, डा राम मनोहर मिश्र, लखनऊ, सीमा नयन देवरिया को, पार्वती मल्ल उपन्यास सम्मान राम कठिन सिंह, लखनऊ को, गणेश मल्ल अनुवाद सम्मान 2025 डा सीजे प्रसन्न कुमारी, तिरुवनंतपुरम, बेबी कारफारमा, कोलकोता, दरियाव मल्ल सम्मान 2025 से आसमा कौल, फरीदाबाद गोविंद श्रीवास्तव अनुज, शिवपुरी को दिया गया। सुभाष मल्ल सम्मान 2025 डा काकाणी श्रीकृष्ण अमरावती, डेनियल राजेश मदुरै को, बलदेव मल्ल सम्मान 2025 जय भगवान सैनी, हिसार, प्रोफेसर बाबूराम, महावीर उत्तर काशी, नीरजा हेमेंद्र, लखनऊ, बंश बहादुर मल्ल यू ट्यूब सम्मान 2025 मुकेश कुमार तिवारी, गाजियाबाद, पार्वती मल्ल यू ट्यूब सम्मान 2025 सिम्मी सैनी दिल्ली को, रामदास सिंह युवा कवयित्री सम्मान वर्षा गुप्ता बांदा, डा नीलम सरोज, जौनपुर, तथा बंश बहादुर मल्ल छात्रा सम्मान 2025 अनन्या प्रजापति को दिया गया।

## रैम्प वॉक में फैशन के साथ दिखा जीवन जीने का जज्बा

लखनऊ। लखनऊ कनेक्शन वर्ल्ड वाइड ग्रुप की ओर से महानगर स्थित होटल में उम्मीद की उड़ान शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैंसर वॉरियर्स और सर्वाइवर्स के अदम्य साहस को सलाम किया गया। समारोह में सामुदायिक समर्थन शक्तिशाली प्रदर्शन देखने को मिला। जिसमें कैंसर सर्वाइवर्स और वॉरियर्स ने मुख्य अतिथि डॉ. लोकेन्द्र गुप्ता, संस्थापक सुनील मिश्रा के साथ रैंप वॉक किया। एकजुटता के इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन में सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मृदुला पांडे, अंकिता गुप्ता, सलमान बेग और अन्य ने भाग लिया। इसके बाद कैंसर सर्वाइवर्स को उनकी वीरता और जुझारूपन के लिए सम्मानित किया। साथ ही दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में एक जीवंत फैशन शो और रैंप वॉक का आयोजन हुआ, जिसमें सदस्यों ने सिंगल्स और कपल्स श्रेणियों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। फैशन शो की विजेता अंजू यादव रहीं। प्रथम उपविजेता पूजा टण्डन और द्वितीय उपविजेता रचना मिश्रा रहीं। कपल्स में साधना श्रीवास्तव और ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव विजेता बनी। वहीं उत्कृष्ट सेवा सम्मान नीमा पंत, निमिषा सोनकर, शैलेंद्र सिंह, डॉ. पल्लवी तिवारी, डॉ. पदम दीक्षित, प्रतिमा सोनकर, वीनू चड्ढा, मोनिका साई, शिल्पी सक्सेना और रविकर सक्सेना को सम्मानित किया।

# ड्योढ़ी पर चढ़े श्रद्धा के फूल, चौक में सजी लोक चौपाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अमर कथाकार अमृतलाल नागर की ऐतिहासिक ड्योढ़ी पर शहर के प्रबुद्ध जनों ने श्रद्धा के फूल चढ़ाए। खंडहर में परिवर्तित हो चुके उनके आवास पर रविवार को लोगों ने पुष्पांजलि दी तथा बान वाली गली स्थित सेठ पन्नालाल अग्रवाल धर्मशाला में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से आयोजित लोक चौपाल में नागर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की।

लोक संस्कृति विशेषज्ञ शाखा वन्द्योपाध्याय ने नागर जी से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उनकी रचनाधर्मिता, सहजता, सरलता और व्यापक लोक-स्वीकार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागर जी की कृतियों के डिजिटलीकरण हेतु उनके पुत्र शरद नागर एवं प्रपौत्रियों प्रो. ऋचा नागर और डा. दीक्षा नागर के प्रयासों की सराहना की। नागर जी के उपन्यास नाच्यो बहुत गोपाल के लेखन काल में उनके लिपिक और बाद में संगीत नाटक अकादमी में कार्यरत रहे राजेन्द्र वर्मा ने उनके लेखकीय अनुशासन, शोधपरक दृष्टि और जीवंत कथन-शैली को रेखांकित किया। संचित स्मृति ट्रस्ट के प्रतिनिधि नरेन्द्र वर्मा ने प्रो. ऋचा नागर एवं डा. दीक्षा नागर के संदेशों का वाचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दयानंद पाण्डेय ने कहा कि नागर जी प्रायः अपने उपन्यास बोलकर लिखवाते थे। उनके सान्निध्य में अनेक लोग लेखक और संपादक बने। उन्होंने कहा कि नागर जी ने फिल्मी कथा-पटकथा लेखन से लेकर सामाजिक-ऐतिहासिक विषयों तक व्यापक अनुभव अर्जित किया था। वे किसी भी कृति के पूर्व गहन शोध और तथ्य-संग्रह करते थे। खंजन नयन, सुहाग के नूपुर, शतरंज के मोहरे, ये कोठे वालियां तथा गदर के फूल जैसी कृतियाँ उनकी शोध-संपन्न लेखनी का प्रमाण हैं। चौपाल में डा. अपूर्वा अवस्थी ने नागर जी द्वारा लिखे जयशंकर प्रसाद के संस्मरण का वाचन किया। चौपाल प्रभारी एवं कार्यक्रम संचालक अर्चना गुप्ता ने नागर जी की रचना को स्वर दिया। साहित्यकार डा. करुणा पाण्डे ने नागर जी की रचनाओं को ऐतिहासिक दस्तावेज बताया। कवि श्रीकृष्ण द्विवेदी द्विजेश ने कविता 'मानस के हंस को दिखाया जनमानस में, नागर का लखनऊ चौक दिव्य धाम है' सुनाया। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने संकल्प व्यक्त किया कि नागर जी की साहित्यिक धरोहर के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे ताकि नई पीढ़ी उनके लोकनिष्ठ साहित्य से प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव, सोशल लाइफलाइन फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार गुप्ता, पन्नालाल धर्मशाला के प्रतिनिधि प्रवीन अग्रवाल, संचित स्मृति न्यास की प्रतिनिधि सीमा सक्सेना, हेमलता त्रिपाठी, मनु राय, आशा श्रीवास्तव, देवेश्वरी पवार, शकुंतला श्रीवास्तव, अंजलि खन्ना, ज्योति किरन रतन, राज नारायण वर्मा, सोनल ठाकुर, होमेंद्र मिश्रा, सुशील श्रीवास्तव, अखिलेश त्रिवेदी शाश्वत, हिमांशु गर्ग, संजीव गुप्ता, डा.एस.के.गोपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# श्री श्याम निशानोत्सव : फागण में होली मनायेंगे चलो खाटू नगरिया...

- श्याम ज्योत मंडल ने धूमधाम से निकाली सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में चल रहे 44वें श्री श्याम निशानोत्सव के तीसरे दिन रविवार को श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा में श्याम भक्तों ने सर पर राजस्थानी रंग-बिरंगी पंगडी बांधे हाथों में श्याम निशान को लहराते ध्वजावाहक कदमताल करते हुए चल रहे थे। मुझे लेके चलो ना फागुन के मेले में..., फागण में होली मनाएंगे चलो खाटू नगरिया..., सतरंगी फागुण का मेला आया..., श्याम भक्तों की टोली निशान लेकर चला फागुण मेले में..., फागुन की मस्ती तेरे भक्तों पे छाई.., खाटू जैसा दरबार नहीं देखा..., फागण में होली खेल रहा कलयुग का अवतारी खाटू नरेश..., जादू तुमने सांवरे कैसा चला दिया... इत्यादि भक्तिमय गीतों पर बैंड बाजा ढोल नगाड़े की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का भव्य स्वागत गणेशगंज में मित्तल परिवार एवं अमीनाबाद थाने के सामने श्याम प्रेमियों ने किया। शोभायात्रा में सबसे आगे प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणेश स्वरूप हाथी इठलाते हुए आराम से चल रहे थे। ऊंटों पर सैनिक, घोड़ों पर छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, लक्ष्मीबाई एवं महान सपूतों के विविध रूपों से सजे हुए युवक-युवतियां सवार थे। शोभायात्रा के मध्य में बाग्घी वाले रथ पर राम-लक्ष्मण-सीता, शंकर-पार्वती, गणेश-कर्तिकेय, कृष्ण-राधा, दुर्गा-काली-सरस्वती, बाल हनुमान-माता अजंनी, लव-कुश, तुलसीदास, गुरू वशिष्ठ, महात्मा गांधी, मंगल पांडेय-चंद्रशेखर आजाद-भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस, अब्दुल कलाम एवं महान साधु-संतों के विविध रूपों से सजे बालक एवं बालिकाएं शोभायात्रा में चार चांद लगा रहे थे। मंजू, प्रेमा, राजरानी, साक्षी, पायल, शिखा ने बताया कि शोभायात्रा में सर्वप्रथम लाल रंग विशाल ध्वज संकट मोचन हनुमान एवं पीताम्बर रंग ध्वज कलयुग के अवतारी बाबा श्याम का है। फूलों से सुसज्जित रथ पर अखंड जोत व बाबा श्याम की मनमोहिनी छवि के दर्शन श्याम प्रेमी कर रहे थे। भक्तों ने कई जगहों पर पुष्पवर्षा कर बाबा श्याम का स्वागत किया। श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क से प्रारंभ होकर रामनगर, शास्त्रीनगर, रकाबगंज, पांडेयगंज, रानीगंज, सराय फाटक, फतेहगंज, अमीनाबाद, श्रीराम रोड, केसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए श्री खाटू श्याम मन्दिर बीरबल साहनी मार्ग पर सम्पन्न हुई, जहां पर बाबा का निशान अर्पित किया गया। इस अवसर पर श्रवण अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनुपम मित्तल, अशोक अग्रवाल, योगेन्द्र अग्रवाल, विवेक गोयल, मोहित गोयल, अनिल, मुकेश एवं समिति के सदस्यगण मौजूद थे। कल सायं 4 बजे मण्डल के सदस्य बस द्वारा खाटू में बाबा श्याम को अर्पित करने के लिए निशान ले कर जायेगें तथा 24 फरवरी को बाबा श्याम को चढ़ायेगें. इसके पश्चात 26 फरवरी को लखनऊ वापिस आएंगे।

# वर्चुअल स्मृति गोष्ठी में अमृतलाल नागर को भावभीनी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रख्यात साहित्यकार अमृतलाल नागर की पुण्यतिथि पर संचित स्मृति न्यास द्वारा वर्चुअल स्मृति गोष्ठी आयोजित की गई। प्रो. ऋचा नागर ने अत्र कुशलं तत्रास्तु के माध्यम से नागर जी और रामविलास शर्मा की निष्कलुष, आजीवन मैत्री का उल्लेख किया। अमेरिका से जुड़ीं डॉ. दीक्षा नागर ने दादा जी की सृजन-प्रक्रिया तथा उनके बालसखा ज्ञानचंद जैन के सहयोग को स्मरण किया। मुम्बई से मोहित कुमार, लखनऊ से नरेंद्र वर्मा, श्रीमती नमिता ने नागर परिवार की साहित्यिक विरासत और संस्कारों को प्रेरणास्रोत बताया। अंत में सभी ने नागर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कथा और नाटक चक्रव्यूह का मंचन होगा

**लखनऊ।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार की ओर से जनेश्वर मिश्र पार्क में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में हुआ जिसमें बताया गया कि आगामी पांच से सात मार्च तक श्रीराधा माधव रसामृत कथा वृंदावन की साधना श्रीजी (देवी महेश्वरी) के मुखार बिन्द से दयाल बाग में होगी। 8 मार्च को महाभारत में श्रीकृष्ण का किरदार निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता नितिश भारद्वाज द्वारा अभिनीत महानाट्य चक्रव्यूह का मंचन किया जाएगा। डॉ आशीष गौतम ने बताया कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन विगत 30 वर्षों से समाज के जरूरतमन्द, गरीब, कुष्ठ रोगियों को सहयोग से कर रहा है।

# कविशाला में डॉ. अनिल रस्तोगी को लाइफ टाइम अचीवमेंट, पंकज को साहित्य सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ में रविवार को साहित्य, संवाद और संस्कृति का भव्य संगम देखने को मिला, जब शीरोज कैफे में कविशाला की ओर से आयोजित आगाज लखनऊ साहित्यिक उत्सव आगाज लखनऊ सजा। जहां साहित्यकारों, रंगकर्मियों, कवियों की उपस्थिति में वरिष्ठ रंगकर्मी पद्मश्री डा. अनिल रस्तोगी को उनके योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान और व्यंग्यकार पंकज प्रसून को कविशाला साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान इतिहासकार रवि भट्ट ने दिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार और भाषा चिंतक राहुल देव ने पत्रकारिता और भाषा संवाद विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बदलते समय में भाषा की जिम्मेदारी और पत्रकारिता की संवेदनशीलता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट ने अनकहा इतिहास विषय पर ऐसे प्रसंगों को सामने रखा, जो मुख्यधारा के इतिहास विमर्श में अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं। उनके सत्र ने श्रोताओं को इतिहास को नए दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित किया। लोक कलाकार मालविका हरिओम का सत्र लोक और लोकगीत पर बातचीत में भारतीय लोक परंपरा, लोकगीतों की सांस्कृतिक गहराई और उनकी समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की गई। लोकगीत, फाग, आदि गीतों को भी मालविका हरिओम ने खूबसूरती से प्रस्तुत किया।

पद्मश्री सम्मानित प्रसिद्ध अभिनेता अनिल रस्तोगी ने साहित्य, रंगमंच और समाज के रिश्तों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने अभिनय और साहित्य के बीच संबंधों को अपने अनुभवों के माध्यम से समझाया। प्रसिद्ध व्यंग्यकार पंकज प्रसून ने हास्य व्यंग नुक्ता चीनी के माध्यम से वर्तमान घटनाओं पर व्यंग्य किया। हाल ही एआई समिट में रोबो डॉग ओरियन विवाद पर पंकज ने कहा कि इस रोबो डॉग का नाम ओरियन नहीं चोरियन होना चाहिए। इसके साथ ही एप्सटीन फाइल पर पंकज ने कहा कि एप्सटीन फाइल में एक भी कवि का नाम नहीं है। क्योंकि एप्सटीन ने कभी कवि सम्मेलन नहीं कराया, यदि कराता तो कवि वापस आने के बाद कवि सम्मेलन के संस्मरण में सारी फाइल पहले ही खोल देता तो एप्सटीन फाइल इतने वर्षों बाद नहीं खुलती। वहीं कवि राजेश कुमार ने दोहा का संसार विषय पर दोहा परंपरा की संरचना और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। देर शाम हुए कवि सम्मेलन में डॉ. ओम शर्मा 'ओमह्न, डॉ. संजय शौक, लोकेश त्रिपाठी, आदर्श श्रीवास्तव, अभिष्टेष्ठ तिवारी, डॉ. सुधा मिश्रा, देवेन्द्र दीक्षित, प्रेरणा, आलोक और शहबाज तालिब ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., रायबरेली

पत्रांक: 431/1ए0/2025-26 दिनांक: 16/02/2026

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, रायबरेली द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में भवन कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी, डी, अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने सम्बन्धित नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रायबरेली | जनपद रायबरेली के सेसन्स हाउस एवं न्यायिक अधिकारीगण की जजेज कालोनी, सिविल लाइन्स रायबरेली तथा जजेज कालोनी केन्द्रीय विद्यालय के सामने गोरा बाजार रायबरेली में सूक्ष्म निर्माण कार्य | 8.00 | 0.80 | 860.00 | 02 month | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, रायबरेली | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में अंकित दरों में जी0एस0टी0 छोड़कर लगायी गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 25.02.2026 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 06.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 06.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा का तनकीनी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाना है, जिसका विवरण एन0आई0टी0 के बिड डाक्यूमेन्ट में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(महीपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा0खं0, लो0नि0वि0, रायबरेली।

UPID-246671 Date: 20.02.26
Website : www.upgov.nic.in

# मार्च तक यूपी रूट की 24 ट्रेनें कैंसिल, यात्रियों की बढ़ जायेगी परेशानी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में बड़ी संख्या में लोग रोजाना ट्रेन से सफर करते हैं. नौकरी, पढ़ाई, कारोबार या परिवार से मिलने जाना हो, रेल यात्रा आज भी सबसे भरोसेमंद और किफायती विकल्प मानी जाती है. ऐसे में अगर अचानक किसी रूट की ट्रेनें रद्द हो जाएं, तो यात्रियों की प्लानिंग पर सीधा असर पड़ता है. दिल्ली और यूपी रूट से जुड़े यात्रियों के लिए अहम अपडेट सामने आया है.। परिचालन कारणों से पटना, प्रयागराज, हावड़ा, अमृतसर, कामाख्या, कोलकाता, अजमेर और अंबाला सहित कई रूट्स की 24 ट्रेनों को 28 फरवरी तक कैंसिल करने का फैसला लिया है. इससे दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम जाने वाले यात्रियों पर असर पड़ेगा. सफर से पहले ट्रेन स्टेटस जरूर चेक कर लें।

**फरवरी 2026 में कैंसिल रहने वाली ट्रेनों की लिस्ट :** ट्रेन नंबर 14111 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज जं. एक्सप्रेस 25 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 22198 वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-कोलकाता एक्सप्रेस 27 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 12327 हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस 27 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 12328 देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस 28 फरवरी 2026 तक रद्द रहेगी। ट्रेन नंबर 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस 28 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी।

ट्रेन नंबर 14004 नई दिल्ली-मालदा टाउन एक्सप्रेस 26 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 14523 बरौनी-अंबाला हरिहर एक्सप्रेस 26 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 14524 अंबाला-बरौनी हरिहर एक्सप्रेस 24 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस 28 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी।

ट्रेन नंबर 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 27 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 01 मार्च 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस 23 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 15619 गया-कामाख्या एक्सप्रेस 24 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 15621 कामाख्या-आनंद विहार एक्सप्रेस 26 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी।

ट्रेन नंबर 15622 आनंद विहार-कामाख्या एक्सप्रेस 27 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 12873 हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस 26 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 12874 आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस 27 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 18103 टाटा-अमृतसर एक्सप्रेस 25 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 18104 अमृतसर-टाटा एक्सप्रेस 27 फरवरी 2026 तक कैंसिल रहेगी।

## मार्च में कैंसिल रहने वाली ट्रेनों की लिस्ट

ट्रेन नंबर 22197 कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) 01 मार्च 2026 तक कैंसिल, ट्रेन नंबर 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस 02 मार्च 26 तक कैंसिल, ट्रेन नंबर 22857 संतरागाछी-आनंद विहार एक्सप्रेस 02 मार्च 2026 तक कैंसिल, ट्रेन नंबर 22858 आनंद विहार-संतरागाछी एक्सप्रेस 03 मार्च 2026 तक कैंसिल रहेगी।

## दिल्ली-लखनऊ, हरिद्वार और बिहार के लिए चलने वाली होली स्पेशल ट्रेनें, शुरू हुई बुकिंग

**लखनऊ।** कामकाज के सिलसिले में दूसरे शहरों में नौकरी करने वालों को होली पर घर जाने के लिए ट्रांसपोर्ट की सबसे बड़ी समस्या रहती है। इसे देखते हुए हर साल रेलवे अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन करता है। इस बार भी रेलवे ने दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का संचालन किया है। इनमें होली स्पेशल दो ट्रेनें रामपुर स्टेशन से होकर न सिर्फ गुजरेंगीं, बल्कि यहां उनका ठहराव भी होगा। इससे नगर में रहने वाले लोगों को अपने घर जाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। दोनों ट्रेनों में टिकट के लिए आनलाइन और आफलाइन बुकिंग शुरू हो गई है।

मुख्य टिकट निरीक्षक गोविंद सिंह जनी ने बताया कि होली स्पेशल चलने वाली दो ट्रेनों का रामपुर स्टेशन पर दो-दो मिनट का ठहराव रहेगा। इनमें एक होली स्पेशल ट्रेन आनंद विहार से लखनऊ जंक्शन तक जाएगी। इस ट्रेन का संचालन पहली अप्रैल तक होगा। यह ट्रेन रोजाना चलाई जाएगी। दिल्ली से लखनऊ जंक्शन जाने वाली ट्रेन रामपुर स्टेशन पर रात 12.27 बजे पर आएगी और दो मिनट ही रुकेगी। लखनऊ जंक्शन से दिल्ली जाने वाली ट्रेन यहां रात 1.20 बजे पहुंचेगी।

इस ट्रेन के 40 चक्कर अप और 40 चक्कर डाउन के होंगे। दूसरी ट्रेन संख्या 04302/04301 हरिद्वार से मुजफ्फरपुर (बिहार) तक चलेगी। इसका भी दो मिनट का रामपुर स्टेशन पर ठहराव होगा। यह ट्रेन 25 फरवरी, 28 फरवरी और तीन मार्च को हरिद्वार से मुजफ्फरपुर तक चलेगी। ट्रेन का यहां पहुंचने का समय दिन में तीन बजकर 13 मिनट का है। इसी तरह मुजफ्फरपुर से हरिद्वार के लिए ट्रेन 26 फरवरी, पहली मार्च और चार मार्च को चलाई जाएगी। तब इसका रामपुर पहुंचने का समय सुबह 10.15 बजे का है।

## फिरोजपुर-दानापुर व ऋषिकेश-कोलकाता के बीच होली स्पेशल

**लखनऊ ।** रेलवे प्रशासन फिरोजपुर कैंट-दानापुर और योग नगरी ऋषिकेश-कोलकाता के बीच होली स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन नंबर 04616/4617 फिरोजपुर कैंट-दानापुर-फिरोजपुर कैंट होली स्पेशल फिरोजपुर कैंट से 12 बजे 26 फरवरी और 02 मार्च को चलेगी। वापसी में यह दानापुर से 06.17 बजे 27 फरवरी व 03 और 07 मार्च को चलेगी। यह ट्रेन एसी स्पेशल है। ट्रेन नंबर 04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश-कोलकाता-योग नगर ऋषिकेश होली स्पेशल ऋषिकेश से 22.20 बजे 26 फरवरी और 02 मार्च को चलेगी। वापसी में यह कोलकाता से 13.55 बजे 28 फरवरी और 04 मार्च को चलेगी। इसमें जनरल, स्लीपर, एसी थर्ड और एसी टू की बोगियां लगाई जाएंगी।

## स्पेशल ट्रेन से आसान हुआ सफर मुंबई-कानपुर लिए दौड़ेगी ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज विशेषगाड़ी का संचालन शुरू किया है। यह ट्रेन 20 फरवरी से 30 मार्च तक संचालित की जाएगी। इसके चलने से कानपुर व मुंबई की ओर जाने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा। यह साप्ताहिक विशेष गाड़ी 09185 मुंबई सेंट्रल से 22 फरवरी, 01, 08, 15, 22 एवं 29 मार्च 2026 तक प्रत्येक रविवार को संचालित होगी।



वहीं दूसरी ओर से 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी कानपुर अनवरगंज से 23 फरवरी, 02, 09, 16, 23 व 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को छह फेरों के लिए संचलन किया जाएगा। मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक रविवार को मुंबई सेंट्रल से 10.55 बजे प्रस्थान करेगी। जो दूसरे दिन हाथरस सिटी से 08.25 बजे पहुंचेगी। वहीं दूसरी ओर से कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक सोमवार को कानपुर अनवरगंज से 18.25 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन हाथरस सिटी स्टेशन से 23.50 बजे मथुरा की ओर प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 और जीएसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जाएंगे। एनईआर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा ने बताया कि इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को लाभ मिलेगा।

# कनेक्टिंग ट्रेन विकल्प से यात्रा योजना अब हुई आसान

- डिजिटल भुगतान पर 3% की आकर्षक छूट मिलेगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अब रेल यात्रियों को टिकट बुक करते समय डायरेक्ट ट्रेन न होने पर कनेक्टिंग यात्रा का विकल्प मिलेगा। इससे पहले आईआरसीटीसी ऐप पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी। नए फीचर के तहत यात्री आसानी से देख सकते हैं कि कौन सी ट्रेन से यात्रा करना आसान और समय की दृष्टि से उपयुक्त रहेगी। इससे स्टेशन कोड बदलकर अलग-अलग ट्रेन खोजने में समय की बचत होगी।

रेलवन ऐप में प्रारंभिक और द्वितीयक ट्रेन का समय अंतर पहले से तय किया गया है, ताकि यात्रियों को पता हो कि कनेक्टिंग स्टेशन पर पहली ट्रेन के पहुँचने के बाद कौन सी ट्रेन उनके गंतव्य के लिए सर्वोत्तम रहेगी। मालदा मंडल की छह ट्रेनों की कैटेगरी भी बदली जा रही है। ये वे ट्रेनें हैं जिनसे भागलपुर के यात्री कनेक्टिंग यात्रा करते हैं। इसके अलावा, रेलवन ऐप पर टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

पहले यह सुविधा केवल आर-वालेट से भुगतान करने पर मिलती थी, लेकिन अब डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और गैर-बैंकिंग ऐप्स से भुगतान करने पर भी छूट मिलेगी। रेलवन ऐप अब यूटीएस मोबाइल की तरह आर-वालेट तक ही सीमित नहीं है। ऐप के जरिए यात्रियों को अनारक्षित और आरक्षित टिकट, प्लेटफार्म टिकट, ट्रेन और स्टेशन की जानकारी, ग्रिवांस सिस्टम, खानपान के ऑर्डर, पीएनआर स्टेटस, कोच पोजिशन, रियल-टाइम ट्रेन जानकारी और लाइव स्टेट्स एक ही जगह पर मिलेंगे।

पहले यह सुविधाएँ अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध थीं, जैसे:आरक्षित टिकट के लिए आईआरसीटीसी ऐप, लाइव ट्रेन स्टेटस के लिए एनटीईएस ऐप, शिकायत दर्ज करने के लिए रेल मदद, ट्रेन में खाना ऑर्डर करने के लिए फूड ऑन ट्रैक। अब ये सारी सुविधाएँ रेलवन ऐप में उपलब्ध हैं, जिससे यात्रियों को एकीकृत और सुविधाजनक अनुभव मिलेगा। क्रिस (सेंट्रल रेलवे इंफार्मेशन सेंटर) ने इसका बीटा संस्करण जनवरी में लॉन्च किया था और यह ऐप प्ले स्टोर और ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

# सैनिकों के समर्पण और त्याग का देश सदैव ऋणी रहेगा : चौहान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के प्रादेशिक अधिवेशन के अवसर पर के प्रदेश महासचिव वेटरन कृष्ण प्रकाश चौहान ने बताया कि उनकी संस्था का द्वितीय प्रादेशिक अधिवेशन एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सीतापुर रोड लखनऊ के सभागार में आयोजित किया गया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से वरिष्ठ पूर्व सैनिक, संस्था के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष सम्मिलित हुए।

सम्मेलन में पेंशन, कल्याणकारी योजनाओं, पुनर्वास तथा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु नीतिगत सुझाव तैयार करना तथा संगठन को राज्य एवं जिला स्तर पर सशक्त बनाना है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष वेटरन अजमेर बहादुर सिंह जी के नेतृत्व में अधिवेशन आयोजित हुआ जिसमें एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन और सदस्य विधान परिषद आदरणीय पवन सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संपूर्ण प्रदेश से आए हुए प्रतिनिधियों का अंग वस्त्र एवं पुष्प हार के साथ स्वागत किया गया तथा संस्था में समर्पण भाव के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 सदस्यों को संस्था के संरक्षक वेटरन आर के पांडे जी द्वारा स्मृति चिन्ह तथा तिरंगा पट्टी के साथ पुरस्कृत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वेटरन अजमेर बहादुर ने संस्था के 15 कर्मठ समर्पित पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष वेटरन अरुण कुमार द्विवेदी वेटरन ओ पी त्रिवेदी प्रदेश प्रवक्ता श्रीराम शिवहरे, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश वर्मा, संयोजक वेटरन अजय सिंह एवं वेटरन आर पी कटियार के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष भगत सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के लोकप्रिय 'मन की बात' कार्यक्रम के 131 संस्करण कार्यक्रम को भाजपा वरिष्ठ नेताओं ने बूथ स्तर पर कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों के साथ सुना। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द ने कैंट बूथ संख्या 138 पर कार्यकताओं के साथ सुना। राज्यसभा सासंद डॉ दिनेश शर्मा एवं मध्य उपविजेता राजेश गुप्ता ने लालकुआं स्थित रिसालदार पार्क में, एलएमसी मुकेश शर्मा ने चिनहट स्थित बूथ संख्या 421 पर, अलीगंज स्थित बूथ संख्या 210 पर विधानपरिषद सदस्य संतोष सिंह, गोमतीनगर स्थित बूथ संख्या 318 पर एलएमसी अनूप गुप्ता, नगर निगम कार्यालय पर महापौर सुषमा खर्कवाल, इंजीनियरिंग चौराहा स्थित कार्यालय पर उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, विधायक ओ पी श्रीवास्तव ने लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड की बूथ संख्या 208 में बड़ी संख्या में कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

## आईसीएआई लखनऊ के चेयरमैन बने अश्वनी जायसवाल

**लखनऊ।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट लखनऊ शाखा के चेयरमैन सीए अश्वनी जायसवाल चुने गए हैं। आईसीएआई की प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को कार्यसमिति की बैठक गोमतीनगर, लखनऊ स्थित शाखा में हुई।बैठक में वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। आईसीएआई की ओर से बताया गया कि वाइस चेयरपर्सन के पद पर सीए ऋषभ मिश्रा का चयन किया गया है। सचिव सीए आशीष गुप्ता , कोषाध्यक्ष सीए चारू खन्ना व सिकासा की सभापति चुनी गई हैं। साथ ही पूर्व चेयरमैन सीए अनुराग पांडे सदस्य,सीए प्रियंका गर्ग सदस्य और सीए अंशुल अग्रवाल सदस्य चुने गए।



## स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन



**लखनऊ।** स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल, गीतापल्ली, आलमबाग में आर्ट एंड क्राफ़्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्र एवं छात्राओं द्वारा क्राफ्ट से संबंधित कलाकृतियों और विज्ञान आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्रधानाचार्या सुषमा शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में असीमित संभावनाएं होती है। इसी क्रम में आज आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाई गई कृतियों को अभिभावकों ने बहुत सराहा और प्रशंसा की।

# लविवि की ऐतिहासिक लाल बारादरी को बंद करने के विरोध में छात्र आंदोलन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित ऐतिहासिक धरोहर लाल बारादरी को प्रशासन द्वारा घेरने एवं बंद किए जाने के निर्णय के विरोध में आज विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं और सैकड़ों विद्यार्थियों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों का कहना है कि लाल बारादरी केवल एक भवन नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक और इतिहास है। जिसके साथ किसी भी प्रकार का छेड़ चार बर्दाश नहीं किया जाएगा। धरने पर बैठे छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि बिना किसी पारदर्शी सूचना और छात्र समुदाय से संवाद किए इस ऐतिहासिक स्थल को बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि भवन के संरक्षण या मरम्मत की आवश्यकता है तो सरकार और प्रशासन को इसे संरक्षित धरोहर के रूप में विकसित करना चाहिए, न कि छात्रों और आम नागरिकों की पहुंच से दूर करना चाहिए।

छात्र नेताओं ने मांग की है कि लाल बारादरी को तत्काल प्रभाव से पहले जैसा ही खुला रहने दिया जाए। भवन के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की विस्तृत योजना सार्वजनिक की जाए। और इसके संदर्भ में जो 5 करोड़ की राशि सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदान की गई थी उस धन राशि का अब तक लाल बरादरी में क्या उपयोग किया गया है उसको सार्वजनिक करे।

इस विषय में विश्वविद्यालय प्रशासन, पुरातत्व विशेषज्ञों और छात्र प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति गठित की जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका शांतिपूर्ण धरना जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा के लिए किया जा रहा है।

# चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान किया गया : रोहित अग्रवाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि मेरठ की पावन धरती से प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को स्मरण करते हुए व्यक्त किए गए विचारों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में सकारात्मक संदेश गया है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान करने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा लिया जाना इस बात का प्रमाण है कि वर्तमान सरकार किसान नेताओं के योगदान का सम्मान करती है।

रोहित अग्रवाल ने कहा कि देश में लंबे समय तक विभिन्न दलों, विशेषकर कांग्रेस की सरकारें रहीं, किंतु किसी ने भी चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की पहल नहीं की। प्रधानमंत्री ने यह महसूस किया कि किसानों के हक और उनकी अस्मिता के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाले नेता को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया जाना चाहिए। मेरठ, जिसे चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि और जन्मभूमि के रूप में जाना जाता है, वहां से उन्हें नमन करना किसानों के आत्मसम्मान से जुड़ा संदेश है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चीनी मिलों का आधुनिकीकरण, एथेनॉल इकाइयों की स्थापना, भंडारण क्षमता का विस्तार, कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन, डिजिटल मंडियों की स्थापना और ई-नाम व्यवस्था के माध्यम से किसानों को पारदर्शी भाव उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# इस बार सपा की सरकार बनेगी : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जैसे-जैसे जनसामान्य में पीड़ा बढ़ रही है। पीडीए का आंदोलन बढ़ रहा है। लोग पीडीए से जुड़ते जा रहे हैं। हम सब भी दलित, पीड़त, शोषित लोगों के साथ हैं। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए समाजवादी साथी पीडीए से मिलकर सामाजिक न्याय की स्थापना करने के लिए संकल्पित है। उत्तर प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम समाजवादी करेंगे।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं और कार्यकताओं का आभार जताते हुए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा हर जगह गंदगी करना चाहती है। वैसे ये सरकार बचने वाली नहीं है। जनता ने इसे अस्वीकार कर दिया है। बस वोट करने का लोग वेट कर रहे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गीता में लिखा है माया में रह कर भी माया से जो दूर रहे वो योगी है। गुरु नानक जी ने भी कहा था वस्त्र पहनने, कान छिदवाने से कोई योगी नहीं होता है। बताइए शंकराचार्य के साथ क्या व्यवहार हो रहा है। जिस समय शिखा को पकड़ कर अपमानित किया जा रहा था उस समय भाजपा के लोग कहां थे, हमारी सनातनी व्यवस्था में किसी शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोका नहीं गया लेकिन ये पहली बार हुआ। अब घटिया आरोप लगवा रहे है। श्री यादव ने कहा कि 20 साल पुरानी बात शंकराचार्य को अपमानित करने के लिए किसको ढूंढ कर लाए। रामभद्राचार्य जी के बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए, लेकिन अगर यह उनका चेला है, तो मुझे यह गलती हुई है। हमने रामभद्राचार्य जी पर 420 का मुकदमा था, उसको हमने वापस लिया था मुझे उन्हें जेल भेज देना चाहिए था।

अखिलेश यादव ने कहा कि इन दिनों गोमती को लेकर सीरियस टॉक और डिस्कशन हो रहा है। अखबारों में चर्चा हो रही है, गोमती के पानी को दूषित होने से कितने लोग बीमार हो रहे हैं अन्य बीमारियां आ रही है जो व्यवस्था शुरू की थी हिंडन नदी, वरुणा नदी, काली नदी साफ करने की बात थी, भाजपा ने कुछ नहीं किया। ये विकास से नफरत करते है, अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछा रहे हैं जो भ्रष्टाचार की पाइपलाइन है।

# पुष्प प्रदर्शनी के विजेताओं पर बरसे सम्मान के फूल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पद्मश्री डॉ० एस०सी० राय ई-पार्क में नगर निगम द्वारा आयोजित 22वीं पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिताझ2026 का रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ भव्य समापन हो गया। दो दिनों तक खिले रंग-बिरंगे फूलों और हरियाली की मनमोहक छटा ने शहरवासियों को प्रकृति के और करीब ला दिया। समापन अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद कुमार राव ने विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। महापौर ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता, सौंदर्यबोध और प्रकृति प्रेम का अद्भुत परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने शहर को और अधिक हरा-भरा व स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के वर्गों में विजेताओं की घोषणा होते ही तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा।




**इन्हें मिला पुरस्कार :** सदाबहार पत्तियों वाले गमलों के संस्थागत वर्ग में उद्यान भवन, सप्रू मार्ग तथा व्यक्तिगत वर्ग में विश्व नारायण श्रीवास्तव को सम्मान मिला। जाड़े के मौसमी फूलों में संस्थागत वर्ग में उद्यान भवन और व्यक्तिगत वर्ग में रमेश कुमार (आईआईएम रोड) विजेता रहे। फूलों के कलात्मक समूह, डहेलिया, गुलाब (कट फ्लावर), बोगेनविलिया, सक्यूलेंट एवं बोनसाई, वर्टिकल वॉल सज्जा, सजीव पौधों से आकृतियां, शाक-भाजी और निर्यात योग्य प्रमुख पुष्प जैसे आकर्षक वर्गों में प्रतिभागियों ने अपनी कला और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। डहेलिया वर्ग में राघवेन्द्र यादव और प्रियंका श्रीवास्तव, जबकि डहेलिया कट फ्लावर में रामचंद्र विजेता रहे।

समस्त 24 वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विश्व नारायण श्रीवास्तव (छोटा चौंदगंज) ने विशेष उपलब्धि हासिल की। उन्हें 2100 रुपये की नगद राशि एवं विनर कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा ह्यअन्नूह्, कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान, गौरी सांवरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## फागुन उत्सव की तैयारियां तेज, नगर में भक्ति का महासंगम 26-27 को

**कुशीनगर।** श्री श्याम मित्र मंडल पडरौना की आयोजन समिति की बैठक श्री श्याम मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इसमें आगामी श्री श्याम फागुन उत्सव को भव्य रूप देने के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए। मंदिर परिसर और बाबा का विशेष श्रृंगार कोलकाता व बनारस के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश गोयल व संतोष गोयंका ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक श्याम नाम मेहंदी, सायंकाल 7 बजे ताली व मनुहार कीर्तन होगा। 27 फरवरी प्रातः 7 बजे निशान पूजन के बाद घोड़ा, हाथी, बैंड-नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण निकलेगा। शाम 7 बजे से भजन संध्या में झुंझुनू (राजस्थान) से पधार रहे भजन गायक सचिन तुलस्यान और सुभाष पारीक भजनों की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बैठक में अध्यक्ष मनीष चिरानिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## परिजनों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज, आरोपी बाबू निलंबित

**देवरिया।** कृष्ण मोहन सिंह के आत्महत्या के मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। परिजनों की तहरीर पर नामजद एफ आई आर सर्किल थाने में दर्ज कर ली गई है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर सीडीओ की अध्यक्षता एसडीएम सदर /डीआईओएस की जांच टीम गठित की गई है, जो पूरे मामले की बिंदुवार जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने हेतु आरोपित पटल सहायक संजीव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्ध है।

## मतदाता सूची की शुद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता

**देवरिया।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद देवरिया में चल रहे विशेष अभियान के तहत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ की उपस्थिति, प्राप्त प्रपत्रों (फॉर्म 6, 7 एवं 8) की प्रगति तथा आम नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि, अपूर्णता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बूथों पर आयोजित विशेष शिविरों में पहुंचकर नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन तथा प्रविष्टियों में संशोधन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रपत्रों का समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाये।

# भरहेचौरा पुल निर्माण भूमि पूजन संपन्न



● क्षेत्र के विकास को मिलेगी नयी गति

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम भरहेचौरा के समीप छोटी गंडक नदी के मंगल बाबा घाट पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चन के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी रहे। वहीं कार्यक्रम में प्रस्तावक के रूप में रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाटपाररानी के विधायक सभाकुंवर कुशवाहा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार में क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित पुल के निर्माण से आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि जनता ने एक गरीब परिवार के बेटे को विधायक बनाकर जो विश्वास जताया है, उसे वे विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भरहेचौरा पुल सहित रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र में तीन पक्के पुलों का निर्माण कार्य जारी है। साथ ही क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कों को टू-लेन किया जा चुका है तथा हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने और उनकी क्षमता बढ़ाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है। इलाज के लिए आवेदन करने पर सरकार की ओर से त्वरित सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने भरहेचौरा गांव में एक अंत्येष्टि स्थल बनवाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर भाटपाररानी के विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि क्षेत्र में स्कूल, सड़क और पुल जैसे विकास कार्य होने से आसपास के लगभग 50 गांवों के साथ-साथ बिहार के लोगों को भी आवागमन और शिक्षा के क्षेत्र में सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सांसद और विधायक से भरहेचौरा गांव में अंत्येष्टि स्थल के निर्माण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पुल बनने से क्षेत्र की जनता को वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी और व्यापार तथा शिक्षा के अवसर भी बढ़ेंगे।

इस दौरान विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह की क्षेत्रीय विकास के प्रति सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बनकटा बिंदा सिंह कुशवाहा, जय नाथ कुशवाहा गुड्डन, ग्राम प्रधान अशोक यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भटनी मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्र ने की तथा संचालन जयप्रकाश मिश्र एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर विशंभर तिवारी, प्रकाश पांडे, दिवाकर यादव, राजेश कुशवाहा, अमित तिवारी, कृष्णा, आशीष पासवान, दिनेश साहनी, लखन यादव, अवधेश यादव, गुड्डू अंसारी, रोशन जमीर, राम अवतार कुशवाहा, शकुंतला यादव, रमेश प्रजापति, हितेंद्र तिवारी, विजय गुप्ता, रमेश वर्मा, टुनटुन वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## नंदगांव बना जैविक खेती का प्रशिक्षण केंद्र

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद के नन्दगाँव ढाबा परिसर में सुल्तानपुर के सभी विकास खण्डों से आए प्रगतिशील किसानों का जुटान हुआ। किसान जैविक खेती और ऑर्गेनिक खाद के प्रशिक्षण हेतु पहुंचे थे। कार्यक्रम का संयोजन कृषि विभाग सुलतानपुर के कृषि उपनिदेशक श्रीराम आश्रय द्वारा किया गया। विभागीय टीम किसानों को बस से नंदगांव लाई। यहां किसानों को ऑर्गेनिक खेती, कंपोस्ट निर्माण तथा बादाम, सेब और हर्बल गार्डन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं नंदगांव ने यह मिथक तोड़ा कि अवध की भूमि पर सेब-बादाम नहीं उग सकते जहाँ पर नन्दगाँव ने उगा कर मिशाल पेश कर रहा है। खास कर प्रशिक्षण आकर्षण रहा मिक्स मसाला पौधा, जिसे आचार्य जगदीश चंद्र बोस भारतीय वनस्पति उद्यान ने विकसित किया है, जिसके पत्तों से 14 मसालों की सुगंध आती है। किसानों ने छोटी जोत में अधिक मुनाफे वाली व्यावसायिक खेती पर विशेष रुचि दिखाई। दीमक की समस्या पर मदार के पत्ते उपयोग करने की जानकारी दी गई। सरकंडा, मिट्टी व लकड़ी से बनी कॉटेज भी आकर्षण का केंद्र रही। अंत में किसानों ने अमृत कुंड पर गंगा आरती की और बाटी-चोखा का स्वाद लिया।

## वैश्य महासभा ने की कर्म कांड के लिए भूमि आवंटन की मांग



**कसया, कुशीनगर।** मद्धेशिया वैश्य महासभा द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष/ईओ को पत्रक सौंपकर वार्ड नंबर 13 राम जानकी नगर/ ब्रम्ह स्थान में कर्म कांड, नित्यक्रम हेतु भूमि आबंटन की मांग की। रविवार को महासभा के राष्ट्रीय मंत्री हीरालाल, प्रदेश मंत्री प्रभात कुमार, नगर अध्यक्ष पन्ना लाल मद्धेशिया के नेतृत्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल को दिए गए पत्रक में महासभा ने मृत्यु के उपरांत होने वाले कर्मकांड हेतु भूमि आबंटन की मांग की। नगर अध्यक्ष श्री मद्धेशिया ने कहा कि नपा के वार्ड नंबर 13 और 27 के निवासियों को कर्म कांड और नित्य कर्म के लिए परेशान होना पड़ता है। इसलिए भूमि अतिशीघ्र आवंटित किया जाए। जहां लोगों को बुनियादी सुविधा मिल सके। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने महासभा की मांगो पर सकारात्मक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पन्नेलाल मद्धेशिया, संजय मद्धेशिया, राधे मद्धेशिया, विंध्याचल, गुलाब मद्धेशिया, कुश कुमार, गणेश मद्धेशिया, कृष्णा मद्धेशिया, राजू मद्धेशिया, अवधेश मणि, राहुल, अंगद मद्धेशिया, सुनील, रविन्द्र कश्यप, ओम प्रकाश, विजय गुप्ता, मनोज आदि मौजूद रहे।

## 8 मार्च को 11 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

**कुशीनगर।** पूर्वाचल मानव सेवा संस्थान द्वारा 8 मार्च को पडरौना नगर के जटहाँ रोड स्थित बुढ़िया माई मैरेज लॉन में 11 सौभाग्यशाली कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी कार्यक्रम अध्यक्ष दीप नारायण अग्रवाल व प्रबंधक पप्पू पाण्डेय ने संयुक्त रूप से मीडिया से मुखातिब होकर दी। छह वर्ष से अनवरत चल रहे इस कार्यक्रम मे संस्था द्वारा अब तक 31 कन्याओं का विवाह जनसहयोग के माध्यम से कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आयोजन पूरी तरह दहेज-मुक्त व नशा-मुक्त रहेगा। उन्होंने कहा कि महान समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के आदर्शों पर चलते हुए इस वर्ष विधवा-विधुर पुनर्विवाह भी कराया जाएगा। संस्था प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी का सामान देगी। इतना ही नहीं, जो दंपति पांच वर्षों तक सफलतापूर्वक वैवाहिक जीवन व्यतीत करते हैं, उन्हें लगातार पांच वर्षों तक 11-11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में निःशुल्क पंजीकरण के साथ बालिग वर-वधू और दोनों परिवारों की सहमति अनिवार्य रखी गई है।

## एनएसएस शिविर : युवा किताबों की जगह मोबाइल से कर रहे हैं इश्क : अंबुजेश

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन मुख्य अतिथि अंबुजेश ने शिक्षा के बदलते स्वरूप से युवाओं का सामंजस्य विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान शिक्षा का सबसे बड़ा संकट गुरु - शिष्य संबंध में गिरावट है। हमारा युग इस बात का साक्षी है कि हमारे युवा किताबों की जगह मोबाइल से इश्क कर रहे हैं। यह वर्तमान शिक्षा के पतन का एक प्रमुख कारण है। आपने युवाओं को रटने की जगह समझने का सुझाव दिया। आपने बताया कि रटे गए गए ज्ञान, समझे गए ज्ञान और उतारे गए ज्ञान में काफी अंतर होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में रटने की जगह समझने पर बल दिया जाता था। प्राचीन भारत में शिक्षा का स्तर बहुत ऊंचा था। उस समय सभी लोग साक्षर थे क्योंकि शिक्षा हमारे लिए आजीविका का साधन नहीं अपितु एक संस्कार थी। ब्रिटिश काल में प्रत्येक गांव में गुरुकुल थे। शिक्षा व्यवस्था समाज द्वारा संचालित और आत्मनिर्भर थी। आपने युवाओं से आह्वान किया कि प्रतिदिन कम से कम 2 घंटे मोबाइल से दूर रहें। मुख्य का परिचय कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य द्वारा कराया गया जबकि आभार डॉ पारस नाथ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अंकित कुशवाहा ने किया। दिन शुरूआत स्वयंसेवकों द्वारा कसया नगर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालने के साथ की गई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को गुलाब भेंट कर ऐसा न करने हेतु प्रेरित किया गया। स्वच्छता रैली में कसया नगर पालिका के स्वच्छता कर्मियों ने भी सहयोग किया।

## विधिक सेवा प्राधिकरण का मेगा विधिक सहायता शिविर आयोजित

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , देवरिया के तत्वाधान में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में आमजन को दिया गया सरकारी योजनाओं का लाभ। उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिये गये दिशा-निर्देश में आज प्रातः 10 बजे राजकीय इण्टर कालेज देवरिया में जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री बद्री विशाल पाण्डेय, नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री मनोज कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी देवरिया श्री राजेश कुमार सिह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0) श्रीमती शैलजा मिश्रा एवं जिला कारागार अधीक्षक, देवरिया श्री आशीष रंजन के द्वारा वृह्द मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के सम्बन्धित विभागो के द्वारा चिन्हित लाभार्थियों को स्टाल लगाकर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं का लाभ देकर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान 531 निर्बल, निर्धन, बच्चे, महिलाएं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक और अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों को संबंधित विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत जनपद न्यायाधीश के द्वारा लाभान्वित कर उन्हे प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान विशेषतः दिव्यांग जनों को 46 ट्राईसायकिल, कुष्ट रोगी को एडीएल कीट 22, मानसिक रोगी जन को 10 एमआर कीट, व नेत्रहीन दिव्यांगो को 5 स्मार्टकैन छड़ी तथा अन्य विभागों के द्वारा भी 448 लाभार्थियों को लाभ प्रदान कर समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छह माह के नवजात बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया।

# संस्कार व शिक्षा से ही बनेगा सशक्त भारत : आरपीएन

जिला संवाददाता (vol)

● रियल पैराडाइज ऐकडमी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे नौनिहालों ने बिखरे नमरते प्रतिभाओं का जलवा

**कुशीनगर।** पडरौना नगर स्थित रियल पैराडाइज ऐकडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री व राज्यसभा सांसद आरपीएन सिह सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे सभागार को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। इसके बाद नौनिहालों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार, माता-पिता और गुरुजनों के प्रति दायित्व, राष्ट्रभक्ति जैसे गंभीर विषयों पर प्रभावशाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किए, जिन्हें खूब सराहा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा देने का स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। यहां तैयार होने वाले विद्यार्थी ही आने वाले दिनो में भारत की दिशा और दशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दौर प्रतिस्पर्धा का है, लेकिन केवल अंकों की दौड़ में शामिल होना ही सफलता नहीं है, बल्कि संस्कार, अनुशासन और चरित्र ही व्यक्ति को असली पहचान दिलाते हैं। मुख्य वक्ता व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजियावन मौर्य ने कहा कि विद्यालय संस्कारों का वह मंदिर है जहां से यह बच्चे निकलकर शिक्षक, इंजीनियर, उच्चाधिकारी और सफल राजनेता बनते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुओं और माता-पिता का सम्मान करने की सीख देते हुए कहा कि यही सम्मान उन्हें जीवन में उच्च शिखर तक पहुंचाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र शुक्ल सहित अन्य अतिथियों ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लगन, मेहनत और अनुशासन सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता पाण्डेय व प्रबंधक डॉ. नीरन पाण्डेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन ने शिक्षा के साथ संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त संदेश दिया।

## गन्ने के साथ प्याज की खेती से बढ़ेगी आयः ओपी गुप्ता

**कुशीनगर।** वसंतकालीन गन्ने के साथ प्याज की सहफसली खेती करके 135 से 140 दिनों में एक एकड़ गन्ने में 75 से 85 कुन्तल प्याज होगी, मई में प्याज की फसल तैयार हो जाती है। यह जानकारी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दी। बताया कि प्याज का प्रयोग प्रत्येक परिवार में सलाद, मसाला तथा सब्जी बनाने के रूप में होती है। प्याज को औषधि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है।

प्याज में फास्फोरस कैल्शियम और कार्बोहाईड्रेट होता है, विटामिन सी भी होता है। प्याज की प्रमुख किस्में पूसा रेड, एन-53, अर्का प्रगति एग्रीफाउण्ड लाइट रेड, पूसा माधवी, अर्का कल्याण आदि हैं। गन्ने की प्रजातियाँ को.शा. 13235, को. 0118, को.लख. 14201, को.से. 8452, को.शा. 17231, 18231, को.से. 17451, को.लख. 16470 ये प्रजातियां गन्ना शोध संस्थान, चीनी मिलों द्वारा भी दी जा रहीं हैं। प्याज की वैज्ञानिक खेती व शोध तकनीक के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए कृषक अध्ययन यात्रा कार्यक्रम में ओम प्रकाश गुप्ता ने प्याज अनुसंधान संस्थान राजगुरूनगर पुणे महाराष्ट्र जाकर वैज्ञानिकों के साथ प्याज अनुसंधान प्रक्षेत्र को देखा व जानकारी प्राप्त किया। नासिक प्याज अनुसंधान केन्द्र जाकर प्रशिक्षण भी लिया है। खेत की अच्छी तरह तैयारी करें अंतिम जुताई के समय सड़ा गोबर 70 से 80 कुन्तल एक एकड़ खेत में प्रयोग करें, 5 किग्रा ट्राईकोडर्मा डाले, गन्ने की बुवाई 120 सेमी. की दूरी पर नाली बनाकर करें। गन्ने की दो लाइन के बीच खाली स्थान में प्याज के लिए गन्ने के अतिरिक्त अलग से उर्वरक 50 किग्रा डीएपी, 20 किग्रा यूरिया, 30 किग्रा म्यूरेट ऑफ पोटाश, 5 किग्रा सोटा सल्फर 80 प्रतिशत डब्लूडीजी प्रयोग कर हल्की गुड़ाई कर मिट्टी में मिला दें। एक किग्रा ह्यूमिक एसिड हुवली 98 प्रतिशत प्रयोग करें। महाराष्ट्र में प्याज-गन्ना किसान खुशहाल है। वहां से प्याज उप्र भी आ रही है। रोपाई का तरीका- गन्ने की दो लाइनों के बीच प्याज की चार लाइन रोपाइ करें। प्याज की लाइन से लाइन की दूरी 15 सेमी. तथा पौधा से पौधा की दूरी 10 सेमी. रखनी चाहिए। उचित होगा कि प्याज के पौधों की नर्सरी गिराएं। इस समय देर हो गई है इसलिए बाजार से खरीदें। यदि पौध नहीं मिलता है तो तरकुलवा के पास ग्राम सबवट कैथवलिया में किसान जयसिंह कुशवाहा से पास एक बिगहा खेत में प्याज की नर्सरी उपलब्ध है। ओम प्रकाश गुप्ता ने प्याज की नर्सरी देखा व सराहना की। प्याज गन्ने में कीट नियंत्रण कैसे करता है के बारे में श्री गुप्ता ने बताया कि प्याज में उड़नशील तेल पाया जाता है जिसका नाम है एलाइल प्रोपाइल डाई सल्फाइड। इसी के कारण प्याज छिलते समय आँख में तीखा लगता है जो गन्ने में लगने वाले अंकुर बेधक पिहिका कीट को नियंत्रित करता है। जिससे गन्ने की उपज बढ़ जाती है। गर्मी में प्याज को पानी चाहिए, इसका भी लाभ गन्ने को होता है। गन्ने की उपज 400 कुन्तल एकड़ होगी। निराई कर खरपतवारों को निकाल दें, आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करें। वैज्ञानिक ढंग से खेती करने पर एक एकड़ में 75 से 85 कुंतल प्याज की उपज होगी। 15 रु. प्रति किलो बेचने पर एक से सवा लाख की प्याज होगी। इससे गन्ने की उत्पादन लागत घटेगी।

## एटीएम से 55 हजार की टप्पेबाजी सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका बाजार में एटीएम मशीन से पैसा निकालने पहुंचे युवक के साथ टप्पेबाजी की वारदात हो गई। जालसाजों ने युवक को झांसे में लेकर उसके एटीएम कार्ड पर हाथ साफ कर दिया। थोड़ी ही देर में खाते से 55 हजार रुपये निकल गए। पुलिस मामले के खुलासे को लेकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले में जुटी हुई है। थानाक्षेत्र डोडापुर निवासी विपिन शर्मा शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कटका बाजार सेमरी मोड़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे थे। उन्होंने पहले 5 हजार रुपये निकाले। इसी दौरान पीछे खड़े दो अज्ञात युवकों ने झांसे में लेकर एटीएम कार्ड पार कर दिया। कुछ देर बाद विपिन के मोबाइल पर खाते से लगातार निकासी के मैसेज आने लगे। दोपहर 12:17 बजे से 12:22 बजे के बीच कूरेभार स्थित एटीएम से आरोपियों ने पांच बार 10-10 हजार रुपये और एक बार 5 हजार रुपया निकाल लिया। इस तरह कुल 55 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। विपिन बच्चों की फीस जमा करने के लिए पैसे निकालने गए थे, तभी उनके साथ यह घटना हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एटीएम केंद्र और आसपास की दुकानों में लगे कैमरों की जांच शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है अभी मुकदमा दर्ज नही हुआ है। पुलिस ने सोमवार तक का समय मांगा है। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि एटीएम से टप्पेबाजी की घटना हुई है। मामले के खुलासे के लिए दो टीमों को लगाया गया है।

## थाई मॉनेस्ट्री के तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ



**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मॉनेस्ट्री में आयोजित पांच दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के तीसरे दिन थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य अतिथि ट्रस्टी थाई मंदिर मिस्टर नवरीत, मिस्टर सोरकीट ने शुभारंभ किया। रविवार को आयोजित निःशुल्क कैंप में थाई मंदिर के प्रमुख फ्रा फ्राविडेश्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) ने कहा कि भगवान बुद्ध की करुणा, मैत्री और शांति के उपदेशों से प्रेरित होकर वर्ष 2002 से रॉयल थाई द्वारा स्थापित क्लिनिक के माध्यम से कुशीनगर के लोगों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। बुद्ध के उपदेश मानव कल्याणकारी हैं। शिविर में चिकित्सक डॉ सचिन शर्मा और उनकी टीम फार्मासिस्ट भारतेंदु भूषण, काजल यादव, सीमा सिंह और थाई क्लिनिक के बारे ने विस्तार से बताया। शिविर में 100 मरीजों का इलाज कर दवा वितरित किए। इसी क्रम में थाइलैंड से आए 108 भिक्षुओं का स्वागत फ्रा सोम पोंग के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर किया गया। यह दल बोधगया, बनारस, कौशांबी, संकिसा, लखनऊ श्रावस्ती होते हुए कुशीनगर पहुंचा था। जो पूरे समारोह में शामिल रहेंगे। सभी के प्रति आभार भंते सोन क्रान ने व्यक्त किए। इस दौरान अंबिकेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव आदि मौजूद थे।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में 400 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** राज इंटर कॉलेज, पूरे सागर कूरेभार सुलतानपुर में सत्र 2026-27 के तहत आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा में लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही बच्चों और अभिभावकों की भीड़ देखी गई।

विद्यालय की प्रबंधक रमेश वर्मा ने बताया कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि धन के अभाव में कोई भी बच्चा अपनी शिक्षा से वंचित न रहे, इसी संकल्प के साथ विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए स्कूल बैग, कॉपी, पुस्तकें तथा अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री भी प्रदान की जाएगी। प्रबंधक ने बताया कि इससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित होते हैं। परीक्षा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य आर.पी. वर्मा, अनिल वर्मा, जितेंद्र, प्रदीप, इनू, रेखा, पवन, विजय, विवेक, रानी व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे। सभी ने परीक्षा व्यवस्था को शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिभा खोज परीक्षा को लेकर बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# छतोह के कुलदीप को सीएम ने किया सम्मानित

**नसीराबाद, रायबरेली।** लखनऊ के 5 कालिदास मार्ग परआयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता राशि का वितरण किया। कृषि को विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में किसान भाइयों का बड़ा योगदान है। खेती से होने वाली आय में वृद्धि करके ही प्रदेश समृद्धशाली बन सकेगा। उन्होंने कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत विकास खण्ड छतोह के ग्राम सभा बनी निवासी कुलदीप मौर्य को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में आधुनिक कृषि उपकरणों पर लगभग 32 लाख रुपए का अनुदान प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कुलदीप मौर्य को मिले उन्नत कृषि उपकरणों से क्षेत्र में खेती को नई गति मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख तथा विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जानकारी के लिए बता दें कि कुलदीप मौर्य प्रगतिशील किसान हैं। इनके पिता स्व. छेदी लाल मौर्य ग्राम प्रधान और इनकी भाभी सुधा मौर्य ब्लाक छतोह की निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं। इस उपलब्धि पर सलोन भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र बहादुर सिंह, शिव शंकर बरनवाल, राजेंद्र बहादुर सिंह, गौरव बरनवाल, वीरेंद्र बहादुर सिंह, राज करन यादव सहित सभी शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज

**फिरोजाबाद।** थाना नागला खंगर क्षेत्र की युवती ने अपनी मौसी के बेटे पर छेड़छाड़, जबरन संबध बनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना नगला खंगर क्षेत्र के एक गांव की युवती ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह करीब तीन चार माह पहले अपनी मां के साथ अपनी मौसी के घर पर गई थी। इसी दौरान वहां पर मौसी के जेठ का लड़का गोलू पुत्र लाल बहादुर, अनिल पुत्र राज बहादुर ने मौसी के घर पर आकर उसके साथ छेडखानी कर अश्लील बातें करते थे। लेकिन युवती लोकलाज के भय से किसी से कुछ नहीं कहा तो दोनों आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। दोनों आरोपी युवती से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता का आरोप है कि गोलू उससे शादी के लिए दबाव बनाता है।

## भाजपाइयों ने सुना पीएम के मन की बात

**लालगंज, रायबरेली।** सरेनी विधानसभा लालगंज के सभी मंडलों लालगंज , डलमऊ ,सरेनी, गेगासो बेनीमाधवगंज में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात का संबोधन सुना और संबोधन के अनुसार कार्य करने की योजना पर बल दिया। इस एपिसोड में, उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और होली के त्योहार पर चर्चा की। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, प्रदीप लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम सुमेर लोधी, दल बहादुर सिंह एडवोकेट, शिवम गुप्ता ब्रम्हेंद्र विक्रम सिंह ,देवी कुमार गुप्ता, आयुष बाजपेई, ओम गुप्ता, राजेश निर्मल, रिंकू बाजपेई, किशन गुप्ता आदि ने भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना है।

## निरंकारी मिशन के स्वयंसेवकों ने की करुणा सागर घाट की सफाई

**कसया, कुशीनगर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृतह्ल के चौथा चरण में गोरखपुर मार्ग स्थित हिरणयवती नदी के करुणा सागर घाट एवं छठ घाट की साफ-सफाई स्वयंसेवकों, जन प्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों ने किया। रविवार को आयोजित स्वच्छता अभियान की शुरूआत फावड़ा, कुदाल और पांचा लेकर जोनल इंचार्ज कमलेश मणि त्रिपाठी नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि और भाजपा नेता राकेश जायसवाल, निरंकारी श्रद्धालुओं ने किया। श्री जायसवाल ने कहा कि जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए निरंकारी मिशन द्वारा सफाई अभियान सराहनीय प्रयास है। हम सभी को प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। मिशन द्वारा देश में 1500 स्थानों पर प्रकृति के संरक्षण और स्वच्छता का संदेश देते हुए नदी, जलाशयों की सफाई की गई। यह सफाई मिशन के बाबा हरदेव सिंह जी महराज की शिक्षाओं की प्रेरणा है। इंचार्ज कमलेश मणि त्रिपाठी ने कहा सतगुरु माता का संदेश यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढियां के लिए पहले से अधिक सुंदर स्वच्छ और संतुलित बनाने मे सहयोग करें स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान इस पावन संकल्प का संजीव प्रतीक है जो मानव को प्रकृति समाज और आत्मा से जोड़ते हुए संतुलित और से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है। इस दौरान शिक्षक राकेश मणि, ज्ञानेंद्र गुप्ता, ज्ञानेश मणि, अनिल राय, धनवंत्री देवी, लक्ष्मी, राजकली, रीता, श्याम, उदय नारायण यादव, हीरालाल सिंह, मदनलाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

संक्षेप

## युवक ने नदी में लगाई छलांग, तलाश जारी

बिजनौर। बाइक से दोस्त के साथ शेरकोट के बैराज खो नदी पहुंचकर युवक ने अचानक पुल से नदी में छलांग लगा दी। युवक द्वारा नदी में छलांग लगाने पर घबराए उसके दोस्त ने घटना की सूचना पुलिस व युवक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पंहुचे और नदी में युवक की तलाश शुरू की। जानकारी के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुन्नी देवी निवासी योगेश सैनी (29 वर्ष) पुत्र दिनेश सैनी शनिवार को एक विवाह समारोह में शामिल होने अपने दोस्त रिंकू पुत्र अशोक के साथ ग्राम सरकड़ा गया था। रिंकू के अनुसार शादी समारोह के बाद योगेश ने किसी काम से शेरकोट चलने की बात कह कर अपने साथ ले गया था। रिंकू के अनुसार खो नदी के पुल पर पंहुचने के बाद योगेश ने बाइक व रुकवाई और बाइक से उतरकर नदी में कूदने लगा। रिंकू का कहना है कि उसने योगेश को पकड़ने व रोकने का काफी प्रयास किया लेकिन वह खुद को छुड़ा कर नदी में कूद गया। पिछले 24 घंटे से गोताखोर नदी में युवक की तलाश में लगे है।

## रोटी बैंक ने मरीजों को बांटे फल, बिस्किट

बांदा। रोटी बैंक की महिला टीम ने जिला महिला अस्पताल में मरीजों को फल, बिस्किट वितरित किए। रविवार को संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, महिला टीम की अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा की अध्यक्षता, सदस्य रश्मि सिंह के नेतृत्व, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनीता सिंह के निर्देशन में टीम ने महिला जिला चिकित्सालय में मरीजों और तीमारदारों को फल, बिस्किट का वितरण किया। सदस्य नग्गो खातून और शहाना खान ने मरीजों को उनके मौलिक अधिकारों तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। फल, बिस्किट पाकर मरीजों और तीमारदारों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं दीं। निम्न इस दौरान रिजवान अली संस्थापक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, कोषाध्यक्ष रेणुका गुप्ता, शहाना खान, नेहा खातून, नसीर खान, सुरक्षा गार्ड अनीता देवी, रेखा सिंह, पदाधिकारी व समाजसेवी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर, ई-रिक्शा की टक्कर, 1 की मौत, 3 घायल

बांदा। टैक्टर ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये। बबेरू कोतवाली क्षेत्र बड़ा गांव निवासी रामनरेश पुत्र बाबूलाल 58, राजेश पुत्र कुन्ना 30, राखी पत्नी फूलचन्द्र 50 बड़ागांव से ई-रिक्शा में बबेरू आ रहे थे। इसी दौरान बबेरू की तरफ से जा रहे ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे रोड किनारे लगे ईंट के चट्टा में रिक्शा घुस गया और ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। इससे रामनरेश पुत्र बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जनसेवक पीसी पटेल ने इलाज के लिए घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टरों ने देखने के बाद रामनरेश को मृत घोषित कर दिया और घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक की पत्नी मिथिला का रो-रोकर बुरहाल है। घटना के दौरान वहां से निकल रहा दूसरा रिक्शा दहशत में पलट गया। जिसमें प्रीति पत्नी रामचरण 25 निवासी बड़ागांव गिरकर घायल हो गई। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह रजावत ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। थाना जखौरा पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा के लिए अदालत में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना जखौरा में पंजीकृत मु.अ.सं. 44/2026, धारा 333, 70(1), 351(3) बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त ग्राम थनवारा निवासी रघुवीर पाल पुत्र स्व. सुल्तान पाल, व म.प्र. के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चंदेरी के ग्राम अमझरा निवासी अरुण पाल उर्फ अरुन पुत्र आशाराम पाल को 22 फरवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया। थाना जखौरा के प्रभारी निरीक्षक राजीव बैस ने पुलिस टीम के साथ मिलकर दोनों आरोपियों को नियमानुसार हिरासत में लिया।

# शिक्षा से महिलाएं बनती है आत्मनिर्भर

### पीजीएमएम में विविध रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का किया गया आयोजन



ललितपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत छठवें दिवस पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय, पनारी में विविध रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं नेतृत्व क्षमता का संवर्धन करना रहा। स्वयं सेविकाओं ने नारी शक्ति, शिक्षित बेटी-सशक्त समाज, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे प्रेरक विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक डिजाइनों का निर्माण किया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं की सृजनात्मकता, सौंदर्यबोध, धैर्य एवं एकाग्रता का विकास हुआ। निर्णायक मंडल ने रचनात्मकता, विषय की स्पष्टता एवं प्रस्तुति के आधार पर उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने शिविर समापन से पूर्व में आयोजित ज्ञानोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में सक्रिय प्रतिभाग सुनिश्चित किया। सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुत देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, लोकगीत एवं नाटक ने कार्यक्रम को जीवंत एवं उत्साहपूर्ण बना दिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों में सामाजिक चेतना, महिला जागरूकता एवं शिक्षा के महत्व का सशक्त संदेश निहित था। इस सहभागिता ने स्वयंसेविकाओं में आत्मविश्वास, मंच कौशल एवं सामूहिक समन्वय की भावना को सुदृढ़ किया।

दिवस के द्वितीय चरण में बौद्धिक सत्र के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज बहादुर (परीक्षा नियंत्रक बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी), विशिष्ट अतिथि राम रतन कुशवाहा (सदर विधायक ललितपुर), महाविद्यालय संस्थापक डॉ० पारस यादव, डायरेक्टर डॉ० सौरभ यादव, प्रबंध निदेशका डॉ० पूजा यादव जी, प्राचार्य डॉ० सूफिया के निर्देशन एवं एनएसएस प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना याज्ञिक, एनएसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी असि०प्रो० साधना नागल के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य वक्ता असि० प्रो० प्रीति शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं अधिकारों के प्रति सजग बनाती है। प्राचार्य डॉक्टर सूफिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास एवं उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। डॉ० वंदना याज्ञिक छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। साधना नागल ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाती है। शिक्षित महिला समाज में सकारात्मक परिवर्तन की वाहक होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि आज विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएँ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, जिसका मूल आधार उनकी शिक्षा ही है। इस अवसर पर असि० प्रो० प्रकाश खरे, असि० प्रो० रंजना श्रीवास्तव, असि० प्रो० रत्ना याज्ञिक, असि० प्रो० सुषमा पटेल, असि० प्रो० नेहा याज्ञिक, श्रीमती रजनी यादव, पूजा सिंह, राघवेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, मुस्ताक खान, श्रीमती गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार, श्रीमती बिमला, श्रीमती रामा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहीं।

## पीएम के मन की बात, कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने का संदेश

बांदा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक एवं लोकप्रिय कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व के 131वें एपिसोड को जिले के 1518 बूथों में सुना गया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरहंड स्थित आवास पर, जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने इंदिरा नगर आवास पर, जिलाध्यक्ष भाजपा कल्लू सिंह राजपूत ने बाकर गंज आवास पर तथा निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मण्डल बूथ 191 में मोदी के मन की बात सुनी। उन्होने कहा कि नरेन्द्र मोदी के उदाहरण हमें सेवा, नवाचार और कत्र्तव्यपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं तथा इन संदेशों को अपने जीवन में उतारकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। कहा कि यह कार्यक्रम देशवासियों में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोंच और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण भाव जाग्रत करता है, इनके विचार हम सभी को समाज एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने विचारों के जरिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे नागरिकों का उल्लेख कर हम सभी को कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने का सन्देश दिया है। नरेन्द्र मोदी ने आल इम्पक्ट सम्मिट में भारत की एआई इनोवेशन की तारीफ की। इस दौरान लोगों ने मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया।

# ज्वैलर्स की दुकान में शटर उठाकर की लाखों की चोरी

### वारदात सीसीटीवी में कैद

ललितपुर। नगर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के सदर चैकी अंतर्गत मेन रोड का है, जहां अज्ञात चोरों ने तड़के सुबह एक ज्वैलरी दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेन रोड पर श्रीविद्या ज्वेलर्स, जिसका संचालन नीलू जैन पत्नी पवन कुमार के नाम से होता है, में रविवार तड़के करीब सुबह 5 बजे दो अज्ञात चोर शटर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखे लाखों रुपये कीमत के आभूषण, पॉलिश बर्तन व अन्य ज्वेलरी समेट ली और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दुकान सदर चैकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर निकल गए। घटना से इलाके के व्यापारियों में दहशत और रोष का माहौल है। दुकान मालिक पक्ष के अनुसार चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें दो संदिग्ध युवक शटर तोड़कर अंदर प्रवेश करते और सामान समेटते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के बीचो-बीच इस तरह की घटना पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े करती है। व्यापारियों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल इस सनसनीखेज चोरी की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं।

# कृषि वैज्ञानिकों ने सुनी किसानों की समस्याएं




ललितपुर। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय किसान मेला कार्यक्रम के दूसरे दिन कृषकों के समूह को कृषि विज्ञान केन्द्र हाईटेक नर्सरी एवं उन्नतशील कृषकों के प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। सर्वप्रथम कृशकों को कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र परिसर का भ्रमण कराया गया है जहॉ चल रही कृषि गतिविधियों से अवगत कराते हुये वैज्ञानिक डॉ0 दिनेश कुमार तिवारी द्वारा कृषकों को घनजीवामृत, जीवामृत आदि बनाने की विधि से अवगत कराते हुये इसके उपयोग से होने वाले लाभों से अवगत कराया। वैज्ञानिक डॉ0 सरिता ने कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में तैयार की जा रही विभिन्न प्रजातियों से अवगत कराते हुये उसने लाभों की जानकारी प्रदान की गयी तथा कृषकों से कीटनाशक रहित जैविक खेती करने हेतु आग्रह किया तथा फसल अवषेशों को जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराया। तत्पश्चात कृषकों को हाईटेक नर्सरी कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण कराया गया जहॉ पर तैयार की जा रही टमाटर, खीरा, तरबूज की पौध के बारे में रंजीत कुमार उद्यान निरीक्षक द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया तथा उन्होने किसानों को बताया कि उद्यान विभाग द्वारा जनपद में दो हाईटेक नर्सरियों को स्थापना करायी गयी है। एक नर्सरी राजकीय पौधशाला खिरियालटकनजू महरौनी में स्थापित है और दूसरी नर्सरी कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र में स्थापित है। उनहोने बताया कि ज्यादातर कृषक परम्परागत खेती के साथ शाकभाजी की खेती इसलिए नहीं कर पाते क्यांकि उन्हे पौध तैयार करने की सबसे बड़ी समस्या रहती है। जब किसान अपनी नर्सरी तैयार करता है तो कभी तेज बारिश, ओले, कोहरा, ठंड, ज्यादा गर्मी आदि के कारण अक्सर पौध खराब हो जाती है या पौध का जमाव नहीं हो पाता है जिससे कृषकों को बहुत नुकसान होता है इसी को ध्यान में रखते हुये उद्यान विभाग द्वारा हाईटेक नर्सरियों की स्थापना करायी गयी है जहॉ अपनी फसल बुवाई से एक माह पहले आप अपनी पसंद का बीज प्रभारी को दे देंगे, जहॉं नर्सरी में आपके बीज की पौध तैयार की जायेगी नर्सरी में आपकी पौध नैचुरली वेन्टिलेटेड सिस्टम के अन्दर आपकी पौध तैयार की जाती है जहॉ पर पौध की आवश्यकतानुरूप पानी, दवाई, पोषक तत्व मशीनों के माध्यम से पौध को दिया जाता है और पौध की आवश्यकतानुरूप तापमान मेनटेन किया जाता है तथा एक माह बाद पूर्णतः पोषित रोगरहित पौध कृषकों को प्रदान की जाती है। जिसे कृषक अपने पहले से तैयार खेत में सीधे रोपाई कर सकते है। जिससे किसान को समय, पैसा की बचत होती है एवं जोखिम का खतरा न के बराकर होता है। तत्पश्चात कृषकों को ग्राम पटौराकलां के कृषक रामकिषोर कौशिक के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया।

# मनरेगा में फर्जी जॉब कार्ड के सहारे लाखो का घोटाला

### रोजगार सेवक पर दर्ज होगा मुकदमा

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लाक कोतवाली के ग्राम नूरपुर अरब निवासी प्रमोद पुत्र निहाल सिंह के शिकायती पत्र जिसमें ग्राम सेवक द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत भारी अनियमितता के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उसकी जांच उपायुक्त (श्रम रोजगार) द्वारा कराई गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर के आदेश पर की गई जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत नूरपुर अरब के ग्राम रोजगार सेवक शहबाज द्वारा अपने परिवारजनों के डुप्लीकेट जॉब कार्ड जारी करके बिना काम किए फर्जी मस्टररोल भरकर, अपने परिवारजनों को दूसरी बिरादरी के जॉब कार्डो में कूटरचना से जोड़कर सरकारी धनराशि का दुर्विनियोग/व्यपहरण किया गया तथा नियमित संविदा कर्मी आंगनबाड़ी सहायिका यशोदा को फर्जी मस्टररोल भरकर धनराशि का भुगतान कराया गया है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी, विकास खण्ड कोतवाली, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत नूरपुर अरब शहबाज पुत्र अय्यूब के विरूद्ध फर्जी जॉब कार्ड बनाने, एक बिरादरी के व्यक्तियों का नाम दूसरी बिरादरी के जॉब कार्ड में जोड़ने, काल्पनिक व्यक्ति का जॉब कार्ड बनाने एवं मास्टररोल भरने तथा कुल रुपए 4 लाख 67 हजार 436 रुपए की धनराशि का दुर्विनियोग/व्यपहरण करने के लिए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने





के अदेश दिये है। जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), विकास खण्ड कोतवाली को निर्देशित किया कि वह अपचारी ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त करने के लिए नियमानुसार ग्राम पंचायत द्वारा कार्यवाही कराएं। डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार को आदेश दिया कि वह अपचारी आंगनबाड़ी सहायिका यशोदा के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही व घोटाला की पूर्ण धनराशि की वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त प्रकरण अत्यन्त गम्भीर वित्तीय अनियमितता एवं पद के दुरूपयोग से संबंधित हैं, इसलिए इस पर संबंधित अधिकारी तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## ऋतिक शुक्ला को पुलिस ने लिया हिरासत में

ललितपुर। दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार को उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव ऋतिक शुक्ला उर्फ मोंटी शुक्ला को ललितपुर से हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई से स्थानीय राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, स्पेशल सेल की टीम रविवार को ललितपुर पहुंची और स्थानीय एसओजी के सहयोग से कोतवाली सदर क्षेत्र के नई बस्ती स्थित ऋतिक शुक्ला के आवास पर दबिश दी। टीम ने उन्हें वहीं से हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। हिरासत में लेने के बाद पुलिस टीम ऋतिक शुक्ला को पुलिस लाइन स्थित एसओजी कार्यालय ले गई, जहां उनसे कई घंटों तक पूछताछ की गई।

# विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

जिला संवाददाता




बिजनौर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 172 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया एंव लगभग 1500 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रविवार को आर0जे0पी0 इण्टर कॉलेज, बिजनौर में मेगा शिविर/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार सप्तम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सुधीर कुमार, पीठासीन अधिकारी, मोर्टर दुर्घटना दावा अधिकरण ज्ञान प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंशुमन धुन्ना, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया। मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में लाभान्वितों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, बाल सेवा योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना व अन्य योजनाओं के अर्न्तगत 172 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया एंव लगभग 1500 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार सप्तम एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंशुमन धुन्ना द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया और बिजनौर की जनता से आग्रह किया गया कि वह ज्यादा से ज्यादा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं का लाभ उठायें। मेगा शिविर/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद, तहसील बिजनौर, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, जिला खण्ड विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला नगरीय विकास अधिकरण डूडा, ग्रामीण विकास विभाग, लघु कुटीर सूक्षम एवं मध्यम उद्यम विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं रसद् विभाग, डाक विभाग, आवास एवं नगर विकास विभाग, केन्द्रीय औद्योगिक एवं सुगंध पादप अनुसंधान केन्द्र, परिवहन विभाग, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण विभाग, कौशल विकास विभाग, उकृषि एवं वानिकि विभाग, पशुपालन विभाग, युवा कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग रहा।

# ऑपरेशन खोज के तहत चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह नोडल अधिकारी के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन खोज अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू, प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना, प्रभारी जीआरपी एवं प्रभारी आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड, प्रमुख बाजार क्षेत्र चूड़ी वाली गली, परमानन्द चौराहा, बड़े हनुमान मंदिर रोड आदि स्थानों पर सघन चेकिंग एवं पूछताछ की गई। इस दौरान टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आमजन को महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई तथा मानव तस्करी, गुमशुदगी, बाल श्रम एवं अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही शासन द्वारा जारी आपातकालीन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा108, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं महिला हेल्पलाइन 181 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## परिवहन कर एकमुस्त जमा करने को मेला आयोजित



बांदा। परिवहन यानों व गैर परिवहन यानों को एक बार में ही कर जमा करने की शासन की व्यवस्था को लेकर प्रचार-प्रसार तथा वाहन स्वामियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संभागीय परिवहन कार्यालय में 20 व 21 फरवरी को परिवहन मेला का आयोजन हुआ। शनिवार को उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र केडी सिंह ने बस, ट्रक, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों एवं अन्य वाहन स्वामियों को शासन के नये निदेर्शों के बारे में एक बारीय कर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि 7500 किलोग्राम भार वाहन से कम के माल वाहनों पर एक बारीय कर यान के मूल्य का 3 प्रतिशत, 3000 किलोग्राम जी वी डब्ल्यू तक 6 प्रतिशत, 3000 किलोग्राम से अधिक 7500 जी वी डब्ल्यू तक जमा कराने का प्राविधान किया गया है साथ ही टैक्सी व मैक्सी में संचालित वाहनों पर भी एक बारीय कर 10 लाख रुपये तक के मोटर कैब, तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर और मैक्सी कैब पर यान के मूल्य का 10.5 प्रतिशत एक बारीय कर देय होगा। इसके अलावा 10 लाख रुपये से अधिक के माटर कैब और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत एक बारीय कर देय होगा। इसी प्रकार कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट यान पर यान के मूल्य का 6 प्रतिशत, एक बारीय कर देय होगा। पहले से पंजीकृत यान पर कर की छूट 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दी जाएगी। इसी प्रकार प्राइवेट वाहन से व्यवसायिक वाहन में परिवर्तन करने पर पूर्व का जमा एक बारीय कर समायोजित करते हुए अंतर कर जमा कराया जाएगा। परिवहन मेले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्यामलाल, वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी, बस यूनियन अध्यक्ष संतोष पटेल, महासचिव मयंक गुप्ता, ट्रक यूनियन अध्यक्ष जय सिंह व वाहन स्वामी मौजूद रहे।

## पीताम्बरा मां की वर्षगांठ पर निकली भव्य शोभायात्रा



बांदा। मां पीताम्बरा की तीसरी वर्षगांठ पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकली। इसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा शहर के रामलीला मैदान, चैक बाजार, गूलरनाका, अलीगंज चैकी, कालू कुआं, मंडी समिति मार्ग से होकर निकली। मां पीताम्बरा की प्रतिमा को रथ पर विराजमान किया गया था। श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इससे पहले मां पीताम्बरा खाटू श्याम सरकार की आरती रामलीला मैदान में हुई। भक्तों ने अनेक स्थानों पर स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को जलपान कराया। इस दौरान शहर में अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, राकेश गुप्ता, सुधीर तिवारी, रवि शिवहरे, राज पाण्डेय, नीलम गुप्ता, मनोज जैन, राजकुमार राज, प्रकाश साहू, चंद्रमोहन बेदी, प्रभा गुप्ता, संगीता शिवहरे व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## निरंकारी मिशन के सेवादारों का केन नदी में स्वच्छता अभियान




बांदा। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तहत रविवार को केन नदी आरती घाट को स्वच्छ करने के लिए संत निरंकारी मिशन के सैकड़ों सेवादारों व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। क्षेत्रीय संचालक डॉ सुरेश सिंह के मार्गदर्शन में सफाई कार्य प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक चला। सफाई कार्यक्रम के पश्चात केन नदी तट पर निरंकारी मिशन के उप प्रधान डॉ दर्शन सिंह की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन हुआ। इसके पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। डॉ दर्शन सिंह ने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवन रेखा है। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है तो केवल पर्यावरण ही नही, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी मजबूत होता है। इसी विचार को साकार रूप देते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों और समुद्री तटों की निःस्वार्थ भाव से स्वच्छता एवं संरक्षण का व्यापक अभियान जन-जन के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है। यह पहल महज सफाई तक सीमित नही, बल्कि जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संदेश है। अभियान के चैथे चरण का आयोजन सतुगुरू माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के मार्गदर्शन में देश के 25 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेश के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर करीब 12 लाख स्वयं सेवक शामिल हुए।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पं. सुखदेव तिवारी

ललितपुर। जनपद के मूर्धन्य पत्रकार एवं साहित्यकार सुखदेव तिवारी की पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने करते हुये कहा कि पं.सुखदेव तिवारी जनपद के प्रति उल्लेखनीय योगदान, उनकी सादगीपूर्ण जीवनशैली, जरूरतमंदों की सहायता तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनकी सक्रिय भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ने कहा कि तिवारीजी ने पत्रकारिता को समाजसेवा का माध्यम बनाया और सदैव निष्पक्ष व निर्भीक लेखनी से जनहित के मुद्दे उठाए।

# अदालत की चिंता

सियासी रेवड़ियां देश के सामाजिक-आर्थिक स्थिरता, विकास और राजकोषीय संतुलन के लिए बड़ी चुनौती हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था के सामने बड़ा खतरा है। लेकिन इन पर कोई लगाम नहीं है। यह बढ़ती ही जा रही हैं। पहले यह दक्षिण भारत की राजनीति में थीं, लेकिन अब आम आदमी पार्टी ने सियासी रेवड़ी की संस्कृति को उत्तर भारत में भी मजबूती से स्थापित कर दिया है। अब हर चुनाव से पहले जिस पार्टी की सरकार होती है वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर मतदाता को प्रभावित करती है। विपक्षी दल तो ऐसे-ऐसे वायदे करते हैं कि मानो उनकी सरकार बनते ही धरती पर स्वर्ग उतर आयेगा। ऐसे में यह जरूरी है कि चुनावी रेवड़ियों पर पाबंदी लगायी जाये। सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने 'मुफ्तखोरी', अर्थात सियासी रेवड़ियों पर सख्त टिप्पणी की है। चिंता भी जताई है कि इससे देश का आर्थिक विकास रुकेगा। सवाल भी उठाये गये हैं कि ऐन चुनावों से पहले राजनीतिक दल और सरकारें मुफ्त रेवड़ियों की घोषणाएं क्यों करती हैं? कई राज्य सरकारें भारी कर्ज और घाटे में हैं, इसके बावजूद मुफ्त योजनाएं क्यों बांट रही हैं? यदि सरकारें मुफ्त पैसे, मुफ्त बिजली, मुफ्त खाने जैसी सुविधाएं बांटती रहेंगी, तो आखिर उनका खर्च कौन उठाएगा? प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि आखिर रेवड़ियां बांटने का बोझ टैक्स देने वाले लोगों पर ही पड़ेगा। यदि रेवड़ियां मिलती रहेंगी, तो काम कौन करेगा? आखिर हम यह कैसी संस्कृति बना रहे हैं? सरकारों को मुफ्तखोरी के बजाय रोजगार-सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि कोई शिक्षा और बुनियादी जिंदगी का खर्च वहन नहीं कर सकता, तो ऐसे लोगों को सुविधा देना सरकार का दायित्व है, लेकिन मुफ्त रेवड़ियां




उनकी जेब में जा रही हैं, जो लोग मजे कर रहे हैं। क्या सरकारों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए? बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने मौखिक टिप्पणी कर दी और राजनीतिक दलों के प्रवक्ता कह रहे हैं कि वे शीर्ष अदालत की बात मानने को बाध्य नहीं हैं। ये रेवड़ियां नहीं हैं बल्कि कल्याणकारी योजनाएं हैं। हम कल्याणकारी लोकतंत्र हैं और जनता की मदद करना हमारा फर्ज है। लिहाजा क्षमा के साथ सर्वोच्च अदालत से भी हमारा सवाल है कि वह मौखिक टिप्पणियां क्यों करती है? सिर्फ चिंता व्यक्त करने से क्या होगा? सर्वोच्च अदालत को संविधान ने विशेषाधिकार भी दिए हैं और उनका इस्तेमाल कर अदालत ने फैसले भी सुनाए हैं, तो मुफ्तखोरी पर आदेश क्यों नहीं दिए जा सकते? अदालत सरकारों को स्पष्ट निर्देश दे कि चुनाव से पहले योजनाओं की घोषणा कब करें? रेवड़ियों को भी परिभाषित करें। यथार्थ यह है कि देश के राज्यों पर कुल 104 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। देश पर भी 200.50 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। कुछ विशेषज्ञ इसे 225 लाख करोड़ के करीब मानते हैं। इसके बावजूद रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई मौकों पर कह चुके हैं कि आम आदमी फ्रीबीज नहीं मांगता। रेवड़ियां देश के विकास के लिए खतरनाक हैं। ये अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकती हैं। इन कथनों के बावजूद प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले एनडीए ने बिहार में महिलाओं को 10,000 रुपये की रेवड़ी बांटी और खूब वोट हासिल किए। बिहार पर 3.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। पार्टियों की रणनीति बन गयी है कि रेवड़ियां बांटो खटाखट, तो वोट मिलेंगे फटाफट। यह राजनीति में बड़ी विडंबना है। सवाल है कि इस मुफ्तखोरी को न तो चुनाव आयोग ने रोका और न ही सर्वोच्च अदालत ने इस पर रोक लगाने की कोई ठोस पहल की है। बस टिप्पणी की है। देश की डरावनी तस्वीर यह है कि 15-49 वर्ष आयु-वर्ग की करीब 57 फीसदी महिलाओं में खून की कमी है। पांच साल की उम्र तक के करीब 35 फीसदी बच्चे बेहद कुपोषित हैं। स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, उचित पोषण देश के हर बच्चे तक पहुंचाना अभी भी चुनौती। ऐसे में सियासी रेवड़ियां बांटना कहां तक उचित है? इस पर टिप्पणी नहीं बल्कि गंभीर विमर्श और प्रभावी रोकथाम की जरूरत देश महसूस कर रहा है।

# रक्षा, सुरक्षा और विकास में एआई की भूमिका



मनोज बाजपेयी

**रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स से लेकर निर्माण, विनिर्माण, खनन, ट्रैफिक मैनेजमेंट और मीडिया तक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक साबित होगी। इसलिए एआई तकनीक में निवेश, शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देकर कुशल मानव संसाधन तैयार करना जरूरी है। एआई इम्पैक्ट समिट इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इसलिए एआई समिट पर विवाद नहीं संवाद होना चाहिए।**

कांग्रेस पार्टी के अशोभनीय प्रदर्शन और एक विश्व विद्यालय के द्वारा चाइनीज रोबो डॉग को अपना आविष्कार बताकर प्रदर्शित करने से नयी दिल्ली के भारत मंडपम में 16-20 फरवरी के बीच आयोजित 'एआइ इम्पैक्ट समिट' विवादों का केंद्र बन गया। यह देश को असहज करने वाली बात है। लेकिन इन विवादों से इतर अगर हम 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) अर्थात कृतिम या मशीनी बुद्धिमत्ता' के भविष्य, इसके उपयोग और मानव जीवन को सरल व सुगम बनाने में इस तकनीक की उपयोगिता की बात करें, तो यह कहा जा सकता है कि जो देश इसमें पिछड़ जायेगा, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

संभव है वह आर्थिक, सामाजिक और प्रौद्योगिकी की दृष्टि से भी पिछड़ जाये। इसलिए नयी दिल्ली में आयोजित 'ग्लोबल एआई एम्पैक्ट समिट' भारत को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस समिट के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें 10-12 देशों के प्रमुख नेताओं के साथ ही दुनिया भर के टेक जाइंट के सीईओ, फाउंडर्स और कंपनियों की भागीदारी रही। अनेक टेक्नोलॉजी कंपिनयों के बीच महत्वपूर्ण समझौते हुए। भारत में एआई टेक्नोलॉजी और एआई डाटा सेंटर्स में निवेश की चर्चा भी हुई। इसमें भारतीय कंपनियों ने भी एआई के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण कार्यों, आविष्कार और भविष्य में किये जाने वाले निवेश को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा किया। भारतीय स्टार्टअप 'सर्वम एआई' ने एक साथ 11 एआई प्लेटफॉर्म पेश कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। सर्वम केज (चश्मा), बिक्रम, सारस, बुलबुल, सर्वम डब, सर्वम विजन, संवाद, आर्या, सर्वम एज, सर्वम 105बी (सुपर स्मार्ट मॉडल) और सर्वम 30बी, ये ऐसे एआई प्लेटफॉर्म हैं, जिनसे साधारण फीचर फोन पर कॉल के जरिए एआई की सेवाएं ली जा सकती हैं। ऐसा भी एआई है, जो इंटरनेट के बिना भी फोन पर चलेगा। दरअसल मनुष्य के भीतर जो चेतना होती है अथवा उसके अवचेतन में जो मौजूद रहता है या फिर मस्तिष्क हमारे शरीर को संचालित करता है, दिशा दिखाता है, ये एआई प्लेटफॉर्म भी लगभग उसी भूमिका में हैं। अर्थात यह भी साबित हो रहा है कि एआई मानवोपयोगी है, उसका सहायक है। बेशक नई प्रौद्योगिकी के कारण आईटी कंपनियों में हलचल है और बड़े स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। लेकिन आईटी में ही एक निश्चित समय के बाद फिर से बहार लौटेगा।

**विमर्श**

फिर एआई और आईटी समन्वित रूप से दुनिया पर राज करेंगे। एआई के इन अनुसंधानों और उपलब्धियों की ही चर्चा होनी चाहिए थी, कालेजों, सेमिनारों से लेकर गांवों-गली और चौपालों तक एआईपर चर्चा और संवाद को पहुंचाने की जरूरत है। क्योंकि एआई सिर्फ किसी एक क्षेत्र विशेष के लिए ही उपयोगी नहीं है बल्कि सभी क्षेत्रों में यह सहयोगी होगा। कृषि, वानिकी और पशुपालन जैसे ग्रामीण पृष्ठभूमि के कामों को भी यह सहयोगी बनने वाला है।


आज दुनिया भर में युद्ध का माहौल है। रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में है, ऑपरेशन सिंदूर फिलहाल स्थगित है लेकिन सीमा पर पाकिस्तान की हरकतें और कश्मीर घाटी में आतंकियों की करतूतें जारी हैं। गाजा में दिखावे की शांति है लेकिन अमरीका-ईरान के बीच कभी भी युद्ध छिड़ सकता है। भारत तो चारों तरफ से दुश्मनों से घिरा है। ऐसे में अगर एआई में पिछड़ गये तो हमारी रक्षा तैयारी भी कमजोर होगी। क्योंकि भविष्य के युद्ध एआई से ही लड़े जायेंगे। आज जब हम इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर की बात करते हैं, तो वह भी एक हद तक एआई आधारित युद्ध है। यूक्रेन अग्रिम मोर्चों पर दस दुनिया भर में मिलिट्री रोबोट युद्धक ड्रोन या रोबोट खच्चर जैसे किसी न किसी तौर पर काम कर रहे हैं और उनकी की होड़ बेतहाशा बढ़ रही है। साथ ही उसका बाजार भी। विश्व की बड़ी सेनाओं में एक भारत को भी इस बारे में बड़ी तैयारी करनी होगी। यूक्रेन ने सेना में भर्ती की उम्र 25 से घटा कर 18 कर दी इसके बावजूद सैनिकों की कमी बनी रही तो उसने अग्रिम मोर्चों पर हजारों सैन्य रोबोट इस्तेमाल करने का फैसला लिया। रूस भी सैनिकों की कमी से बुरी तरह जूझ रहा है, उसने भी संकेत दिए हैं कि वह भी ऐसा ही करेगा। लंबे संघर्ष में जैसे-जैसे नुकसान और थकावट बढ़ती जा रही है, दोनों पक्ष इंसानों की जगह मशीनें इस्तेमाल करने की बात कर रहे हैं। बेशक दीर्घकालिक युद्ध के दौरान भारी सैन्य शक्ति खोना पड़े तो ऐसी स्थिति स्वाभाविक है। आखिर हथियार तो जल्द निर्मित किए और खरीदे जा सकते हैं लेकिन कुशल और प्रशिक्षित सैनिक तो इतने जल्दी तैयार नहीं हो सकते, तो जाहिर है मशीनी सैनिक की जरूरत होगी। एक और स्थिति है, यदि कोई सेना भिन्न-भिन्न दिशाओं और सीमाओं पर एक साथ कई मोर्चा खोल ले तो उसे भी तत्काल तैनाती के लिये मशीनी सैन्य सहायता पर निर्भर होना होगा।

फिर आधुनिक युद्ध प्रणाली जिसमें आमने सामने की जंग लड़ने की बजाये दूर बैठे साइबर, डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता संपन्न तकनीक युद्ध का चलन हो उसमें इस दौर का आना और मौजूदा प्रवृत्ति का बढ़ना स्वाभाविक है। बीते साल नीदरलैंड में एक शिखर सम्मेलन के दौरान 80 देशों ने सैन्य अभियानों में इस तरह की सहायता पर चर्चा की जिसमें से 60 देशों ने युद्ध के मैदान में एआई के इस्तेमाल के लिये हामी भरी। निस्संदेह आने वाले वर्षों में स्वचालन या ओटोमेशन तथा कृत्रिम बुद्धिमता युक्त रोबोट युद्धक्षेत्र नवाचार का मुख्य केन्द्र होगा। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट बताती है कि कुछ सालों में मिलिट्री रोबोट के बाजार में बला की तेजी आई है। यूक्रेन और रूस दोनों युद्ध में ड्रोन का व्यापक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भी ड्रोन का जमकर उपयोग किया गया। यह आर्टिफिशियल युद्ध ही तो है। पायलट रहित युद्धक विमान, ड्रोन, रोबो सैनिक, अत्याधुनिक एयर डिफेंस, इन सबे में एआई प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है।

दुनियाभर में सैन्य विभाग बचाव, हमला और निरीक्षण करने के लिए युद्ध के मैदानों पर तकरीबन कृत्रिम बुद्धिमत्ता युक्त रोबोटिक प्रणालियों को यथा ड्रोन, ग्राउंड रोबोट, इलेक्ट्रिक युद्धक विमान आदि इस्तेमाल कर रही हैं। सेनाओं का आकलन है कि फ्रंटलाइन पर इनका इस्तेमाल का काफी बेहतर परिणाम देता है। प्रमुख देशों की सेनाओं द्वारा रक्षा आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में बढ़ता निवेश और बेहिसाब वित्त पोषण इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि वे मिलिट्री रोबोट की आधुनिकीकरण प्रक्रिया के तहत उनकी क्षमताओं, तत्परता और संचालन प्रभावशीलता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हुये जटिल रोबोटिक समाधानों को अपनाने की ओर तेजी से बढ़ रही हैं।

जाहिर है अब सैन्य रोबोट बाजार में लगातार बढ़त होने वाली है। इसी तरह एआई ड्रोन, पायलट रहित युद्धक विमान, एआई प्रौद्योगिकी से युक्त जासूसी इक्विपमेंट, सर्विलॉस सिस्टम, एयर डिफेंस आदि में एआई की भूमिका बहुत निर्णायक होगी। रक्षा क्षेत्र के साथ ही सुरक्षा, क्रॉउड मैनेजमेंट, निगरानी और अपराध अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। कुल मिलाकर ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां एआई तकनीक की भविष्य में निर्णायक भूमिका न हो। शिक्षा, स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स से लेकर निर्माण, विनिर्माण, खनन, ट्रैफिक मैनेजमेंट और मीडिया तक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक साबित होगी। इसलिए एआई तकनीक में निवेश, शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ ही प्रशिक्षित मैन पावर तैयार करना जरूरी है। एआई इम्पैक्ट समिट इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इसलिए एआई समिट पर विवाद नहीं संवाद होना चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**




## सोशल मीडिया

उत्तर प्रदेश को डीप टेक के क्षेत्र में अग्रणी राज्य में स्थापित करने की दिशा में आज लखनऊ में आयोजित आईबीएम एआई गवटेक इनोवेशन सेंटर के उद्घाटन में शामिल हुआ। सीएम योगी.



भाजपा सरकार की सड़क मतलब दिल धड़क-धड़क! भाजपा में बस भ्रष्टाचार की परत मोटी है, बाकी हर काम में भाजपाइयों की नियत बहुत खोटी है, छोटी है। अखिलेश यादव



छत्रपति शिवाजी महाराज ने जन-जन के कल्याण को सदैव सर्वोपरि रखा और उनकी सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया, उनका जीवन आज भी पथ प्रदर्शक है। पीएम मोदी.



# सुख-दुख का चक्र

**अंतर्दृष्टि**

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# पड़ोसी के आटा-दाल नहीं...

**व्यंग्यलोक**

पाकिस्तान की हालत खराब हो गई तो उसने आटा बेचने की एक दुकान खोल ली। वह इधर-उधर के देशों में जाता और आटा बेचने की कथा कहता। सबसे मीठी-मीठी बातें करता। लेकिन आटा बेचने की उसकी मीठी बातों का किसी पर कोई असर नहीं होता। उसके आटे की कोई बिक्री नहीं होती। इधर उसका पड़ोसी अफगानिस्तान भी कम नहीं था। उसके भी व्यापारिक संकट आ गया, तो उसने तेल बेचने की दुकान खोल ली। लेकिन इसका भी तेल कोई नहीं खरीदता। दोनों अपने-अपने पड़ोसियों से सिर्फ भीख मांगने का ही काम किया करते। कर्जे के तले दबे दोनों परेशान रहते। दोनों की कोई बिक्री नहीं हो रही थी। दोनों की बातों पर पूरी दुनिया को कोई विश्वास नहीं था। वे आपस में एक दूसरे को आतंकवादी सप्लाई करते और बैठे-बैठे मक्खियां ही मारा करते। तेल विक्रेता अफगानिस्तान और आटा बेचने वाले पाकिस्तान की दुकानें अगल-बगल में ही थी। आतंकवाद के तराजू में तोलने वाली सोच के कारण उनके घनघोर व्यापारिक संकट पैदा हो गया। कई-कई दिन बीत जाते, दोनों की बोहनी तक न होती। परेशान होकर दोनों ने बोरियत मिटाने के लिए आपसी विमर्श किया कि वे दोनों बारी-बारी से एक दूसरे की दुकानों पर जाएंगे और वस्तु का मोल भाव करेंगे। इससे बिक्री हो न हो उनका कुछ समय कट जाएगा। पब्लिक इससे मूर्ख बन जाएगी और उन्हें बड़ा मजा आएगा। दोनों ने महान व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार पहले तेल विक्रेता अफगानिस्तान पाकिस्तानी आटे की दुकान पर गया। उसने आवाज लगाई- औ पाकी! एक लीटर आटा देना। पाकिस्तान ने उसे समझाया- ब्रदर! ये आटा है। तेल नहीं। आटा लीटर में नहीं किलो में बिकता है। जाओ दुबारा से आकर आटा मांगो। तेल विक्रेता वापस जाकर आया। चिल्लाया- अरे औ पाकी! एक किलो आटा देना बोतल में! पाकिस्तान फिर परेशान हो गया। अफगानिस्तान को समझाया कि आटा किलो के माप में बिकता है और बोतल में नहीं भरा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों का कुछ तो पालन करो ब्रदर! अब चलो तुम मेरी दुकान पर बैठ जाओ। मैं डेमो देता हूं कि आटा कैसे मांगना है? तेल विक्रेता अफगानिस्तान आटे वाले पाकिस्तान की दुकान पर बैठ गया। पाकिस्तान बाहर जाकर वापस अपनी ही दुकान में घुसा और आटा बेच रहे तेल व्यापारी अफगानिस्तान से कहा- ब्रदर ए ब्रदर! एक किलो आटा देना! नकली आटा विक्रेता अफगानिस्तान ने तपाक से सवाल किया- बोतल लाए हो क्या? दोनों की बातें सुनकर पास में खड़ा चाइना जोर-जोर से हंसने लगा। मीठी बातें करने एवं तेल लगाने में उस्ताद चाइना ने दोनों देशों में अपना तेल और आटा लगाने का भारी कारखाना खोल दिया।



राम विलास जॉंगिड़

# आपके बारे में बहुत कुछ बताती हैं आपकी सोशल मीडिया पोस्ट



**प्रतिबिंब**

इंटरनेट एक बहुत ही रोमांचक और मनोरंजक चीज है। लेकिन कभी कभी यह आपके लिए तनाव की वजह भी बन सकती है। यह तब बनती है जब आप इंटरनेट पर किसी पोस्ट या रील पर कोई ऐसा कमेंट करते हैं, जो लोगों को रास नहीं आता और लोग आपकी इसके लिए आलोचना करते हैं और कभी कभी तो बहुत बुरी गालियां देते हैं, हद तो तब हो जाती है, जब आपके विषय में आपको अश्लील कमेंट का सामना करना पड़ता है। यह तो जाने अंजाने आपके कमेंट पर लोगों का रिएक्शन होता है, लेकिन कई लोग तो चैट रूम में सिर्फ लोगों को रोस्ट करने, बेइज्जत करने के लिए ही सक्रिय रहते हैं बल्कि कहा जाए तो कुछ लोग तो इस लत का शिकार भी होते हैं। ऐसे लोग इंटरनेट पर कोई भी चीज ढूंढ़ते हैं, जिस पर वे कोई बुरी या अपमानजनक टिप्पणी कर सकें। वे ऐसा करते हैं और एक बार नहीं, बार बार करते हैं। आप किसी भी फेमस यू-ट्यूब वीडियो, इंस्टाग्राम फोटो, लेख, ब्लॉग, पोस्ट या फेसबुक अपडेट के कमेंट सेक्शन में झांकें तो आपके ऐसे दूसरों को हेट कमेंट देने वाले कोई न कोई व्यक्ति जरूर मिल जाएंगे।

अब बात उन लोगों के विषय में जो सिर्फ सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने का काम करते हैं। दरअसल ये वो लोग होते हैं, जो अपने जीवन में खुद से ही इतने तनावग्रस्त होते हैं कि वे अपनी कुंठा और नफरत सोशल मीडिया पर कमेंट्स करने के जरिये निकालते हैं। इंटरनेट पर आप किसी से भी असहमत हो सकते हैं। आपको किसी का भी चेहरा हो सकता देखने में अच्छा न लगे, आपको उनके विचार पसंद न आएं। लेकिन इन सबके बावजूद आपके कमेंट करने का तरीका आपकी पर्सनैलिटी को लोगों के सामने लाकर रखता है। क्योंकि यही वह प्वाइंट है जहां पर आप कितने क्रिएटिव, कितने बुद्धिमान हों, लेकिन अगर आपके कमेंट करने का तरीका शालीन नहीं है, तो आपको लोगों की नफरत का सामना करना पड़ सकता है। यह एक ऐसा माध्यम है जिसमें कोई एक दूसरे के सामने नहीं है, लेकिन वर्चुअल दुनिया में उनके बीच संवाद का सिलसिला चल रहा होता है। इसलिए इस माध्यम को इतना कमजोर भी नहीं समझना चाहिए, क्योंकि इसकी विजुविलिटी पूरी दुनिया में होती है। आपको अगर कोई गाली दे रहा है या आपकी तारीफ कर रहा है, इसका पता सबको लगता है। इसलिए इंटरनेट पर अगर आप नफरती संवाद करके नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हों तो आपको सचेत हो जाना चाहिए। इंटरनेट पर नस्लवादी इसके लिए खास तौरपर मशहूर हैं, जिनमें हिंदू, मुस्लिम आपस में ही एक दूसरे के धर्म और संस्कृति का मजाक उड़ाते हैं। उन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हैं और बुरे कमेंट्स करते हैं। धीरे धीरे यह नफरती हिंसा के बीच कई लोग आने लगते हैं। अगर आपको भी इन स्थितियों का सामना करना पड़े तो खुद को इनसे अलग कर लेना चाहिए। हमें उन लोगों के कमेंट्स पर ध्यान न देते हुए उन्हें इग्नोर करना चाहिए। क्योंकि ये ऐसे लोग होते हैं, जो आपके कमेंट का जवाब बुरे तरीके से ही देंगे। यह हमें भी उतना ही बुरा महसूस कराने की कोशिश करते हैं, जितना वे चाहते हैं। उन्हें नजर अंदाज करना ही ठीक होता है। इंटरनेट की भाषा में इन्हें ट्रोल जरूर कहा जाता है, लेकिन इनका लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ इंटरनेट पर एक दूसरे के प्रति लोगों के दिल में नफरत फैलाना होता है। कुल मिलाकर दूसरों की पोस्ट पर आप जो कमेंट करते हैं, वे आपके बारे में बहुत कुछ कहते हैं। दूसरों के नफरती कमेंट्स को जवाब देने का कोई लाभ नहीं होता। क्योंकि इससे आपको बुरा ही लगता है। इससे परेशान होने की भी जरूरत नहीं होती। हां, सकारात्मक कमेंट्स का जवाब देना चाहिए और नकारात्मक कमेंट्स को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देना चाहिए। अज्ञानता से बचने का और अज्ञानी और सिरफिरों की बातों का जवाब देने का एक अच्छा तरीका है, उन्हें नजरअंदाज करना बाकी ब्लॉक बटन का ऑप्शन तो हमारे पास हर समय मौजूद होता ही है। जैसे-

- निगेटिव कमेंट्स करने से पहले सोचें, कमेंट करना और अपना अनुभव साझा करना जरूरी है, करें। लेकिन दूसरों की कीमत पर नहीं। क्या आपको लगता है कि जो आप कह रहे हैं, वे सचमुच दूसरों की बातों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। कमेंट करने से पहले रुकें और सोचें कि पोस्ट के बारे में आप क्या महसूस कर रहे हैं। अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने के बाद ही सोच समझकर अपनी प्रतिक्रिया दें।

**- मधु सिंह.**

## विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

-योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

-महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

-शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

-श्रीराम शर्मा आचार्य.

## आप की बात

### बुनियादी क्षेत्र का विकास

मोदी सरकार देश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। राजमार्गों के विकास पर सर्वाधिक फोकस कर रही है। दरअसल जिन्होंने देश में बुनियादी ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में देखा-सुना है उनको अच्छी तरह मालूम है कि यहां दो-चार किलोमीटर की सड़क बनने में भी शिलान्यास और उद्घाटन के बीच पांच-सात साल लग जाता था। विकास की परियोजनाएं कैसे यहां आगे खिसकती हैं इसे समझने के लिए बहुउद्देशीय एवं वृहद जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट सरदार सरोवर परियोजना पर गौर किया जा सकता है। सरदार सरोवर परियोजना का शिलान्यास देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया था और लोकार्पण वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मुझे भी एक पुल के बारे में जानकारी है जिसका करीब आठ बार शिलान्यास किया गया और तीन दशक में बनकर तैयार हुआ। जब विकास परियोजनाओं का यह हाल देश में रहा हो, तो सहसा यह भरोसा करना कठिन हो जाता है कि कोई सरकार दो-तीन साल में दिल्ली से मुंबई के बीच करीब चौदह सौ मिलोमीटर का एक्सप्रेस वे दो-तीन साल में बनाकर शुरू कर देगी। फिलहाल नितिन गडकरी ने देश से वायदा किया है कि वे 2024 तक देश के रोड इन्फ्रा को अमरीका के बराबर कर देंगे। गडकरी के इस दावे में कुछ अतिश्योक्ति हो सकती है, लेकिन जिस तरह उन्होंने देश की सड़कों का कायाकल्प किया है उससे यह बात माननी पड़ेगी कि आज अगर देश के सभी नगर, महानगर हाइवे, एक्सप्रेस से जुड़ रहे हैं, सड़कों की शक्ल-ओ-सूरत बदली-बदली हुई नजर आती है, तो इसमें सबसे अधिक योगदान विभागीय मंत्री के रूप में नितिन गड़करी का ही है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रसे वे परियोजना गडकरी की प्राथमिकता वाली परियोजना है। देश की आर्थिक प्रगति में बुनियादी ढांचा और इसमें भी हार्डकोर इन्फ्रा के रूप में सड़कों का सबसे अधिक योगदान है। ऐसे में जैसे-जैसे देश में एक्सप्रेस वे, हाइवे और जिले से लेकर गांवों तक सड़कों का संजाल बिछता जायेगा, रेलवे, रोडवेज, एयरवेज, वाटरवेज के माध्यम से देश में कनेक्टिविटी और गति बढ़ेगी उसी तरह देश की प्रगति भी तेज होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश की आर्थिक और राजनीतिक राजधानी को आपस में जोड़ने में महती कड़ी साबित होगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त होने से, माल ढुलाई का समय घटने से, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी बढ़ने से इन राज्यों का विकास भी तेज होगा।

**जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### श्रमिकों की सेवा सुरक्षा

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

संक्षेप

## स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**बहराइच** । पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री पहुप सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश सिंह रावत के कुशल नैतृत्व में उ0नि0 अजय कुमार चौकी प्रभारी शिवपुर मोहरनिया थाना रूपईडीहा मय पुलिस बल व रइ की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 22.02.2026 को समय 00.08 बजे इण्डो नेपाल बार्ड पिलर संख्या 651/11 के पास के तरफ से एक नफर अभियुक्त मीनू उर्फ अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल गफूर निवासी कल्लन खाँ मोहल्ला थाना नानपारा जनपद बहराइच उम्र 32 वर्ष का 41 ग्राम नाजायज मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया ' फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 झ 036/2026 धारा 8/21 ठउ्‌ढर अउळ पंजीकृत किया गया एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्त मीनू उर्फ अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल गफूर निवासी कल्लन खाँ मोहल्ला थाना नानपारा जनपद बहराइच उम्र 32 वर्ष को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया ।

## सामाजिक सेवा से शुरू हुआ भागवत कथा का आयोजन

सोहावल-अयोध्या। निषाद पार्टी से टिकट लेकर बीकापुर विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे पार्टी के नेता और समाजसेवी कुड़ौली निवासी करुणाकर पाण्डेय उर्फ बब्बू के घर शुरू हो रही श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में सुबह बड़े काफिले के साथ कलश यात्रा निकली जो ज्वाला मां मंदिर तक पहुंची और सरयू तट ढेमवा घाट से जल भरकर वापस लौटी । इस यात्रा का समापन परिवार ने सामाजिक सेवा कर किया। इस अवसर पर लगभग 10000 लोगों में उपहार बाँटा गया। शामिल महिलाओं को साड़ी पुरुषों को कंबल मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित कर पुण्य कमाया। सुबह से शाम तक चले इस वितरण समारोह में विधानसभा से जुड़े अनेक गांव से लोग पहुंचे। सोमवार से शुरू हो रही इस भागवत कथा के कथावाचक कामाख्या धाम के महंथ इंद्रेश कौशिक जी महाराज होंगे। जिनके मुखारविन्दु से लोगों को कथा सुनने को मिलेगी। आगामी 2 मार्च को भंडारे का आयोजन किया गया है।

## निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने बूथों का किया निरीक्षण

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी, 2026 को किया गया है। इस क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-596/सी०ई०ओ०-4 दिनांक 19 फरवरी, 2026 द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन में रविवार को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। विशेष अभियान दिवस पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली, अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची, तार्किक विसंगतियों की सूची तथा फार्म-6 (घोषण पत्र सहित), फार्म-6ए, फार्म-7 एवं फार्म-8 के साथ आवश्यक कार्यवाही की गई। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों का भ्रमण कर बूथ लेवल अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई तथा कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह द्वारा 275-अयोध्या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने एम०एल०एम० इंटर कॉलेज (मतदेय स्थल संख्या-43, 44, 45, 46, 47), साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज (मतदेय स्थल संख्या-136 से 141), बापू बालिका इंटर कॉलेज (मतदेय स्थल संख्या-120 से 125) तथा श्याम सुंदर सरस्वती इंटर कॉलेज (मतदेय स्थल संख्या-126, 129, 142 से 147) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ उपस्थित पाए गए।

# 34 कमरों का बन रहा आधुनिक पर्यटक आवास

## 24 करोड़ से बन रहे जी प्लस थ्री भवन निर्माण में श्रद्धालु को मिलेगी सुविधा

जिला संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के तहत तेजी से संवर रही रामनगरी में आने वाले अब हर श्रद्धालु को 'अतिथि देवो भवः' की भावना के अनुरूप सत्कार मिलेगा। इसके लिए रामकथा पार्क में एक आधुनिक नवीन पर्यटक आवास गृह (गेस्ट हाउस) का निर्माण कार्य हो रहा है। यह परियोजना अयोध्या में बढ़ते पर्यटकों की संख्या को देखते हुए ठहरने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

रामकथा पार्क पहले से ही रामायण की कथाओं को जीवंत रूप में दशार्ने वाला महत्वपूर्ण स्थल है, अब एक नए जी+3 मंजिला भवन के रूप में और आकर्षक बनने जा रहा है। इस पर्यटक आवास गृह में कुल 34 कमरों की सुविधा उपलब्ध होगी, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आरामदायक ठहरने का विकल्प प्रदान करेगी। भवन की कुल अनुमानित लागत 2421.08 लाख रुपये है। यह निर्माण कार्य यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड निर्माण इकाई -11 अयोध्या




की देखरेख में हो रहा है, जबकि पीपीई प्रणाली के तहत एलएंडटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कार्यान्वयन किया जा रहा है। एलएंडटी जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के हाथों में होने से निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर पूरा भरोसा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास को अपनी प्राथमिकता बनाया हुआ है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से यहां पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। ऐसे में ठहरने की सुविधाओं का विस्तार अनिवार्य हो गया था। रामकथा पार्क में यह नया आवास गृह न केवल सामान्य पर्यटकों के लिए बल्कि मध्यम वर्ग के श्रद्धालुओं के लिए भी किफायती और सुविधाजनक विकल्प साबित होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में चल रहे अन्य प्रोजेक्ट्स जैसे घाटों का सौंदर्यीकरण, सड़कों का चौड़ीकरण, टेंट सिटी और थीम पार्क आदि के साथ यह नया पर्यटक आवास गृह अयोध्या की छवि को और निखार देगा। इस नए पर्यटक आवास गृह को पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसमें 34 कमरें, किचिन, रेस्टोरेंट, लिफ्ट, वातानुकूलित कमरे, रिसेप्शन लॉबी, आधुनिक स्नानघर, वाई-फाई, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल होंगी। कमरों का डिजाइन ऐसा रखा गया है कि पर्यटक रामकथा पार्क की हरियाली और रामायण से जुड़े वातावरण का पूरा आनंद ले सकें। पार्क में रामायण के विभिन्न प्रसंगों को दशार्ने वाली मूर्तियां, भित्ति चित्र और अन्य आकर्षण पहले से मौजूद हैं, और यह नया गेस्ट हाउस इन्हें और अधिक सुलभ बनाएगा। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड अयोध्या के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है ताकि जल्द से जल्द इसे पूरा किया जा सके और पर्यटकों को इसका लाभ मिल सके।

## तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को नहीं होना होगा परेशान

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं के लिए सुनवाई प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं समावेशी बना दिया गया है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी. फुडे ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को अनावश्यक रूप से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदाताओं के सत्यापन हेतु बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) स्वयं घर-घर जाकर नोटिस का वितरण करेंगे। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा संबंधित मतदाता से नोटिस की पावती एवं आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उन्हें बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। इसके उपरांत सुनवाई की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी ।

# जनसंवाद का माध्यम बनी मन की बात

## 400 बूथों पर सामूहिक श्रवण

अयोध्या। प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बात के 131वें संस्करण के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महानगर क्षेत्र के लगभग 400 बूथों पर सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक एकत्रित होकर प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बूथ संख्या 22, अम्बेडकर नगर (करियप्पा मंडल) में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य सरोज कुमारी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कौशलपुरी आवास पर तथा पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्यालय कुंड वार्ड में आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त महानगर के विभिन्न बूथों पर अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की ह्यमन की बातह्न केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से सीधा संवाद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री समाज के प्रेरणादायक व्यक्तित्वों, नवाचारों और जनभागीदारी की ताकत को सामने लाकर राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करते हैं।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम से समाज के हर वर्ग को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक प्रयासों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं, जिससे आमजन



में नई ऊर्जा का संचार होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश सदैव जनहित, स्वावलंबन और सामाजिक सहभागिता पर केंद्रित रहता है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे कार्यक्रम में बताए गए विचारों को समाज के बीच ले जाकर जनजागरण का कार्य करें। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम देश को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आम नागरिकों के प्रयासों को सराहकर उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाते हैं, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## गोसाईगंज विस क्षेत्र में डॉ. सर्वेश वर्मा ने दिखायी सियासी ताकत

**अयोध्या।** गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती सप्ताह के अवसर पर एक विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहाँ डॉ. सर्वेश वर्मा ने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवाओं की भागीदारी देखने को मिली, जिसके चलते रामपुर भगन अयोध्या मार्ग और गोसाईंगंज बाजार में गाड़ियों के काफिले से लंबा जाम लग गया, और पूरे क्षेत्र में डॉ. सर्वेश वर्मा की चर्चा बनी रही। डॉ. सर्वेश वर्मा ने गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी निवासियों का आभार व्यक्त किया। यह भव्य युवा सम्मेलन गोसाईंगंज के राजापुर सरैया स्थित पार्वती गर्ल्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (महाविद्यालय) के खेल मैदान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय सभा लखनऊ, डॉ. डी. एम. कटियार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय सभा लखनऊ, शशांक वर्मा ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में विमल कटियार और डॉ. कुलदीप डोंगर सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा ने आए हुए अतिथियों को माला, शॉल और छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर सर्वेश वर्मा को कुर्मी क्षत्रिय महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. सर्वेश वर्मा ने बताया कि यह आयोजन कुर्मी क्षत्रिय सभा लखनऊ (युवा प्रकोष्ठ) द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं को संगठित कर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता और शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने का संदेश देना था। सम्मेलन में समाज की 11 बेटियों को मंच पर सम्मानित भी किया गया। डॉ. सर्वेश वर्मा ने गोसाईंगंज विधानसभा के सभी क्षेत्रवासियों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस युवा सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक शामिल हुए, जो कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण था।

# नानपारा में की पीस कमेटी की बैठक

**नानपारा** । आगामी त्यौहारों होली और रमजान को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डी पी तिवारी, उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में कोतवाली नानपारा परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष सहित थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक है और इन्हें आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था के दायरे में रहकर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश अथवा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम ने ग्राम प्रधानों एवं धर्मगुरुओं से अपील की कि वे



अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अप्रमाणित सूचनाओं पर ध्यान न दें। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह ने भी सभी से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। तहसील प्रशासन आगामी त्यौहारों को लेकर पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित होना तय है। पीस मीटिंग के बाद कोतवाली नानपारा के अंतर्गत रूट मार्च किया गया वा एसडीएम नानपारा के द्वारा सभी से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील भी की गई।

## विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटी कांग्रेस

अयोध्या। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जहां सभी पार्टियां अपनी अपनी तैयारी में जुट चुकी हैं वही कांग्रेस पार्टी भी कमर कस कर मैदान में ऊतर चुकी है। उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जहां सभी पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी में जुट चुकी है। वहीं कांग्रेस पार्टी भी कमर कस चुकी है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं जिला महासचिव फूलचंद यादव द्वारा रविवार को हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत स्थित अपने आवास पर चाय के बहाने कांग्रेस के कई जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों को बुलाया। जहां पर घुघरी चाय के साथ नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुई संगठन को मजबूत एवं विस्तार करने पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की। जिला महासचिव फूलचंद यादव ने कहा कि देश एवं प्रदेश में चल रही आतताई जुल्मी भ्रष्टाचारी सरकार को हटाने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है।

# हर नागरिक को बिना भेदभाव के मिले लाभ : मनीष कुमार

## मेगा वृहद विधिक जागरूकता और सेवा शिविर का उद्घाटन

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जीआईसी आडिटोरियम मे जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे मेगा वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनीष कुमार नें फीता काट एवं दीप प्रज्जविल कर किया। इसके उपरान्त शिविर मे विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो का भ्रमण किया।

इसके पश्चात माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने समाज कल्याण विभाग के लाभार्थियों को अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के चेक, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, वृद्धावस्था, विधवा एवं निःशक्तता



पेंशन के नए स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभार्थी कन्याओं के खातों में सीधे लाभ हस्तांतरण की घोषणा पत्र, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को पोषण किट एवं लाभ की राशि, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहन राशि, रोजगार स्वरोजगार विभाग के लाभार्थियों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए चयनित युवाओं को प्रशिक्षण प्रवेश पत्र वितरण किये। कार्यक्रम मे जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के देख-रेख में लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, जादू जैसे सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर मे एक जिला एक उत्पाद, जिला कारागार मे निर्मित वस्तुओं का स्टाल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। शिविर मे विभिन्न विभागों के चिन्हित लगभग 1200 लाभार्थियों को लाभ दिया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति श्री कुमार ने कहा यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। यह एक छत कार्यक्रम इसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अल्पना सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायलय वन्दना सिंह, अपर जिला जज व नोडल अधिकरी मेगा कैम्प श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, सी0जे0एम0 सुधा सिंह, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, सिविल जज सी0डि0 व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत, परियोजना निदेशक नोडल अधिकारी मेगा कैम्प राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## लेंट का समय पाठ पर मनन करने का सर्वोत्तम समय है: पास्टर विनय फिलिप दयाल



बाराबंकी। ईसाई समाज में लेंट (चालीसा काल) की शुरूआत हो चुकी है। जो ईस्टर से 40 दिन पहले आता है। यह आत्मशुद्धि, त्याग, उपवास और विशेष प्रार्थना का समय है। इन 40 दिनों में विशेष मीटिंग्स और आराधनाएं आयोजित की जाती हैं, जो यीशु मसीह के बलिदान और पुनरुत्थान को याद करने के लिए हैं। लेंट का समय इस पाठ पर मनन करने का सर्वोत्तम समय है। यीशु ने हमें दिखाया कि कोई भी दूसरे की सेवा करने से ऊपर नहीं है, और सच्चा नेतृत्व विनम्रता से आता है। उक्त उद्गार डॉ0 आरोमा व डॉ0 प्रीती सिंह के आवास पर प्रभु की याद में आयोजित बैठक मे मेथोडिस्ट चर्च के पास्टर विनय फिलिप दयाल ने कही। पास्टर श्री दयाल ने कहा कि ये प्रभु ने 40 दिन निराहार रह कर जीवन दिया था और अंत में उसने मनुष्यों के लिये उस सलीबी मौत का दुख उठाया और हमको पापो से बचा कर उद्धार दे दिया उसी कर्म में मसीही समाज में रोज किसी ना किसी घर में उसकी याद में पाठ होता है। बैठक मे पास्टर विनय फिलिप दयाल और डा0 मनोज दयाल को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक मे शैलेन्द्र राज सिंह, डा0 प्रीति सिंह, चर्च सेक्रेटरी एस0के0 खन्ना, डा0 टीपू, महेश, हेमा, रजक, राम चन्दर आदि मौजूद रहे।

## एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस सम्पन्न



बाराबंकी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विधानसभा बाराबंकी 268 के मतदान केंद्र राम सेवक इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग भाग संख्या 435, 436, 437, 438, 439 का स्थलीय निरीक्षण कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। तथा बूथ पर उपस्थित बीएलओ से प्राप्त आवेदनों की स्थिति, मतदाता सूची के अद्यतन कार्य तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से दी जा रही सहायता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाने, प्राप्त प्रपत्रों का समयबद्ध परीक्षण करने तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी संबंधी नोटिसों का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में निस्तारण करने पर जोर दिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने बाराबंकी एवं जैदपुर विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित बीएलओ को अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

## मानवता हुई शर्मशार , नवजात को कूड़े के ढेर में फेंका, हुई मौत

बहराइच । जनपद के फखरपुर इलाके में मानवता को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है । जहां पर अज्ञात व्यक्ति की ओर से बोरे में रख नवजात को कूड़े में फेंक दिया । सुबह टहलने निकले लोगों ने नवजात को पढ़ा देख पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस उसे उठा कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित गजाधरपुर इलाके में आज सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने गड्ढे में एक नवजात को पढ़ा देख इसकी सूचना फखरपुर पुलिस को दी । जानकारी पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच नवजात को लेकर फखरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । ग्रामीणों ने बताया एक नवजात लड़की कचरे में मिली थी शायद देर रात उसे कोई यहां पर फेंक गया था । सुबह लोगों ने उसे देख पुलिस को सूचना दी थी । थाना प्रभारी ने बताया कि नवजात का शव मिला है मामले की जांच की जा रही है ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



बहराइच । समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए प्रदर्शन के विरोध में आज जिले में भाजला कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतर जमकर प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका । भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शनिवार दोपहर को बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय पे पास स्थित परशुराम चौक पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से समिट के दौरान किए गए हंगामे के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए नारेबाजी की । प्रदर्शन के शामिल लोगों ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किया गए कृत्य से देश की छवि खराब हुई है । राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए । इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल , भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे , अरुणेंद्र सिंह अंकित , संजय जायसवाल , एकता जायसवाल , संतोष त्रिपाठी , सौरभ मिश्रा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजदू रहे ।

## सुनी गयी पीएम के मान की बात




**बहराइच** । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की मन की बात की 131 वां एपिसोड सुना गया । एड मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश के सभी क्षेत्र के विकास पर चर्चा की और अपने देश के प्रगति कितनी तेजी से हो रहा है इस पर लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय युवा मोर्चा अध्यक्ष व जिला प्रवासी नितिन मित्तल व जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह डॉक्टर डिंपल जैन युवा मोर्चा संयोजक अरुडेन्द्र सिंह अंकित आईटी प्रमुख प्रमोद पांडे रामकृपाल एकता जायसवाल डॉक्टर कृष्ण कुमार अमित वर्मा नवोदय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

संक्षेप

## कार और बाइक की टक्कर में युवक घायल

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ क्षेत्र के गंगा घाट मुराईबाग में रविवार को कार और बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। अनुज कुमार 25 वर्ष पुत्र दिनेश, निवासी सूची थाना सलोन जनपद रायबरेली, अपने मामा की लड़की रूपा निवासी रहमाना रायबरेली की सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गंगा घाट डलमऊ मुराईबाग जा रहे थे। इसी दौरान पहले से मौजूद उदवराज 26 वर्ष पुत्र देशराज अपनी कार वाहन संख्या यूपी71एके4052 मोड़ रहे थे। तभी कार और अनुज की बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई टक्कर के बाद अनुज सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि जब उन्होंने कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने वाहन नहीं रोका और कार आगे बढ़ा दी। इस दौरान अनुज ने स्टेयरिंग पकड़कर कार रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक ने कार का शीशा ऊपर चढ़ा दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। कार के आगे बढ़ने से उनके घुटनों में भी चोट लग गई। घटना के बाद तत्काल घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी डलमऊ भेजा गया। पुलिस के अनुसार मौके पर कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 34 साइबर ठग गिरफ्तार, 45 फरार

**मथुरा।** मथुरा के मिनी जामताड़ा में साइबर ठगों को पकड़ने के लिए एक बार फिर 240 से अधिक पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की। बीस से अधिक गाड़ियों से पुलिसकर्मी के साथ एसपी पहुंचे और दो टीम बनाकर दो गांवों में छापेमारी की। पुलिस टीम को देखते ही गांव में भगदड़ मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे कुछ खेतों में छिप गए। पुलिस ने उन्हें दौड़ा दौड़ा कर पकड़ा। घरों की तलाशी ली गई। रविवार सुबह पुलिस ने विशंभरा और जांघवली गांव में छापेमारी की। करीब 5 घंटे तक चली कार्यवाही में पुलिस ने 34 लोगों को हिरासत में लिया। एसपी सुरेश चंद्र रावत के अनुसार पुलिस को देखने के बाद 45 लोग फरार हो गए। पांच गाड़ियां भी जप्त की गई। दरअसल मथुरा के बॉर्डर क्षेत्र के करीब 8-10 ऐसे गांव है। जो साइबर ठगी का गढ़ माना जाता है। यहां साइबर ठगी का बड़ा नेटवर्क है जो कि देश विदेश में ठगी को अंजाम देता है। शेरगढ़ क्षेत्र के गांव विशंभरा और जांघवली में रविवार को सुबह 6 बजे एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत फोर्स के साथ पहुंचे। उस समय गांव वाले सो रहे थे। पुलिस को देखते ही अफरा तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने पूरे गांव को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस कर्मियों ने घरों की तलाशी ली। 45 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस को अंदेशा है कि पकड़े गए युवक साइबर ठगी से जुड़े हैं। इनसे पूछताछ के बाद बड़े क्राइम नेटवर्क का भाड़ा फोड़ हो सकता है।

## नहीं मिल रहीं लोगों को मूलभूत सुविधाएं

**शुकुल बाजार, अमेठी।** शुकुल बाजार क्षेत्र स्थित महोना जैनमगंज और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के आसपास स्थित कई पेट्रोल पंपों पर आम जनता को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं या तो गायब हैं या केवल औपचारिकता तक सीमित दिखाई दे रही हैं। शासन और तेल कंपनियों द्वारा निर्धारित मानकों के बावजूद जमीनी हकीकत चिंताजनक है। क्षेत्र के अनेक पेट्रोल पंपों पर टायर में हवा भरने की मशीनें या तो बंद पड़ी मिलीं या फिर खराब स्थिति में हैं। कई स्थानों पर पीने के पानी की व्यवस्था तो है, लेकिन पानी की शुद्धता पर सवाल उठ रहे हैं। स्वच्छता की कमी भी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। सबसे अधिक समस्या शौचालयों को लेकर सामने आई है। कई पंपों पर शौचालय बने होने के बावजूद उन्हें बंद रखा जाता है, या उनकी साफ-सफाई इतनी खराब है कि आमजन उपयोग नहीं कर पाते। कई ग्राहकों को यह जानकारी तक नहीं होती कि शौचालय की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराना अनिवार्य है। ग्राहकों का यह भी आरोप है कि शिकायत पुस्तिका मांगने पर टालमटोल किया जाता है। रेट सूची भी कई स्थानों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जैसे व्यस्त मार्ग के आसपास स्थित पंपों पर यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था अपेक्षित है, लेकिन वहां भी लापरवाही देखने को मिल रही है। नियमों के अनुसार पेट्रोल पंपों पर शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, मुफ्त हवा, सही माप की गारंटी और शिकायत दर्ज करने की सुविधा अनिवार्य है।

# मथुरा रिफाइनरी के फ्लावर शो का सांसद ने किया उद्घाटन

## फूलों से बनीं विभिन्न कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र रहीं



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी अपनी हरित व स्वच्छ छवि के लिए एक विषेष पहचान रखती है, और इस पहचान को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील भी रहती है। इसी श्रृंखला में मथुरा रिफाइनरी द्वारा 21-22 फरवरी 2026 को रिफाइनरी नगर स्थित नगर चौपाल में 40वां वार्षिक फ्लावर शो आयोजित किया गया।

दो दिवसीय फ्लावर शो की शोभा बढ़ाते हुए मथुरा की माननीय सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मथुरा रिफाइनरी के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि रिफाइनरी तकनीक, पर्यावरण और समाज के बीच सही सामंजस्य के साथ कार्य कर रही है और मथुरा क्षेत्र की शान है। उन्होंने फ्लॉवर शो का आनंद लिया और सभी को प्रकृति प्रेम के लिए प्रोत्साहित किया।

उद्घाटन के दौरान मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल और रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ भारी संख्या में टाउनशिप निवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्लोक कुमार, आईपीएस, एस एस पी, मथुरा ने भी शिरकत की और रिफाइनरी के प्रयासों की प्रशंसा की।

मथुरा रिफाइनरी में सन 1986 से लगातार फ्लावर शो का आयोजन किया जा रहा है और इसके 40वें संस्करण के दौरान फ्लावरिंग प्लांट्स, डेकोरेटिव प्लांट्स और कट फ्लावर का उपयोग किया। फूलों से बनीं विभिन्न कलाकृतियां लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। फ्लावर शो के दौरान टाउनशिप के सैकड़ों निवासियों ने विभिन्न कैटेगरी में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। दो दिवसीय आयोजन में टाउनशिप व आस पास के निवासियों ने फ्लावर शो का आनंद लिया और प्रकृति को सराहा और फ्लावर शो में बनी विभिन्न आकृतियों के सामने सेल्फी खींच कर अपने लिए सुंदर व मनमोहक यादें सजाई।

## जिलाधिकारी ने किया विशेष अभियान दिवस का निरीक्षण

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के दृष्टिगत मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के वृन्दावन जोनल कार्यालय में आयोजित विशेष अभियान दिवस / मेगा कैंप का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाइजर से फॉर्म 6, 7 एवं 8 की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने दावे एवं आपत्तियां से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं



सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस पर की जा रही सुनवाई की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक छूटना नहीं चाहिए और कोई भी अपात्र जुड़ना नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उक्त कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बी0एल0ओ0 से मतदाताओं की मैपिंग की जानकारी भी प्राप्त की। जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बीएलओ की उपस्थिति में मेगा कैंप/विशेष अभियान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि दिनांक 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम अंकित नहीं है अथवा ऐसे सदस्य जिनकी आयु 01-01-2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, वे अपना फार्म-6 घोषणा-पत्र सहित भरकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा दें अथवा म्ब्प्छम्ज मोबाइल एप्लीकेशन या अवजमते.मबप.हवअ.पद पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फार्म-8 भरा जा सकता है। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 0565-1950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान दिवस पर जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत रविवार को आयोजित विशेष अभियान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन ने निर्वाचन प्रक्रिया की सुचिता और प्रगति को परखने हेतु औचक निरीक्षण किया, इस क्रम में डीएम ने 98 शिकोहाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नारायण इंटर कॉलेज में स्थापित बूथ संख्या 346 से 354 का गहन निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां तैनात बूथ लेवल अधिकारियों से प्राप्त हो रहे आवेदनों की वस्तुस्थिति को जाना डीएम ने मौके पर फॉर्म-6,7,8 और फॉर्म- 6 ए प्रवासी मतदाता के निस्तारण और उपलब्धता का विस्तार से अवलोकन किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपस्थित आम नागरिको और मतदाताओं से संवाद किया, उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए अपील की कि वह दावा एवं आपत्ति अवधि का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये, जिलाधिकारी ने समस्त बीएलओ को निर्देशित किया है की पुनरीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः इसे पूरी सटीकता समयबद्धता और त्रुटिहीन तरीके से संपन्न करें, किसी भी स्तर पर शीथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद गजेंद्र पाल सिंह भी उपस्थित रहे।

## राज्य विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा के गठन का शासनादेश जारी



**टूंडला।** उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास अनुभाग के विशेष सचिव रजनीश चन्द्र ने 20 फरवरी 2026 को अधिसूचना जारी कर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति राज्य स्तरीय दिशा का महामहिम राज्यपाल द्वारा गठन किया है। इस समिति में मुख्यमंत्री द्वारा पांच विधायकों एवं तीन विधान परिषद सदस्यों को नामांकित किया गया है, जिसमें आगरा के विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल को भी मनोनीत किया गया है। टूंडला के ग्राम बछगांव निवासी क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज सदस्य श्रीकृष्ण गौतम को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गैर सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। राज्य दिशा समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री तथा सह अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग हैं। इसमें 12 लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्यों को भी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनोनीत किया गया है। सांसदों में प्रमुख रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, डॉ.रामगोपाल यादव स्वामी साक्षी महाराज एवं अखिलेश यादव जैसे प्रमुख सांसद शामिल हैं। समिति में भारत सरकार की योजनाओं से संबंधित राज्य सरकार के संगत विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव भी सदस्य के रूप में नामांकित किए गए हैं। यह समिति भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित सभी विकास योजना का पर्यवेक्षण निगरानी एवं अनुश्रवण करेगी। समिति की बैठक कम से कम हर 6 महीने में एक बार होगी। श्रीकृष्ण गौतम ने अपने मनोनयन पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया मन की बात का सामूहिक श्रवण



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक अभियान के तहत रविवार को प्राथमिक विद्यालय नगरी ( बूथ संख्या 328 ) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 131वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के पदाधिकारियों ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने प्रधानमंत्री के देशहित, समाज सेवा, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता एवं जनभागीदारी से जुड़े प्रेरणादायक विचारों को गंभीरता से सुना। भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा कि ह्यमन की बातह्न में प्रेरणादायक विचारों का स्मरण हुआ है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के संबोधन में राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जो कार्यकताओं में ऊर्जा और सेवा भाव को सशक्त करता है, उनके विचारों को हम सभी जन-जन तक पहुंचायेंगे। इस अवसर पर विनोद प्रमुख, सुनील तरकर मंडल अध्यक्ष उस्फार गांव आदि सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय परिसर में भव्य मेगा विधिक साक्षरता व सेवा शिविर आयोजित



**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायालय फिरोजाबाद परिसर में मेगा विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश फिरोजाबाद डॉ.बाबू सरंग द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात जनपद न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती एवं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविंद कुमार अपर जिला व सत्र न्यायाधीश-प्रथम सुनील कुमार सीडीओ शत्रोहन वैश्य एडीएम मोहन लाल गुप्ता नोडल अधिकारी उप निदेशक कृषि श्री एस.पी सिंह नोडल अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडेय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम में सहभागिता की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु पौधारोपण भी किया गया। उक्त मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को विभिन्न सरकारी योजनाओं निःशुल्क विधिक सहायता अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहाँ आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान अनेक पात्र लाभार्थियों को मंच के माध्यम से विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ वितरित किया गया, जो इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य रहा। साथ ही विधिक जागरूकता के प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से जनसामान्य को सरल एवं प्रभावी तरीके से विधिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा एवं शिवकांत पालिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्तागण पैरा विधिक स्वयंसेवक छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र ने काउंसलिंग कर 5 परिवारों की खुशियां लौटायी गयी

**फिरोजाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश अभियान के तहत 5 परिवारों की काउंसिलिंग कर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए परिवारों की खुशियाँ लौटाई गयीं। रविवार को एसीसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र दीदी प्रोजक्ट द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश अभियान के तहत कुल 5 घरेलू मामलों में काउंसिलिंग कर आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया। उक्त परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया गया। इस दौरान सभी पक्षों के द्वारा फिरोजाबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम जायेगा गुलाल

- रंगभरी एकादशी को होगा बाबा विश्वनाथ को अर्पित
- बाबा विश्वनाथ के धाम में होंगे ब्रज की होली के दर्शन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि से विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रंगभरी एकादशी शुकवार (27 फरवरी 2026) होली महोत्सव के लिए काशी विश्वनाथ धाम वाराणसी गुलाल यात्रा जायेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुये श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम दोनों ही स्थानों पर परंपरागत रूप से रंगभरी एकादशी को होली का मुख्य महोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि की परंपरागत रंगारंग लठामार होली, पुष्प होली एवं गुलाल होली करोड़ों-करोड़ कृष्ण-भक्तों के आकर्षक का केन्द्र है, वहीं नील गुलाल, पुष्प और भस्म की होली काशी विश्वनाथ धाम में शिव भक्तों को आनन्दित करती है। गत वर्ष बाबा विश्वनाथ धाम में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से बाबा विश्वनाथ की होली के लिए भव्य आयोजन के मध्य भेजा गया प्रसाद, गुलाल, पुष्प प्रमुखता से बाबा विश्वनाथ की होली में सम्मलित हुआ था। इस वर्ष भी दिनांक 27 फरवरी 2026 रंगभरी एकादशी के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं कृष्ण भक्तों की ओर से वृहद मात्रा में प्रसाद, गुजिया, गुलाल, नील गुलाल, फल-पुष्प काशी विश्वनाथ धाम भेजे जायेंगे। इस वर्ष होली के गायन, वादन और होली नृत्य के लिए ब्रजवासी कलाकार भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ जायेंगे। काशी (शिव) और मथुरा (कृष्ण) की होली में आध्यात्मिक एकात्मकता है, जो रंग भरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ धाम में ब्रज की होली के रूप में प्रकट होगी। यहाँ शिव-शक्ति और राधाकृष्ण के होली के रूप में पुष्प-रंग-गुलाल उत्सव से बाबा विश्वनाथ के धाम में अनूठे आनन्द की वर्षा होगी।

यह प्रथम वार होगा कि ब्रज के ग्वाल-गोपी काशी विश्वनाथ धाम के प्रांगण में ब्रज की पुष्प होली, गुलाल होली से बाबा के धाम को आनन्दित करेंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास एवं काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के प्रयासों से इस प्रकार के नवीन आयोजन करोड़ों-करोड सनातन धर्मावलम्बियों को आनन्दित करते हैं। सवा मन गुजिया प्रसाद, गुलाल, नील गुलाल, फल, पुष्प श्रीकृष्ण जन्मभूमि से दिव्य शोभायात्रा के माध्यम से काशी विश्वनाथ धाम को भेजी जायेगी। दिनांक 26-02-2026 की प्रातः 10 बजे ठाकुर श्रीकेशवदेवजी विराजमान श्रीकृष्ण जन्मभूमि से गुलाल यात्रा हरिनाम संकीर्तन एवं मंगल ध्वनि के मध्य प्रांगण में भ्रमण कर सुसज्जित वाहन से काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी स्वाना होगी। 27-02-2026 रंगभरी एकादशी के दिन श्रीकृष्ण जन्मभूमि से यात्रा में सम्मलित पूजाचार्य, भक्तजन एवं रसिक कलाकार काशी विश्वनाथ धाम में बाबा को प्रसाद एवं गुलाल अर्पित करने के उपरान्त, ब्रज के फाग का धमाल बाबा विश्वनाथ के धाम में मचाकर भक्तों को अलौकिक आनन्द की अनुभूति करायेंगे। बाबा विश्वनाथ की नील गुलाल, भस्म होली एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के रंगारंग पुष्प-गुलाल होली का एक साथ दर्शन निश्चित ही श्रद्धालुओं को अभिभूत और रोमाचित करेगा। सस्थान का प्रयास है कि भारतवर्ष के प्रमुख मंदिरों एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मध्य धार्मिक आयोजनों में सहभागिता रहे एवं इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इस प्रकार के आयोजनों में सनातनी गौरव में एकता के दर्शन होंगे। सस्थान ने काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण को मथुरा-काशी के मध्य रचनात्मक आध्यात्मिक नवाचार के लिए आभार प्रकट करते हुए, सभी भक्तों से इस गौरवमय आध्यात्मिक सेवा में सहभागिता का अनुरोध किया है।

## रंगभरनी एकादशी पर रहेगी दुरुस्त व्यवस्था

**मथुरा।** वृंदावन तीर्थनगरी में होली पर्व मनाने के लिए आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं 27 मार्च को रंगभरनी एकादशी पर वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा करने के लिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही हैं। रविवार को लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन में डीएम सीपी सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार द्वारा अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। साथ ही व्यवस्था चाक चैबंद बनाने के किए अधीनस्थों को निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि परिक्रमा मार्ग में परिक्रमार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सफाई एवं अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपाइयों ने सुना पीएम मोदी के मन की बात का 131 वां संस्करण

**टूंडला।** विधानसभा टूंडला के बूथ संख्या 200 पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुनीष चौहान के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 131 वाँ संस्करण सुना। जिले के सभी वर्तमान व निवर्तमान जनप्रतिनिध पूर्व जिलाध्यक्ष जिला व मोर्चों के जिला पदाधिकारी सभी प्रकोष्ठों के जिला संयोजक व सह संयोजक सभी मंडलों के अध्यक्ष प्रभारी मंडलों के पदाधिकारी, मंडलों के मोर्चों के अध्यक्ष व पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक व शक्ति केंद्र प्रभारी, सभी 1248 बूथ अध्यक्ष व बूथ की कार्यकारिणी ने अपने बूथ पर रहकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के साथ मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह मनप्रीत सिंह कीर वंश प्रताप सिंह शोभा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## वृहद विधिक सहायता व सेवा शिविर आयोजित



**मथुरा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार रविवार को पान्चजन्य प्रेक्षागृह, डैम्पीयर नगर, मथुरा में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विकास कुमार, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा द्वारा की गई। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश सिंह जिलाधिकारी श्लोक कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, राजेश चैधरी पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण मथुरा, अपर जिला जज रामप्रकाश पाण्डेय, बृजेश कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, विजेन्द्र कुमार, सूर्यभान कुमार वर्मा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे, श्रीमती अनीता सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा, डा0 पंकज कुमार वर्मा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मथुरा सहित अनेक न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस अधिकारीगण व चिकित्सकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय जनपद न्यायाधीश विकास कुमार द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदोपरान्त विभिन्न स्कूल की छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती वन्दना व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# रंगभरनी एकादशी को लेकर डीएम-एसएसपी ने की समीक्षा

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन वृन्दावन के सभागार में आगामी रंगभरनी एकादशी पर्व 27 फरवरी की तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।



डीएम ने बैठक में सख्त निर्देश दिए कि प्रतिबंधित रंग का प्रयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिबंधित/नकली/ केमिकल युक्त रंगों को बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एहसे रंगों को तत्काल सीज किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संपूर्ण वृन्दावन परिक्रमा मार्ग पर नियमित दूरी में पुलिस, अग्निशमन, सफाई, विद्युत तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी परिक्रमार्थियों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों से विनम्र रहे। अपनी भाषा को मृदुल रखे तथा सेवा के भाव ड्यूटी का निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि रंगभरनी एकादशी पर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा वृन्दावन की परिक्रमा की जाती है तथा रंग खेला जाता है। हमारी यह जिम्मेदारी है कि किसी को कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को नियमित दूरी में स्वास्थ्य कैंप, एम्बुलेंस तथा बाइक एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को समस्त खंभों एवं ट्रांसफॉर्मर्स की प्लास्टिक रैपिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम को साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट आदि हेतु निर्देशित किया। उन्होंने यमुना जी के घाटों पर बैरिकेडिंग एवं पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। यमुना जी एवं घाटों के आस-पास नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निर्देश दिए कि पुलिस सहायता केंद्रों पर 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित करे। रंगभरनी एकादशी पर्व पर किसी भी बच्चे, महिला, बुजुर्ग आदि के साथ दुर्व्यवहार/ छेड़खानी करने वाले पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे। शरारती तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखे। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करे। संपूर्ण वृन्दावन परिक्रमा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एक क्यूआर कोड बनाया जाए, जिसमें वृंदावन के अस्पतालों, पार्किंगों, पुलिस सहायता केंद्रों, स्वास्थ्य कैंपों आदि की डिटेल हो। उक्त क्यू0आर0 कोड को वृंदावन परिक्रमा मार्ग में जगह जगह पर चस्पा कराया जाए तथा उसके बैनर पार्किंग में भी लगाए जाए, जिससे कोई भी श्रद्धालु आसानी से उक्त सुविधाओं का लाभ ले सकता है। जिलाधिकारी ने मजबूत बैरियर एवं बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त होटल संचालकों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देशित करने के निर्देश दिए। क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए के संबंध में सभी होटल संचालक अपने-अपने होटलों में सूची चस्पा करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पर्व पर सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग को नो व्हीकल जोन/वाहन प्रतिबंधित जोन बनाया जाए। पीए सिस्टम से नियमित अनाउंसमेंट करते रहे। प्रभावी खोया पाया केंद्र बनाया जाए। परिक्रमा मार्ग को अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया जाए। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपीश्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, एसपी यातायात मनोज कुमार, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## भारत के सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में बढ़ते कदम

नयी दिल्ली। अशोक चांडक, प्रेसिडेंट, आईईएसए और सेमी इंडिया ने बताया फॉक्सकॉन-एचसीएल डीडीआईसी प्रोजेक्ट की शुरुआत भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत बढ़ती रफ़्तार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। एचसीएल, जो आईईएसए की एक अहम सदस्य है, फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी करके वैश्विक स्तर और भारत की डिजाइन व इंजीनियरिंग शक्ति को एक साथ लाई है। डिस्प्ले ड्राइवर आईसी इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और नेक्स्ट-जेन डिस्प्ले ईकोसिस्टम के लिए बहुत जरूरी होते हैं, जिससे यह प्रोजेक्ट रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसे-जैसे आईएसएम-समर्थित पहलें घोषणा से अमल की ओर बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे भारत के सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम पर भरोसा बढ़ता जा रहा है। यह सहयोग भारत की डिजाइन-आधारित मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई-चेन के लचीलेपन की ओर बदलाव को मजबूत करता है, तथा दुनिया में इस संदेश को पुख्ता करता है कि भारत सेमीकंडक्टर इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक भरोसेमंद हब के रूप में उभर रहा है।

## एफएमसीजी कंपनियों को बिक्री मात्रा बढ़ने की उम्मीद

नयी दिल्ली। देश की रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) का मानना है कि अगले वित्त वर्ष में उनकी वृद्धि मुख्य रूप से बिक्री की मात्रा पर आधारित होगी। कंपनियों का कहना है कि महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से उनके मुनाफे पर दबाव कम होने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इन कंपनियों ने मध्यम से उच्च स्तर की मात्रा वृद्धि दर्ज की। हाल की बैठकों में उद्योग के दिग्गजों ने कहा कि कई महीनों की अस्थिरता के बाद कारोबार का माहौल अब बेहतर हो रहा है। आवश्यक कच्चे माल जैसे खाद्य तेल, गेहूं, नारियल और रसायनों की कीमतें कम हुई हैं। साथ ही जीएसटी दरों में सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि और अच्छी फसल के कारण मांग में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। कई कंपनियों ने पहले ही चालू वित्त वर्ष में मामूली मूल्य वृद्धि की है और अब उनका मानना है कि वृद्धि कीमतों के बजाय बिक्री की मात्रा से होगी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई काफी बढ़ी थी। अब महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है। नारियल तेल, साबुन और वनस्पति तेल की कीमतें घट रही हैं। इसलिए अगले वित्त वर्ष वृद्धि मुख्य रूप से बिक्री की मात्रा पर आधारित होगी, कीमतों पर नहीं। पहले की गई कुछ मूल्य वृद्धि का असर अभी भी रहेगा।

## एनसीएलएटी ने दिया महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही वापस लेने का निर्देश

नयी दिल्ली। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को वापस लेने का निर्देश दिया है। यह निर्देश कंपनी और उसके वित्तीय ज णदाता के बीच समझौता होने के बाद आया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने महागुन (इंडिया) और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप के बीच 12 फरवरी, 2026 को हुए समझौते को रिकॉर्ड पर लिया। वित्तीय ऋणदाता आईडीबीआई ट्रस्टीशिप ने ही एनसीएलएटी के समक्ष रियल्टी फर्म के खिलाफ जारी दिवाला कार्यवाही को वापस लेने के लिए आवेदन दिया था। एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा, यह सूचित किया गया है कि इस न्याय निर्णय प्राधिकरण के समक्ष मामला लंबित रहने के दौरान, दोनों पक्षों ने 12 फरवरी, 2026 को एक समझौता किया है। वित्तीय ऋणदाता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। इसे स्वीकार करते हुए, अपीलीय न्यायाधिकरण ने वित्तीय ऋणदाता द्वारा दायर दिवाला याचिका को वापस लिए जाने के कारण खारिज कर दिया। 17 फरवरी, 2026 को पारित दो पृष्ठ के आदेश में एनसीएलएटी ने कहा, उपर्युक्त तथ्यों के मद्देनजर इस मामले से जुड़े सभी लंबित आवेदन भी निस्तारित माने जाते हैं। आईडीबीआई ट्रस्टीशिप ने अपने आवेदन में यह छूट भी मांगी है कि यदि कॉरपोरेट देनदार समझौते की शर्तों का पालन करने में विफल रहता है, तो वह अपनी दिवाला याचिका को फिर से बहाल कर सके। महागुन मैनोरियल परियोजना के लिए जारी गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के भुगतान में 256.48 करोड़ की चूक के दावे पर एनसीएलएटी ने महागुन के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था।

# शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव




नयी दिल्ली। घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों, मासिक वायदा व विकल्प (एफएंडओ) निपटान और अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्कों में की गई बढ़ोतरी से जुड़े वैश्विक घटनाक्रमों के कारण अगले सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मौद्रिक संकेतों से भी बाजार की दिशा तय होगी। आगामी सप्ताह में बाजार के अस्थिर रहने की संभावना है, विशेष रूप से 24 फरवरी को होने वाले मासिक एफएंडओ निपटान के कारण। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों, विदेशी मुद्रा भंडार और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के उत्पादन के आंकड़ों पर रहेगी। उन्होंने कहा कि निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के नए कार्यकारी आदेश के निहितार्थों का भी आकलन करेंगे, जो व्यापार की स्थिति, शुल्क संरचना और वैश्विक जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। यह घटनाक्रम शुल्कों पर अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले के बाद सामने आया है। विश्लेषकों के अनुसार, ट्रंप ने शुक्रवार को अदालत के फैसले के बाद भारत सहित कई देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था और एक दिन बाद इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इससे व्यापारिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित प्रतिकूल प्रभाव की चिंताएं बढ़ गई हैं। निवेशक अमेरिका-ईरान संबंधों, कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक मौद्रिक संकेतों पर बारीकी से नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के जीडीपी आंकड़ों का कंपनियों की आय और बाजार की स्थिति पर पड़ने वाले असर को भी गौर से देखा जाएगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 187.95 अंक या 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि एनएसई के निफ्टी में 100.15 अंक या 0.39 प्रतिशत की तेजी रही। पिछले सप्ताह बाजार की धारणा सतर्कता और उत्साह के बीच झूलती रही। बैंकिंग, वित्तीय, बिजली और चुनिंदा एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी से वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़े बदलावों और मार्जिन दबाव की चिंताओं के कारण आईटी शेयरों में सुस्ती रही। हालांकि, बड़े शेयरों में मजबूती और पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी को लेकर बने उत्साह ने बाजार को सकारात्मक दायरे में बनाए रखा।

# आरबीआई ने संभावित सीमापार हमलों, भूकंप जोखिम वाले स्थानों से दूर बनाया डेटा सेंटर




नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की महत्वपूर्ण वित्तीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मुख्य प्रणालियों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से ओडिशा में एक उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर बनाया है।

यह केंद्र संभावित सीमापार खतरों और भूकंप जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रणनीतिक रूप से स्थित है। विश्लेषकों और अधिकारियों के अनुसार, भुवनेश्वर में बना यह नया केंद्र केंद्रीय बैंक की मुख्य कंप्यूटर प्रणाली और तकनीकी सुविधाओं के लिए बनाया गया है, जो मुद्रा प्रबंधन, भुगतान-निपटान और नियामकीय डेटा को संभालेंगे। एक विश्लेषक ने बताया, जब आरबीआई ने 2023 में खुर्दा के इन्फो वैली में 18.55 एकड़ के अपने परिसर का निर्माण शुरू किया, तब बहुत कम लोगों ने इसकी जगह पर सवाल उठाया। संचालन और व्यवस्थापना के अलावा, इस स्थान को चुनते समय रणनीतिक सुरक्षा और सुरक्षित स्थिति जैसे महत्वपूर्ण कारणों को भी ध्यान में रखा गया होगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा में स्थित यह केंद्र भारत की पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं से काफी दूर है, जिससे सीमापार मिसाइल या ड्रोन हमलों का खतरा कम होता है। साथ ही, यह देश के उच्च भूकंप जोखिम वाले क्षेत्रों में नहीं आता, जिससे बड़े भूकंप की संभावना से सुरक्षा मिलती है। ये दोनों बातें महत्वपूर्ण वित्तीय प्रणाली को सुरक्षित रखने वाले बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और निरंतरता को मजबूत करती हैं। यह आरबीआई का दूसरा डेटा सेंटर है, इसका पहला डेटा सेंटर नवी मुंबई में है।

# मेटा-व्हाट्सऐप से जुड़े गोपनीयता नीति मामले की सुनवाई आज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय मेटा और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिनमें गोपनीयता नीति को लेकर उन पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाए जाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश को चुनौती दी गई है।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ द्वारा इस मामले की सुनवाई किए जाने की संभावना है। पीठ ने तीन फरवरी को याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप को लेकर कड़ी टिप्पणियां करते हुए कहा था कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां डाटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं।

न्यायालय गोपनीयता नीति को लेकर सीसीआई के उस आदेश के खिलाफ मेटा और व्हाट्सऐप की अपील पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उन पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# इजराइल को पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद



मुंबई। कोविड-19 और युद्ध के कारण पैदा हुए संकट से उबरने की कोशिश कर रहे इजराइल को उम्मीद है कि वह 2027 तक भारतीय पर्यटकों की संख्या के मामले में 2019 के स्तर लगभग 69,000 पर वापस पहुंच जाएगा। इजराइल में साल 2019 में भारत से 65,100 पर्यटक आए थे।

पर्यटन मामलों की वाणिज्यदूत गालित हॉफमैन ने बताया, हमने पहले कोविड-19 और फिर युद्ध जैसे संकट का सामना किया, जिससे हमारा पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ। साल 2019 में भारत से 65,100 पर्यटक इजराइल आए थे। यदि स्थितियां अनुकूल रहती हैं और हमें 2019 की तरह ही प्रचार प्रसार का मौका मिलता है, तो हमें उस स्तर यानी लगभग 69,000 के आंकड़े तक पहुंचने में डेढ़ से दो साल और लगेंगे। उम्मीद है कि 2027 तक हम यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। दुनिया भर के यात्रा उद्योग को प्रभावित करने वाले कोविड-19 संकट के बाद सात अक्टूबर, 2023 को हमास के साथ शुरू हुए युद्ध ने इजराइल के पर्यटन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया, क्योंकि कई देशों ने इस पश्चिम एशियाई देश के लिए अपनी उड़ानें रोक दी थीं। इजराइल पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में भारत से केवल 9,600 पर्यटक इजराइल पहुंचे, जिनमें से ज्यादातर लोग तीर्थयात्रा के लिए गए थे। वहीं, 2025 में भारतीय पर्यटकों की यह संख्या 12,500 रही।

# भारतीय डाक के पास 38 करोड़ बचत खातों में 22 लाख करोड़ : केंद्रीय मंत्री

गुंटूर (आंध्र प्रदेश)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को बताया कि भारतीय डाक के पास लगभग 38 करोड़ बचत खाते हैं, जिनमें 22 लाख करोड़ रुपये की धनराशि जमा है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय डाक में सुकन्या समृद्धि योजना के 3.8 करोड़ खाते हैं, जिनमें 2.27 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। सुकन्या समृद्धि योजना एक सरकारी बचत योजना है, जो लड़कियों के माता-पिता के लिए बनाई गई है। इसके जरिए वे अपनी बेटी की पढ़ाई और भविष्य के लिए पैसे बचा सकते हैं। ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन में सिंधिया ने बताया कि भारतीय डाक का मेल नेटवर्क तेजी से आधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए डाक को आसानी से और जल्दी छांटने के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी), बारकोड और क्यूआर कोड जैसी प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि डाक सेवाओं की गति और गुणवत्ता बेहतर हो सके। डाकघर बचत बैंक खातों की संख्या लगभग 38 करोड़ है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश में, यह महत्वपूर्ण है। देश भर में ग्रामीण डाक सेवकों द्वारा 22 लाख करोड़ रुपये का प्रबंधन किया जा रहा है।

# रूस से कच्चे तेल का आयात घटा, सऊदी से आपूर्ति बढ़ी




नयी दिल्ली। भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। वहीं, रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है।

रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया। यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है। जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई। वैश्विक जिंस आंकड़े विश्लेषक कंपनी केपलर के मुख्य शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, फरवरी में भारत का रूसी कच्चा तेल आयात लगभग 10-12 लाख बीपीडी रहने का अनुमान है, जिसके मार्च में घटकर करीब 8-10 लाख बीपीडी तक आने की संभावना है। वर्ष 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद भारी छूट पर मिलने के कारण भारत ने रूसी तेल की खरीद बड़े पैमाने पर शुरू की थी, लेकिन अब यह आवक बढ़ने के बजाय स्थिर होती दिख रही है। हालांकि, हम इसे एक अल्पकालिक स्थिरता के रूप में देख रहे हैं, न कि 2025 के मध्य में देखे गए उच्चतम स्तर पर वापसी के रूप में। हमारा अनुमान है कि व्यावसायिक और नीतिगत बाधाओं के कारण, 2024-2025 की तुलना में 2026 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम होकर एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाएगी। वर्तमान आकलन के अनुसार, अमेरिका और भारत के बीच एक व्यावहारिक समझ बनी है जो भारत को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात की अनुमति देती है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती। जैसे-जैसे रूसी तेल की मात्रा कम हो रही है, पश्चिम एशिया खाड़ी देश इस कमी को पूरा कर रहे हैं। रितोलिया ने बताया कि सऊदी अरब से होने वाली आपूर्ति फरवरी में 10 लाख से 11 लाख बीपीडी तक पहुंचने की उम्मीद है।

# मन का विश्वास है मातृभाषा




लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ में राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राकास) की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे ने की। बैठक में स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभी विभागों के हिन्दी में कामकाज की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। मातृभाषा व्यक्ति के मन का विश्वास होती है।

कोई भी बच्चा सबसे पहले अपनी मातृभाषा में बोलता है। अन्य भाषाएं वह बाद में सीखता है। मातृभाषा हमारे जीवन की प्रथम पहचान होती है। हम संसार को सबसे पहले अपनी मातृभाषा के माध्यम से ही समझते हैं। यही भाषा हमारे विचारों को आकार देती है और हमारी संस्कृति से हमें जोड़े रखती है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी में कामकाज करना हमारा संवैधानिक दायित्व है, किंतु व्यवसायिक दृष्टि से देखें तो यह ग्राहकों के साथ विश्वास का सेतु भी है। जब ग्राहक अपनी भाषा में सेवा प्राप्त करता है, तो उसका विश्वास और संतोष दोनों बढ़ते हैं। इस बैठक में अनिल कुमार, महाप्रबंधक, नेटवर्क-1, राजीव कुमार, महाप्रबंधक, नेटवर्क-2 और कौशलेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक, नेटवर्क-3 भी उपस्थित रहे।

पेज एक का शेष

## पाक की

खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसी के जवाब में पाकिस्तान ने खुफिया जानकारी के आधार पर इन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं, अफगानिस्तान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पक्तिका और नंगरहार प्रांतों पर हुए पाकिस्तानी हमलों का माकूल जवाब देंगे। हम चुप नहीं रहेंगे, ऐसा जवाब देंगे कि याद रखा जाएगा। मंत्रालय ने कहा, ्रहमारी सीमाएं और हमारे लोगों की सुरक्षा हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। सही समय आने पर इन हमलों का जवाब दिया जाएगा। अफगानिस्तान ने इन हमलों को अपनी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन बताया है। उसका कहना है कि इन हमलों में आम नागरिकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया। काबुल ने यह भी कहा कि यह पाकिस्तान की अपनी खुफिया और सुरक्षा की नाकामी का सबूत है। अफगानिस्तान ने साफ किया है कि वह सीमा पार से हो रहे उल्लंघनों पर चुप नहीं बैठेगा और अपनी अखंडता की रक्षा करेगा।

## यूपी अब

मुझे ही इनके लोकार्पण का सौभाग्य मिला है। मोदी ने कहा कि कुछ देर पहले मेट्रो में सफर किया, छात्रों और अन्य यात्रियों से बातचीत हुई, सबका यही कहना था कि इतने शानदार काम की कल्पना भी नहीं की थी। सब पुराने दिनों को याद कर रहे थे और बहन-बेटियों ने बताया कि कुछ साल पहले तक शाम होते ही पूरे मार्ग पर सन्नाटा छा जाता था और यहां डर एवं भय का माहौल होता था। मोदी ने व्यवस्था में आए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि एक तरफ कानून-व्यवस्था भी सुधरी है और दूसरी तरफ लोगों को सुविधापूर्ण एवं सुरक्षित यात्रा का माहौल मिला है। नमो भारत रैपिड रेल भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बनी है। कानून-व्यवस्था में सुधार और यात्रा के सुरक्षित होने से अब इस क्षेत्र का कायापलट हो गया है। मोदी ने अधिकतर कार्यों में बेटियों की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी के शासन के दौरान देश भर में केवल पांच शहरों में मेट्रो चालू थी, जबकि भाजपा सरकार में मेट्रो सेवाओं का विस्तार 25 से अधिक शहरों तक हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था जब कांग्रेस सरकार चाहकर भी विकसित देशों के साथ समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाती थी। मोदी ने मेरठ, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के लोगों को देश की पहली नमो भारत रैपिड रेल सेवा और मेरठ मेट्रो के लिए बधाई देते हुए मेरठ से अपने रिश्तों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मेरठ की इस धरती से मेरा एक विशेष नाता रहा है। 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव हुए तो मेरठ से ही मेरी चुनावी सभाओं की शुरुआत हुई। इन दलों ने तो अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अगर किसी एक बात को सर्वोपरि रखा तो वह है देश का विकास। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी और समाजवादी पार्टी उसका सहयोग कर रही थी तब मूलभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाएं घोटाले में ही गुम हो जाया करती थी और मेट्रो रेल तथा उससे जुड़ी अधिकतर प्रौद्योगिकी को विदेश से आयात करना पड़ता था। उन्होंने यह भी कहा कि मगर भाजपा ने घोटाले को खत्म किया और देश को आत्मनिर्भरता के रास्ते पर आगे बढ़ाया। पीएम मोदी ने कहा कि नमो भारत ट्रेन और मेट्रो रेल की विस्तारित सेवा से मेरठ के हजारों लोगों को फायदा होगा जो पढ़ाई या नौकरी के लिए रोजाना दिल्ली आते जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब उनके लिए दिल्ली में किराए के घर में रहने की मजबूरी भी खत्म हो गई है। हाल के वर्षों में भाजपा की सरकार ने जो वैश्विक समझौते किये हैं, उनसे लघु और कुटीर उद्योगों से जुड़े लोगों को भी बहुत फायदा होने वाला है।

पीएम मोदी ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का भी जिक्र किया और कहा कि उनकी सरकार का सौभाग्य है कि उसने सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार चौधरी चरण सिंह के दृष्टिकोण पर चलते हुए किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले पश्चिम उत्तर प्रदेश सांप्रदायिक दंगों, अपराधियों के गिरोहों, खराब सड़कों और पिछड़े पान की वजह से चर्चा में रहता था मगर अब उत्तर प्रदेश को विकास के लिए जाना जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश इस देश का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में किए गए प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि इस पार्टी ने एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की यह हरकत इस बात को जाहिर करती है कि वह वैचारिक रूप से कितनी दिवालिया और दरिद्र हो गयी है। मोदी ने कहा कि जहां एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं देश में कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए, दुनिया के करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए। पूरा देश गर्व से भर गया लेकिन कांग्रेस और इसके तंत्र ने क्या किया? कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछना चाहता हूं कि देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो, तो कपड़े उतारने की जरूरत क्या थी? कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। यह लोग मेरी कब्र खोदना चाहते हैं। मेरी मां को गाली देने से भी इनको कोई परहेज नहीं है। उनका भाजपा से विरोध है, उनका राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से विरोध है। ठीक है, आपकी राजनीति में यही करना जरूरी है तो चलो समझ सकते हैं। हम इसको भी सहन कर लेंगे लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित वैश्विक सम्मेलन भाजपा का कार्यक्रम नहीं था। यह देश का कार्यक्रम था।

## नये और

से दिल्ली व मेरठ जुड़े हैं। मेरठ से दिल्ली पहुंचने में मात्र 45-50 मिनट लगते हैं। आज प्रधानमंत्री जी ने नमो भारत रैपिड रेल व मेरठ मेट्रो का नया उपहार दिया है, जो इस दूरी को और घटा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत के माध्यम से अत्याधुनिक-सुरक्षित तेज सार्वजनिक परिवहन सेवाएं आज भारत की पहचान बन रही हैं।

## योगी सिंगापुर

रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। राज्य में डिजिटल सिंगल विंडो प्रणाली और क्षेत्र विशेष नीतियों सहित निवेशकों के लिए एक व्यापक और पारदर्शी सुविधा ढांचा उपलब्ध है, जो निवेश प्रस्तावों के त्वरित और सुगम क्रियान्वयन को सुनिश्चित करता है। सिंगापुर भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान सिंगापुर से भारत को 14.94 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है। इस पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री की यह यात्रा उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए एक प्रतिस्पर्धी, भरोसेमंद और दीर्घकालिक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के दौरान सिंगापुर के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ उच्चस्तरीय बैठकें करेंगे। इनमें सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगारत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, मानव संसाधन मंत्री तथा ऊर्जा एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी के प्रभारी मंत्री टैन सी लेंग शामिल हैं। इन बैठकों में भारत और सिंगापुर के बीच राष्ट्रीय स्तर पर तय सहयोग ढांचे को उत्तर प्रदेश में व्यावहारिक निवेश और परियोजना आधारित साझेदारी में बदलने पर विचार-विमर्श होगा। इस यात्रा के दौरान प्रमुख संप्रभु और संस्थागत निवेशकों के साथ संवाद भी प्रस्तावित है। इनमें तामसेक और जीआईसी जैसे प्रतिष्ठित निवेशक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, एविएशन सेवाएं, वित्तीय सेवाएं और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों से जुड़े उद्योग प्रतिनिधियों के साथ भी विस्तृत बैठकें होंगी। सिंगापुर आधारित कंपनियां भारत में विशेष रूप से एआई सक्षम डिजिटल कैंपस के क्षेत्र में बहुवर्षीय विस्तार के दौर से गुजर रही हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जेवर के समीप उपलब्ध भूमि पार्सलों को हाइपरस्केल और एआई आधारित डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए संभावित निवेश स्थलों के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के साथ उत्तर प्रदेश सिंगापुर के एविएशन इकोसिस्टम के साथ साझेदारी की संभावनाएं तलाश रहा है। इस क्रम में सिंगापुर में एविएशन और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं का स्थल निरीक्षण भी यात्रा कार्यक्रम का हिस्सा है। मुख्यमंत्री की यात्रा में सिंगापुर के तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा इकोसिस्टम के साथ संवाद शामिल है, जिसमें आईटीई सिंगापुर भी सम्मिलित है। कौशल विकास भारत और सिंगापुर सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना हुआ है। सतत विकास और हरित सप्लाई चेन के क्षेत्र में सिंगापुर की विशेषज्ञता उत्तर प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं और एकीकृत औद्योगिक कॉरिडोर के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## संस्कृत आज

तकनीक, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से प्राचीन ग्रंथों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने गार्गी बालिका संस्कृत छात्रवृत्ति तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रवृत्ति के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केंद्र और ई-संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ किया गया। उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका संस्कृत वार्ता का भी विमोचन हुआ। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा देकर इसे प्रशासनिक और शैक्षणिक स्तर पर सशक्त बनाया गया है। प्रत्येक जनपद में संस्कृत ग्राम विकसित किए जा रहे हैं, जहां दैनिक संवाद में संस्कृत के प्रयोग को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## दिल्ली पुलिस

समय से भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रही है। इसके अलावा, बांग्लादेशी आतंकी संगठनों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

गिरफ्तार संदिग्धों के पास से कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि इन उपकरणों का उपयोग आतंकी संगठनों के समर्थन में संदेश फैलाने और संदिग्ध हैंडलर्स के संपर्क में रहने के लिए किया जा रहा था। दिल्ली पुलिस इन मोबाइल फोन और सिम कार्ड की गहन जांच कर रही है ताकि इनके नेटवर्क, संपर्कों और साजिश के पूरे ताने-बाने का पता लगाया जा सके। दिल्ली पुलिस के अनुसार, इन संदिग्धों द्वारा एक बड़ी आतंकवादी साजिश को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि इन लोगों को आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी समूहों से निर्देश और सहायता मिल रही थी। इनका उद्देश्य भारत में शांति भंग करना और बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाना था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 'तमिलनाडु से मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबात, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल नाम के 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# नयी पीढ़ी के अनुरूप ढाल रहे प्राचीन ज्ञान

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से विश्व के नेता प्रभावित हुए : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह शिखर सम्मेलन एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में, लोगों से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के प्रति सतर्क रहने का भी आग्रह किया और सभी से अपील की कि वे बैंकों द्वारा केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) के अनुरोधों का पालन करें क्योंकि यह किसी व्यक्ति के बैंक खाते की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान देश ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवोन्मेषी और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आए। उन्होंने कहा, आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह समिट निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उन्होंने विश्व के नेताओं को कई चीजें प्रदर्शित कीं, खासकर दो चीजें जिनसे वे बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता



(एआई) जानवरों का इलाज करने में मदद पहुंचा रही है और कैसे 24 घंटे एआई सहायता की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरा भारतीय संस्कृति से संबंधित उत्पाद था। उन्होंने कहा, दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम अपने प्राचीन ग्रंथों को, प्राचीन ज्ञान को, पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं और आज की पीढ़ी के अनुरूप उन्हें ढाल रहे हैं। मोदी ने कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में विश्व के नेता एआई की इन अभूतपूर्व उपलब्धियों से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं।

इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी पेश किए। यह अपने आप में अब तक का सबसे बड़ा एआई समिट रहा है। इस शिखर सम्मेलन को लेकर युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। मैं सभी देशवासियों को इस शिखर सम्मेलन की सफलता की बधाई देता हूं। डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कई वरिष्ठ नागरिक और निर्दोष लोग ऐसे वित्तीय अपराधों का शिकार बन चुके हैं, इसलिए सतर्क और सावधान रहना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, कभी-कभी जब आपको आपके बैंक से केवाईसी अपडेट या पुनः केवाईसी करवाने के संदेश आते हैं तो मन में सवाल उठता है मैं तो पहले ही केवाईसी करा चुका हूं, तो फिर यह क्यों? मेरा आपसे आग्रह है, झुंझलाइए नहीं, ये आपके पैसे की सुरक्षा के लिए ही है। मोदी ने कहा कि भारतीय मूल के कई खिलाड़ी अपने-अपने देशों का नाम रोशन कर रहे हैं और यह बात टी20 विश्व कप में साफ तौर पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, कनाडा की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है।

# एआई सम्मेलन में किया गया प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर सीधा हमला




नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं का आचरण असहमति जताने का वैध तरीका नहीं था, बल्कि यह सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला था, जिसने देश की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने शनिवार को यह टिप्पणी तब की, जब भारत मंडपम में कमीज उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को उनकी अदालत में पेश किया गया। अदालत ने प्रदर्शनकारियों से पूछताछ के लिए पुलिस को उन्हें पांच दिन की हिरासत में रखने की अनुमति दी। मजिस्ट्रेट ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगने संबंधी दिल्ली पुलिस की याचिका को स्वीकार किए जाने के कारणों के बारे में बताते हुए कहा कि आरोपी बिहार, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के दूरदराज के इलाकों से हैं, जिससे उनके फरार होने की अत्यधिक आशंका है। अदालत ने कहा कि प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों से बाहरी साजिश के संबंधों का संकेत मिलने से यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की प्रति भी देखी है। मजिस्ट्रेट रवि द्वारा पारित आदेश के एक अंश में कहा गया है कि विरोध प्रदर्शन ने न केवल आयोजन की शुचिता को खतरे में डाला, बल्कि देश की राजनयिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया। अदालत के आदेश में कहा गया, आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने वैश्विक प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति वाले प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान भारत मंडपम के उच्च सुरक्षा वाले परिसर में घुसने की सुनियोजित साजिश रची।

## संक्षेप

### नेपाल में नगरपालिका में कर्फ्यू अनिश्चितकाल तक

काठमांडू। नेपाल में मधेस प्रांत की गौर नगरपालिका में दो समुदायों के बीच हुई झड़पों के बाद लगाए गए कर्फ्यू की अवधि रविवार को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दी गई।

जिला प्रशासन कार्यालय ने एक नोटिस जारी कर कहा कि पूर्वी मुदबलवा गेट, पश्चिमी लालबकैया बांध, बाम नहर के उत्तर और गौर सीमा शुल्क कार्यालय के दक्षिण में निषेधाज्ञा रविवार सुबह साढ़े आठ बजे से अगले नोटिस तक प्रभावी रहेगी। दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुट के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया था।

बृहस्पतिवार शाम को एक विवाद के बाद दो समुदायों के बीच झड़पें शुरू हुईं, जिसके बाद शुक्रवार और शनिवार सुबह तक जारी रही हिंसा में कम से कम आठ लोग घायल हो गए।

हिंसा की घटना बृहस्पतिवार शाम को गौर नगरपालिका के सपगढ़ा इलाके में उस समय हुई, जब एक समुदाय के सदस्यों ने मस्जिद के सामने संगीत बजाते हुए निकल रही बारात को कथित तौर पर रोक दिया। इसके बाद तनाव बढ़ गया और बाद में हिंसक झड़प शुरू हो गयी।

# प्रौद्योगिकी तब सबसे बेहतर काम करती है जब वह कर्मचारियों को प्रतिस्थापित न करे

एजेंसी

नयी दिल्ली। खुदरा क्षेत्र में मानव संसाधन प्रौद्योगिकी तब सबसे बेहतर काम करती है जब यह केवल उन्नत प्रणालियों पर निर्भर रहने के बजाय अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को स्टोर परिसर को ग्राहक के लिए बेहतर अनुभव वाला बनाने में मददगार होती है। हालिया शोध में यह जानकारी सामने आई है। गोवा प्रबंधन संस्थान (जीआईएम), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), रांची और अमेरिका के कंसास सिटी स्थित मिसौरी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के निष्कर्ष इंटरनेशनल जर्नल ऑफ सोशियोलॉजी एंड सोशल पॉलिसी में प्रकाशित हुए हैं।

अध्ययन में पाया गया कि कंपनियों के संचालन के सामाजिक और तकनीकी संदर्भ को ध्यान में रखते हुए उनके रणनीतिक विकल्प उनकी मानव संसाधन योजना को आकार देते हैं, जो प्रौद्योगिकी संबंधी विकल्पों का आधार बनता है।

# राजग में सीट बंटवारे समझौते पर सहमति बनी : हिमंत

एजेंसी



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच सीट साझा करने पर सहमति बन चुकी है। असम में राजग के घटक दलों में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), असम गण परिषद (एजीपी), यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के मौजूदा विधानसभा में सदस्य हैं। राभा हासोंग जौथा संग्राम समिति (आरएचजेएसएस) और जनशक्ति पार्टी (जेपी) भी राजग का हिस्सा हैं, लेकिन राज्य विधानसभा में उनका कोई सदस्य नहीं है। हिमंत ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हमारे गठबंधन में सहमति बन चुकी है। हम जानते हैं कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगाअ इस बारे में समझौता हो चुका है। गठबंधन बनाने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा, सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद प्रदेश नेतृत्व संभावित उम्मीदवारों की सूची के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेगा। हिमंत ने सात जनवरी को कहा था कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ सीट साझा करने के समझौते को 15 फरवरी तक अंतिम रूप दे सकती है। उन्होंने हालांकि, पिछले साल पांच दिसंबर को कहा था कि समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया 15 जनवरी तक पूरी होने की उम्मीद है। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मार्च-अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है।

# वित्त वर्ष में 500 आरोपपत्र दाखिल करने का लक्ष्य: ईडी

एजेंसी

- जांच एक-दो साल में पूरी करने पर जोर

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चालू वित्त वर्ष में धनशोधन के मामलों में 500 आरोपपत्र दाखिल करने का लक्ष्य रखा है और जांच अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मामला दर्ज होने के बाद, जटिल मामलों को छोड़कर, जांच एक से दो साल के भीतर पूरी की जाए। जांच एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इन उपायों पर पिछले साल 19-21 दिसंबर को असम की राजधानी गुवाहाटी में आयोजित संघीय जांच एजेंसी के क्षेत्रीय अधिकारियों के 34वें त्रैमासिक सम्मेलन (क्यूसीजो) के दौरान चर्चा की गई और इन्हें अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता ईडी निदेशक राहुल नवीन ने की थी। ईडी ने एक बयान में कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इस क्षेत्र के रणनीतिक और परिचालन महत्व को दर्शाता है।

# कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा भाजपा में शामिल

एजेंसी



गुवाहाटी। कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा रविवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। इसके कुछ ही घंटों बाद, भाजपा ने बोरा को प्रदेश कार्यकारी समिति में शामिल किया। भाजपा की असम इकाई के मुख्यालय वाजपेयी भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान बोरा भाजपा के सदस्य बन गए। उनके साथ ही पूर्व कांग्रेस नेता संजू बोरा, राजेश कुमार जोशी, कंगन दास, गगन चंद्र बोरा और विपक्षी दल के कई अन्य कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हो गए। बोरा ने 16 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था, जिसे पार्टी आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया था और वरिष्ठ नेता उनके आवास पर पहुंचे थे। राहुल गांधी ने भी उनसे बात की थी। बोरा ने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए समय मांगा था लेकिन अगले दिन मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा उनके आवास पर गए और घोषणा की कि वह 22 फरवरी को भाजपा में शामिल हो जाएंगे। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मार्च-अप्रैल में चुनाव होना है। बोरा ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, मैंने कांग्रेस से यह सोचकर इस्तीफा नहीं दिया था कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। मैंने यह सोचकर इस्तीफा दिया था कि कांग्रेस में हुई गलतियों के बारे में आत्मनिरीक्षण किया जाएगा और मुझे यह उम्मीद थी कि उन्हें सुधारने का वादा किया जाएगा।

### नेपाल में भूकंप के हल्के झटके महसूस किये

काठमांडू। नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, 4.1 तीव्रता का यह भूकंप सुबह सात बजकर 31 मिनट पर आया और इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रिताक क्षेत्र में स्थित था। संखुवासभा जिला राजधानी काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके पड़ोसी तपलेजुंग और भोजपुर जिलों में भी महसूस किये गये। हालांकि, भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली। लमजुंग जिले के बंसर क्षेत्र के निकट 11 जनवरी को 3.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था।

# रूस ने यूक्रेन पर किये मिसाइल हमले

एजेंसी

- एक व्यक्ति की मौत



कीव। रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसमें कीव क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने रविवार को बताया कि ध्वस्त इमारतों के मलबे से एक बच्चे समेत आठ अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हमले के कारण कीव के उपनगरों के पांच जिलों ओबुखिव, ब्रोवरी, बोरिस्पिल, बुचा और फास्तिव में नुकसान हुआ और वहां आग लग गई। फास्तिव जिले के पुत्रिवका गांव में आपातकालीन राहतकर्मी मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए अभियान चला रहे थे। आपातकालीन सेवा ने बताया कि रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना को भी निशाना बनाया, जिससे भीषण आग लग गई। बाद में आग पर काबू पा लिया गया। लगभग चार वर्ष पहले रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से और पिछले वर्ष अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में नयी पहल के बावजूद यूक्रेनी नागरिक लगातार हवाई हमलों का सामना कर रहे हैं। रूस ने देश के ऊर्जा ग्रिड को निशाना बनाते हुए हमले तेज कर दिए हैं, जिससे भीषण ठंड के बीच यूक्रेन के नागरिकों को बिजली आपूर्ति से वंचित होना पड़ रहा है।

## इंटरटेनमेंट...

# ओ रोमियो ने 9 दिनों में कमाये 53 करोड़




**मुंबई।** शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो ने 9 दिनों में 53 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट आई थी, हालांकि शनिवार को फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिला है। शनिवार को ओ रोमियो ने 3.35 करोड़ का कलेक्शन किया है। शुक्रवार को फिल्म ओ रोमियो ने महज 2.15 करोड़ कमाए थे।

जिसके बाद कलेक्शन में 55.81 प्रतिशत का उछाल आया है औ? फिल्म ने शनिवार को अच्छी रिकवरी की है। रविवार को कलेक्शन में इजाफा होने के अनुमान हैं। फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज हुई थी। इसकी रिलीज के एक हफ्ते बाद मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर फिल्म दो दीवाने सहर में 20 फरवरी को रिलीज हुई।

फिल्म ने ओपनिंग डे में 1.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसके बाद शनिवार को फिल्म ने 1.60 करोड़ कमाए हैं। इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 2.85 करोड़ रुपए हुआ है। इस फिल्म को ओ रोमियो से क्लैश का नुकसान हुआ है। इस फिल्म को 40 करोड़ रुपए के बजट में तैयार किया गया है, हालांकि वीकेंड पर हुई फिल्म की कमाई देखकर इसका बजट निकल पाना भी मुश्किल लग रहा है।

# वेब सीरीज : दिव्या दत्ता की 'चिरैया' का टीजर आउट



**मुंबई।** दिव्या दत्ता की नई वेब सीरीज ह्यचिरैया' का टीजर आ गया है। यह टीजर भारतीय घरों में होने वाले अन्याय पर सवाल उठाता है। इस टीजर की शुरूआत एक शादी के खुशी भरे मंजर से होती है।

- घरों में महिलाओं पर होने वाले अन्याय पर बेस्ड है स्टोरी

एक नई दुल्हन, पूजा, बेहतर जिंदगी की उम्मीद के साथ नया जीवन शुरू करती दिखती है, लेकिन अचानक एक डरावना मोड़ सामने आता है, जिसमें दुल्हन को छत पर उदास और सदमे में दिखाया जाता है। उसके चेहरे पर आंसू हैं और शरीर पर चोट के निशान दिखते हैं। सीरीज की कहानी शादी के जश्न के पीछे एक कड़वी सच्चाई के बारे में है। यह सीरीज सवाल उठाती है कि क्या शादी के बाद अगर पति अपनी पत्नी पर किसी भी तरह का दबाव डाले, तो क्या यह सही है? शादी कोई लाइसेंस नहीं है और हर बार चुप रहना का मतलब हां नहीं होता।

### फिल्म 'जय हनुमान' की हुई शुरुआत

**मुंबई।** फिल्म जय हनुमान की आधिकारिक शुरूआत भव्य मुहूर्त पूजा के साथ हुई। यह कार्यक्रम रविवार को कर्नाटक के कोप्पल जिले के अंजनाद्री बेट्टा में किया गया, जिसे भगवान हनुमान का जन्मस्थान माना जाता है। फिल्म को टी-सीरीज के भूषण कुमार प्रेजेंट कर रहे हैं, इस फिल्म को प्रशांत वर्मा डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें ऋषभ शेट्टी लीड रोल में हैं। बता दें कि यह फिल्म 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म हनुमान का सीक्वल है। फिल्म का प्रोडक्शन मिथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है। पूरे भारत में अपनी मौजूदगी मजबूत करने वाले इस कोलैबोरेशन के तहत मुहूर्त पूजा अंजनाद्री बेट्टा में आयोजित की गई।

# अमिताभ बच्चन को पहला साउथ फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला





**मुंबई।** 70वें साउथ फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का आयोजन शनिवार को केरल के कोच्चि में हुआ। इस दौरान अमिताभ बच्चन को फिल्म कल्कि 2898 एडी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (तेलुगु) का अवॉर्ड दिया गया। यह उनका पहला साउथ फिल्मफेयर अवॉर्ड है। प्रभास स्टारर फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का रोल निभाया था। इस सेरेमनी में तेलुगु, तमिल, मलयालम और

- कल्कि के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर चुने गए प्रभाष स्टारर इस फिल्म में अश्वस्थामा बने

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की बेहतरीन फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। फिल्म पुष्पा 2 ने तेलुगु कैटेगरी में पांच अवॉर्ड जीते, जिनमें बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर (सुकुमार) और बेस्ट एक्टर (अल्लू अर्जुन) शामिल रहे। तमिल कैटेगरी में फिल्म अमरन ने सात अवॉर्ड अपने नाम किए, जिनमें बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर (सिवकार्तिकेयन) और बेस्ट एक्ट्रेस (साई पल्लवी) शामिल हैं। मलयालम सिनेमा से सुपरस्टार ममूटी को ब्रमायुगम के लिए बेस्ट एक्टर चुना गया। लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिवंगत एक्टर-फिल्ममेकर श्रीनिवासन को मरणोपरांत दिया गया। फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून 2024 को रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल करते हुए दुनियाभर में ?1,000 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ (तेलुगु) 2026 में फिल्म ने दो अवॉर्ड्स जीते, बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल) का अवॉर्ड अमिताभ बच्चन ने जीता। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड नितिन जियानी चौधरी को मिला। हालांकि, अमिताभ बच्चन इस सेरेमनी में शामिल नहीं हुए।

अमिताभ बच्चन ने फरवरी 2026 में फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। जल्द ही वह एक और फिल्म में नजर आएंगे। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ का इतिहास फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ टाइम्स ग्रुप की फिल्मफेयर मैगजीन द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की शुरूआत 1954 में हुई थी, शुरूआत में केवल हिंदी फिल्मों के लिए यह सेरेमनी होती थी।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com